ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण कृष्ण पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 06 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 153 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

विद्या ने 'नीयत' में 'नॉट सो क्लासिक ... पेज 12 पर



## मुख्यमंत्री ने 206 एंबुलेंस का किया लोकार्पण, कहा

# पंचायतों में खुलेगी फार्मेसी की दुकान

### 38 दन्त चिकित्सकों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे

### रांची में खुलेगा भव्य मेडिकल कॉलेज, मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से रांची में रिम्स कार्यरत है उसे ध्यान में रखते हुए एक और नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना रांची में की जाएगी, जहां विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। चिकित्सकों की संख्या में भी इजाफा होना बहुत जरूरी है। जब तक इनकी संख्या नहीं बढ़ेगी, तब तक स्वास्थ्य सुविधा को लेकर निश्चिंत हो जाना सही नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को आईपीएच प्रेक्षागृह नामकुम में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से आयोजित 206 एंबुलेंस का लोकार्पण एवं 38 नव नियुक्त दन्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रमों का लोकार्पण एवं उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बेहतर समन्वय बनाकर राज्य सरकार को जिम्मेवारी देनी चाहिए। क्योंकि, झारखंड की भौगोलिक संरचना को देखते हुए यहां कि जरूरतों का बेहतर आकलन कर राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को वास्तविक दिशा दे सकेगी। राज्य सरकार तय करेगी कि कहां मेडिकल कॉलेज होना चाहिए और कहां नहीं, कैसे उसका संचालन होना चाहिए लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची में जैसा सुविधा को लेकर दबाव बढ़ रहा है। इसके लिए विभिन्न संस्थानों के माध्यम से कार्य तो हो ही रहा है लेकिन सरकार इस भरोसे के साथ नहीं चल रही है।

### महिला कर्मियों को मिलेगा मातृत्व अवकाश

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने बुधवार को संविदा के आधार पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश की अनुमन्यता प्रदान करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है। अब संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव वैसी महिला कर्मी पर लागू होगा जो पिछले 12 महीनों में 80 दिन तक संविदा पर कार्य कर चुकी हों, उन्हें 180 दिन का मातृत्व अवकाश अनुमान्य होगा। यह अवकाश दो जीवित संतान के उपरांत हुए प्रसव पर अनुज्ञेय नहीं होगा। मातृत्व अवकाश के लिए संविदा राशि छुट्टी पर जाने से पहले मिले अंतिम संविदा राशि के बराबर होगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश का लाभ देने का प्रावधान नहीं था। मामला जब मुख्यमंत्री के संज्ञान में आया तो उन्होंने संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने की स्वीकृति प्रदान की है।

# दिव्यांग असुंता टोप्पो ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

## रजिस्ट्रेशन के लिए चाहिए 66 हजार, आर्थिक तंगी से मलेशिया जाने पर लगा ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता भारत-नेपाल में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाली दिव्यांग असुंता टोप्पो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण 27 से 31 जुलाई तक मलेशिया में होने वाले पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में चयन के बाद भी जाने में असमर्थ है। उसने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव से मदद की गुहार लगाई है। असुंता टोप्पो ने कहा कि उसका चयन मलेशिया में हो रहे पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता खेलने के लिए हुआ है लेकिन रजिस्ट्रेशन कराने में 66 हजार रुपये का खर्च आ रहा है। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होने के कारण वह रजिस्ट्रेशन कराने में असमर्थ है। असुंता बताती है कि रजिस्ट्रेशन चार्ज देखने के बाद उसने अपनी खेल के प्रति जुनून को अपने अंदर ही दबा दिया। उसने बताया कि सरकार की ओर से खेलने के लिए फंड नहीं मिलता है। जितने भी खिलाड़ी खेलने जाते हैं, उन्हें अपना पैसा खर्च करना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि असुंता टोप्पो एक पैर से विकलांग है। माता-पिता की मौत के बाद उसे काफी आर्थिक तंगी भी झेलनी पड़ रही है। विकलांग पेंशन में मिलने वाले 1000 रुपये एवं बड़ी बहनों के आर्थिक सहयोग के सहारे ही असुंता ने पीजी तक की पढ़ाई पूरी की। असुंता को खेल के प्रति जुनून बचपन से ही था। हर बाधा को पार करते हुए उसने काबिलियत और मेहनत के बलबूते पैरा थ्रो बॉल इंडिया टीम में जगह बनाई। इसके बाद 19 से 21 फरवरी को हुए भारत- नेपाल प्रतियोगिता में उसका चयन हुआ।

नेपाल खेलने जाने के लिए असुंता ने कई सरकारी दरवाजे खटखटाए लेकिन कहीं से मदद की कोई उम्मीद नजर नहीं आई। इसके बाद असुंता ने दोस्तों व रिश्तेदारों से मदद लेकर भारत के लिए खेलने नेपाल गई और देश के लिए गोल्ड मेडल जीतकर लौटी।

# झारखंड में सात-आठ को भारी बारिश की चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में सात जुलाई से मानसून पूरी तरह फैल जायेगा। दक्षिणी झारखंड में सात और आठ जुलाई को भारी वर्षा की संभावना है। इस दौरान रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में काले बादल छाए रहेंगे। कई जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है। झारखंड में अभी भी मानसून की कमी है। जून महीने में बारिश की कमी दर्ज की गयी है। झारखंड में अब तक 39 फीसदी बारिश कम हुई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में एक जून से लेकर चार जुलाई तक 137.7 मिमी बारिश हुई है, जो कि सामान्य बारिश 226.3 मिमी के मुकाबले 39 फीसदी कम है। रांची मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि बारिश होने की वजह से राज्य के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट आयी है। राज्य के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश देवघर के घोरमाड़ा में दर्ज की गयी है, जहां 85.2 मिमी हुई। इसके अलावा सिमडेगा, दुमका, लातेहार, पाकुड़, हजारीबाग, गोड्डा सहित कई जिलों में बारिश दर्ज की गयी है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को बारिश के दौरान आसमान से बिजली कहर बनकर गिरी। इसमें राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 10 लोगों की मौत हो गई। कई मवेशी भी मारे गए।

# तबरेज हत्याकांड में 10 दोषियों को 10-10 साल की सजा



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

जिले के चर्चित तबरेज अंसारी हत्याकांड में चार साल बाद बुधवार को फैसला सुनाते हुए एडीजे वन अमित शेखर की अदालत ने सभी दस आरोपियों को धारा 304 के पार्ट- 1, 325, 341, 323, 295 ए एवं 147 के तहत दोषी पाते हुए दस-दस साल की सजा और 15 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। पीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट ने धारा 325 (तीन साल की सजा और पांच हजार जुर्माना), 341 (एक साल सजा और तीन सौ जुमार्ना, 323 (नौ महीने सजा और 8 सौ रुपये जुमार्ना), 295 ए (एक साल सजा और एक हजार जुर्माना) और 147 (एक साल सजा और एक हजार रुपये का जुर्माना) लगाया है। सभी सजाएं साथ- साथ चलेंगी। सजा सुनाते हुए एडीजे-एक अमित शेखर ने बताया कि सारे साक्ष्यों एवं तकनीकी साक्ष्यों पर गहनता से अध्ययन करते हुए पाया गया कि मृतक के साथ मारपीट गई है लेकिन मारपीट से मौत होने का प्रमाण नहीं मिला है। इससे पूर्व विगत 27 जून को सुनवाई करते हुए दो आरोपियों सत्यनारायण नायक और सुमंत प्रधान को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया था। इसके बाद सजा के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रखा गया था। इधर, तबरेज की पत्नी शाइस्ता परवीन ने कहा कि इस फैसले से वह नाखुश है और ऊपरी अदालत में इसे चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए थी। बचाव पक्ष के वकील एससी हाजरा ने बताया कि पूरे मामले को गलत ढंग से पेश किया गया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 जुलाई को

**रांची।** राज्य मंत्री परिषद की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 11 जुलाई को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय निगरानी विभाग ने सभी विभागों को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में शुरू होने वाली इस बैठक के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने का निर्देश दिया है।

### हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने नंदकिशोर लोहरा की हत्या के चार दोषियों फुलमनी देवी, घाना लोहरा, नाथन लोहरा और सुखराम लोहरा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि मृतक के परिजनों को दी जाएगी। फुलमनी देवी, घाना लोहरा, नाथन लोहरा और सुखराम लोहरा के खिलाफ मृतक की पत्नी शिवानी देवी के बयान पर सोनाहातू थाना में कांड संख्या 45/2018 दर्ज की गई थी। मामले में अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किये गये थे।

### मनरेगा घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अदालत में बुधवार को चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका। खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि इससे संबंधित मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी ) में जो प्राथमिकी दर्ज की गई थी उसकी वर्तमान में जांच की क्या स्थिति है। कोर्ट ने संदर्भ में राज्य सरकार से जवाब मांगा था।

# सर्वोच्च न्यायालय में आर्टिकल 370 पर अगस्त से होगी लगातार सुनवाई



**आरएनएम। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय आर्टिकल 370 पर 11 जुलाई से सुनवाई नहीं करके, अगस्त माह में लगातार सुनवाई करेगी। यह बात सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस बीआर गवई ने एक मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से बताई। मालूम हो कि आर्टिकल 370 के मार्फत जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा दिया गया ,लेकिन केंद्र सरकार ने 2019 में इसे खत्म कर दिया। तीस्ता सीतलवाड़ की बेल के मामले में सर्वोच्च न्यायालय में मौजूद कपिल सिब्बल ने जस्टिस गवई से कहा कि इस मामले की सुनवाई अगस्त माह में की जा सकती है। जस्टिस गवई बोले कि नहीं अगस्त में तो आर्टिकल 370 का केस लगेगा। सिब्बल ने कहा कि उस केस की सुनवाई तो 11 जुलाई से होनी है। जस्टिस गवई का कहना था कि हमने एक तारीख तय कर दी है, क्योंकि किसी भी केस की सुनवाई से पहले तमाम दस्तावेज जुटाने होते हैं। एक नोडल वकील नियुक्त किया जाता है जिसका काम होता कि दोनों पक्षों से संपर्क साधकर केस से जुड़ी सारी तैयारी पूरी करा ले।जस्टिस गवई का कहना था कि 11 जुलाई की तारीख केवल दिशा निदेर्शों के लिए दी गई थी, जिससे केस से जुड़ी सारी तैयारी पूरी हो जाए। वैसे हम इस केस को अगस्त माह में सुनवाई के लिए लेंगे। आर्टिकल 370 को चुनौती देने वाली याचिकाएं कई सारी हैं, इस वजह से ऐसा किया गया।मालूम हो कि लगभग चार साल बाद सर्वोच्च न्यायालय आर्टिकल 370 को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई करने पर सहमत हुआ है। आखिरी बार इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने 2 मार्च 2020 को विचार किया था। तब एक संवैधानिक बेंच ने फैसला दिया था कि इस मसले को 7 जजों की बेंच के पास भेजने की जरूरत उनको नहीं लगती। फिलहाल जो बेंच सुनवाई करने जा रही है उसकी अगुवाई सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ करेंगे। बेंच के अन्य जज हैं - जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस संजीव खन्ना व जस्टिस सूर्यकांत।

### पूजा सिंघल के पति को एससी से राहत



**रांची।** भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में निलंबित और जेल में बंद आईएएस अफसर पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। अभिषेक झा कारोबारी हैं और ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ भी चार्जशीट दायर कर रखी है। ईडी ने उनके सीए रहे सुमन कुमार के आवास से लगभग 18 करोड़ नगद बरामद किए थे। गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए अभिषेक झा ने पहले हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। लेकिन, यहां से उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका की सुनवाई के दौरान कहा था कि उन पर लगे आरोप गंभीर हैं। अभिषेक झा ने अपनी बीमार बेटी की देखभाल का हवाला देते हुए राहत की गुहार लगाई थी।

## 19 बैंक खातों के जरिए ईडी ने जुटाए मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य

# पंकज मिश्रा के करीबी कृष्णा साहा को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन केस में ईडी ने पंकज मिश्रा के करीबी माइंस कारोबारी कृष्णा कुमार साहा से बुधवार को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। साहा बुधवार की सुबह नौ बजे ही ईडी कार्यालय पहुंच गए थे। तकरीबन दस बजे से ईडी के अधिकारियों ने साहा से अवैध खनन व इससे जुड़ी राशि की मनी लाउंड्रिंग के पहलूओं पर सवाल पूछे। जानकारी के मुताबिक, कृष्णा साहा के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग के पुख्ता साक्ष्य मिले हैं। बीते साल 8 जुलाई को ईडी ने कृष्णा साहा के बरहरवा स्थित घर पर छापेमारी की थी। इसके बाद 17 जुलाई 2022 को कृष्णा साहा के एचडीएफसी, एसबीआई, एक्सिस बैंक, इंडियान ओवरसीज बैंक, बैंक आफ बडौदा, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के खातों की पड़ताल की गई थी। ईडी ने बाद में एसबीआई के छह, एक्सिस बैंक के 11 व बैंक आफ बड़ौदा के दो खातों को सील किया था।

### कैसे मिले मनी लाउंड्रिग के साक्ष्य

ईडी ने जिन 19 खातों को सील किया था। ये खाते कृष्णा कुमार साहा, कृष्णा कुमार साहा ग्लोरी प्राइवेट लिमिटेड व अन्य कंपनियों के नाम पर थे। ईडी ने कृष्णा कुमार के यहां जब छापेमारी की थी, तब माइंस की जमीन का लीज एग्रीमेट व पावर आफ अटार्नी, सिदो कान्हू ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, एके माइंस एंड क्वेरी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े दस्तावेज मिले थे। जांच के क्रम में ईडी को 1 अप्रैल 2021- 7 जुलाई 2022 तक का सिदो कान्हू ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के इनवायस व रेलवे की रिसिप्ट मिली थी। माइंस की सेल्स डिटेल्स, सिदो कान्हू कंपनी की बालू चालान भी ईडी ने जब्त किए थे। इन सारे कागजातों की स्क्रूटनी व खातों की जांच के बाद मनी लाउंड़िंग के साक्ष्य कृष्णा कुमार साहा के खिलाफ मिले थे।

### दुबारा कैसे ईडी की रडार पर आया साहा

कृष्णा कुमार साहा के खिलाफ ईडी को पुख्ता साक्ष्य मिले थे। लेकिन साहिबगंज में साहा के द्वारा अवैध खनन की गतिविधियां जारी रखी गईं थी। बीते सप्ताह कृष्णा कुमार साहा के पतना अंचल क्षेत्र के चपांडे पहाड़ पर अवैध खनन साइट पर दुर्घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई थी। इस मामले में साहिबगंज के रांगा थाना में एफआईआर दर्ज करायी गई थी। ईडी ने इस केस में भी नया ईसीआईआर दर्ज करने का फैसला लिया है। अवैध खनन बंद नहीं होने की वजह से हादसे की जानकारी ईडी को मिली थी।

## केंद्र मानसून सत्र में पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल कर सकता है पेश

# डेटा की सुरक्षा होगी कंपनियों की जिम्मेदारी




**आरएनएम। नई दिल्ली**

भारत सरकार इस मानसून सत्र में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल पेश कर सकती है। बताया जा रहा है कि केंद्र द्वारा एक अहम कैबिनेट बैठक में इस बिल को मंजूरी दे दी गई है, अब इसे कानून बनाने के लिए संसद में पेश किया जाएगा। लोगों का पर्सनल डेटा किस तरह से सुरक्षित किया जाए, ये बिल उस लिहाज से काफी अहम बताया जा रहा है।

डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल ग्राहक और कंपनियों दोनों के लिए बनाया गया है। इस बिल का एक पहलू अगर डिजिटल नागरिकों पर केंद्रित है ,तो दूसरा उन बिजनेस कंपनियों को कवर करता है जिन्हें आम लोगों के डेटा की जरूरत पड़ती है। उसी बात को ध्यान में रखते हुए इस बिल के 6 अहम सिद्धांत रखे गए हैं-

**पहला सिद्धांत :** लोगों का पर्सनल डेटा किस तरह से इकट्ठा किया जा रहा है। जोर देकर कहा गया है कि कोई भी कंपनी अगर लोगों के पर्सनल डेटा को इकट्ठा करती है, तो उसमें पूरी तरह कानून का पालन होना चाहिए। इसके ऊपर हर कीमत पर वो डेटा सुरक्षित रहे, इसकी जिम्मेदारी भी कंपनी को लेनी होगी।

**दूसरा सिद्धांत :** अगर लोगों का पर्सनल डेटा इकट्ठा किया जा रहा है, तो इसकी एक ठोस वजह होना जरूरी है। वहीं डेटा सिर्फ तब तक स्टोर कर रखा जाए जब तक उसकी जरूरत है।

**तीसरा सिद्धांत :** सिर्फ वहीं डेटा लोगों का इकट्ठा किया जाए, जिसकी जरूरत है। हर डेटा लेना, उसे अपने पास स्टोर कर रखना गलत है।

**चौथा सिद्धांत :** अगर किसी स्थिति लोगों का डेटा चोरी होता है, या फिर उसका गलत इस्तेमाल होता है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। वहीं उस स्थिति में डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड को समय रहते उस ब्रीच की जानकारी देना भी जरूरी है।

इस बिल का एक अहम पहलू ये भी है कि अगर किसी तरह का डेटा ब्रीच होता भी है तो उस कंपनी या फिर आरोपी शख्स पर 500 करोड़ तक का जुमार्ना लग सकता है। इस बात पर भी जोर दिया गया है कि अगर किसी का पर्सनल डेटा लिया भी जा रहा है तो उस स्थिति में उसकी रजामंदी लेना जरूरी है।

### पहले भी पेश किया गया था बिल

**जानकारी** के लिए बता दें कि पिछले साल नवंबर में ही सरकार ने इस बिल का एक ड्राफ्ट पेश किया था। वो ड्राफ्ट भी एक पिछले बिल को बदलकर लाया गया था। असल में इससे पहले भी सरकार ने डेटा सुरक्षा को लेकर बिल लाने की कोशिश की थी। लेकिन उसमें विपक्ष ने क्योंकि 88 संशोधन बता दिया, ऐसे में एक नया बिल लाने की तैयारी की गई। अब ये बिल इस मॉनसून सत्र में पेश किया जा सकता है।

# जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट की गोली मारकर हत्या



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के गैलेक्सिया मॉल के सामने स्थित काली मंदिर के पीछे वाली गली में बुधवार की शाम बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान संजय कुमार के रूप में की गई है। संजय जमीन कारोबारी कमल भूषण का अकाउंटेंट था और उससे जुड़े काम देखता था। उल्लेखनीय है कि मई 2022 में जमीन कारोबारी कमल भूषण की भी इसी गली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कमल भूषण की हत्या तब की गई थी जब वह अपनी कार से उतर रहे थे। बताया जा रहा है की उसकी हत्या के बाद संजय कुमार ही अकाउंट्स से जुड़े काम को देख रहा था। काली मंदिर के पीछे स्थित गली से वह अपने घर जा रहा था तभी बाइक पर सवार होकर आए अपराधियों ने संजय कुमार की गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की पहचान कर ली गई है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# छद्म धर्मनिरपेक्ष लोग उठा रहे समान नागरिक संहित पर सवाल : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने समान नागरिक संहिता लागू करने के पक्ष में अपनी राय रखी है। बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को कहा कि छद्म धर्मनिरपेक्ष लोग समान नागरिक संहिता पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे लोग भारतीय संविधान व बाबा भीमराव आंबेडकर पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में स्पष्ट रुप से कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बाबा भीमराव आंबेडकर ने इन सिद्धांतों को भारतीय संविधान की विशेषताओं के तौर पर वर्णित किया था। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में झामुमो का सफाया तय है। कांग्रेस वैसे ही लंगड़ी पार्टी बन गई है। बेहिसाब पैसा बनाने वाले, प्राकृतिक संपदा एवं गरीब आदिवासियों को लूटकर अपना घर भरने वाले, दलाल - बिचौलियों को सरकार की चाभी सौंपने वाले और झारखंड में लूटतंत्र स्थापित करने वालों में खलबली मची है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो सरकार के दौरान छात्र-नौजवान बेरोजगारी के कारण हताश हैं, उनकी कोई सुनने वाला नहीं। झामुमो से जुड़े लोग बालू, कोयला, पत्थर, शराब आदि जैसे अवैध धंधों के जरिए दोनो हाथों से लूट रहे हैं। कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के कारण व्यापारी और महिलाओं में असुरक्षा का भाव है। हर रोज रेप, हत्या, रंगदारी की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के आसपास के लोग एक के बाद एक भ्रष्टाचार के आरोपों में फंस चुके हैं। झारखण्ड की गरीब जनता की सरकारी दफ्तरों में काम कराने के बदले अनाप-शनाप पैसे मांगे जा रहे हैं। कहीं कोई विकास का काम नहीं हो रहा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सिर्फ झारखंडियों को आपस में लड़ाओ, समाज में तनाव पैदा करो और अपने परिवार का राज कायम रखो की नीति पर झामुमो काम कर रहा है।

## भाजपा सिल्ली मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया

**सिल्ली।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी जी को झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष बनाए जाने पर सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू एवं मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया ।इसी क्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 9 साल बेमिसाल के तहत मोदी जी के 9 वर्षों के कार्यों को लेकर शक्ति केंद्र मुरी पूर्वी छोटामुरी बाजार में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्रत्येक घर जाकर मोदी जी के विकासशील कार्यों तथा लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया गया और पर्ची दिया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू, उपाध्याय सृष्टिधर महतो, संयोजक राजेंद्र प्रसाद साई, सहसंयोजक प्रमोद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र बड़ाईक, मंत्री राजेश राय, पूरन चंद्र महतो, एवं भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक सीपी सिंह ने कुमार चाय का किया उद्घाटन

# किसी भी व्यवसाय में ग्राहकों के प्रति ईमानदारी बहुत जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विधायक सीपी सिंह ने बुधवार को डंगरा टोली चौक स्थित कुमार चाय का उद्घाटन बुधवार को किया। चाय की यह दुकान युवा व्यवसायी विशाल कुमार ने शुरू की है। रांची के यंगस्टर अंक ज्योतिष अभिषेक पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार व कर पूजा-अर्चना कर दुकान का उद्घाटन करवाया। मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि किसी भी धंधा या व्यवसाय में ग्राहकों के प्रति ईमानदारी जरूरी है। ग्राहकों की संतुष्टि ही व्यवसाय का आधार है। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है, आज एक ठेला वाला भी कई को रोजगार दे सकता है। सभी की शुरूआत एक छोटे से व्यापार से ही होती है तब आगे जाकर वह अंबानी-अडाणी बन पाता है। वहीं, मौके पर कुमार चाय के निदेशक विशाल कुमार ने कहा कि वे इस बात का ध्यान रखेंगे कि ग्राहकों को पूरी तरह से संतुष्ट किया जा सके। ग्राहकों को उत्तम चाय पिलाना व उन्हें संतुष्ट करना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होने कहा कि शॉप में हर वेरायटी की चाय उपलब्ध है। चाय की कीमत 10 रुपये से शुरू होती है। चाय के साथ खाने के लिए भी विभिन्न आइटम उपलब्ध हैं। कुकीज और ब्रेड खास तौर पर रखा गया है। चाय के शौकीन इसका भी लुत्फ उठा सकते हैं। मौके पर शुभम सिंह, तृष्णा आनंद, नेहा सिंह, गीता सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## कोचे मुंडा ने किसानों के बीच धान और मड़ुआ बीज का किया वितरण

**खूंटी।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को डोड़मा में एनएफएसएम के तहत किसानों के बीच धान और मड़ुआ बीज का वितरण किया। साथ ही स्वयंसेवी संस्था प्रदान द्वारा आयोजित तोरपा महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारिता समिति के कृषि जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ विभिन्न गांवों में उन्नत खेती की तकनीक और वैज्ञानिक तरीके से कृषि के बारे में किसानों को जागरूक करेगा। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस वर्ष को मिलेट्स वर्ष षोषित किया है। उन्होंने कहा कि पहले मड़ुआ, गोड़ा धान, कोदो जैसे मोटे अनाज को गरीबों का भोजन कहा जाता था लेकिन अब पूरी दुनिया के वैज्ञानिक मान रहे हैं कि जीवन के लिए मोटे अनाजों का काफी महत्व है। यही कारण है कि हमारे पूर्वज मोटे अनाज की खेती करते थे। विधायक ने कहा कि किसान पारंपरिक तरीकों को छोड़कर वैज्ञानिक पद्धति से खेती करें और स्वावलंबी बनें।

# कांवरियों का दूसरा जत्था देवघर के लिए हुआ रवाना



**नवीन मेल संवाददात्ता। बेड़ो**
महादानी कांवरिया संघ बेड़ो के बैनर तले बुधवार को 31 सदस्यीय महिला व बच्चों के कांवरियों का दूसरा जत्था बाबाधाम देवघर व तारा पीठ के लिए रवाना हो गया। इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा अर्चना व आराधना कर उनके दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। लोगों ने अपने घर परिवार के शांति की दुआ मांगी। राज्य में भी सुख शांति कायम हो और हर वर्ग के लोग सामाजिक सौहार्द के साथ रहें। इस दौरान कांवरियों के ॐ नमः शिवाय, हर हर महादेव व महादानी बाबा के जयघोषों से मंदिर का परिसर आह्लादित व गुंजित रहा। जत्थे का नेतृत्व कर रहे गंदुर गोप ने बताया कि उनका दल सुल्तान गंज से जल लेकर पहले देवघर स्थित बाबाधाम के शिवलिंग पर जलाभिषेक करंगे। इसके बाद बासुकीनाथ का जलाभिषेक के बाद तारा पीठ मंदिर के लिए रवाना हो जाएगा। वहीं कांवरिया के जत्थे में शोभा देवी, बालो देवी, मानती देवी, सुदामा गोप, प्रभा देवी, शिवचंद गोप, सुनीता देवी, मनमोहन गोप,सुमन देवी, दिव्यांशु गोप, शती देवी, चंद्रावती देवी, रामचरण गोप, बॉबी देवी,सुभम गोप,केशो गोप, सूरज गोप,राहुल गोप, रीना देवी, लक्ष्मी कुमारी, सिद्धि कुमारी,राधा कुमारी, योगनाथ गोप, महावीर गोप,जानकी देवी आदि शामिल हैं।

## ऑटो व बाइक की आमने सामने की टक्कर में दो घायल, दोनों रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर ब्लॉक क्वाटर के समीप बुधवार की अपराह्न लगभग चार बजे सवारी ऑटो व बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में 18 वर्षीय बादल उरांव पिता बिरसा उरांव व 18 वर्षीय अजय मुंडा पिता विष्णु मुंडा दोनों ईंटा चिन्द्री निवासी है। जिन्हें स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया ।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों युवक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल बादल ने बताया कि आधार कार्ड सुधार कर अपने घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान सामने की और से आ रही तेज रफ्तार ऑटो ने सीधे टक्कर मार दिया जिससे हम दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–शांति देवी, उम्र–30 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट पहनावा–साड़ी लाल ब्लाउज पहनी हुई है

उपरोक्त लापता महिला शांति देवी, पति–सुधीर महतो, सा0–बीरगॉव, थाना–तमाड़ जिला–रॉंची जो दिनांक–20.05.2023 को बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में तमाड़ थाना सनहा सं0 10/23 दिनांक–31.05.2023 दर्ज कर इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बुण्डु, रॉंची। – 9431706144
थाना प्रभारी, तमाड़, रॉंची। – 9431706193

वरीय पुलिस अधीक्षक
रॉंची

PR 301434 Police (23-24)_D


## डायन बिसाही के खिलाफ पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
डायन बिसाही और भूत प्रेत के प्रति अंधविश्वास को दूर करने के लिए रातू पुलिस ने बुधवार की शाम सिमलिया नया टोली के ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इस क्रम में थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने डायन बिसाही और भूत प्रेत को अंधविश्वास बताते हुए कहा कि विज्ञान इतना आगे बढ़ जाने के बावजूद लोग आज भी डायन बिसाही और भूत प्रेत को मानते हैं। उन्होंने कहा कि ओझा गुणी के चक्कर में न पड़े। डायन बिसाही व भूत प्रेत का आरोप लगाकर किसी को प्रताड़ित करना अपराध है। भूत प्रेत की शंका मन का भ्रम है उन्होंने इस कुप्रथा के उन्मूलन के लिए पुलिस के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पुलिस के अलावा सिमलिया मुखिया फुलमनी कुमारी, बसंती देवी,उषा देवी,बेबी देवी, अमरजीत उरांव,शिवा उरांव व सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# भाजपा सरकार को 2024 में उखाड़ फेंकेंगे : सुबोधकांत सहाय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बुधवार को रांची जिला कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार नगड़ी प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी द्वारा आहुत प्रखण्ड कांग्रेस जन सम्मेलन का आयोजन लालगुटुवा के रॉयल बैंक्वेट हाल में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सहावीर लोहरा ने किया एवं संचालन जिला सचिव फिरोज अंसारी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय कहा सम्मेलन में कांग्रेस कार्यकताओं का जोश देकर उन्हें अपनी पुरानी याद ताजा हो गई। वे 1978 से ही नगड़ी से जुड़े थे। आज जो लड़ाई राहुल गांधी ने नफरत की राजनीति के विरुद्ध भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत कन्याकुमारी से शुरू कर कश्मीर तक की लम्बी यात्रा की। इस विचारधारा को पंचायत और बूथ तक पहुंचाने की जरूरत है। हम निश्चित रूप से 2024 में इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे, जिसकी शुरूआत कर्नाटक से हो चुकी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए रांची जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने कहा भाजपा ने देश की जनता के साथ विश्वासघात करते हुए महंगाई,बेरोजगारी का दंश झेलने को मजबूर कर दिया है। केन्द्र सरकार की जो फुट डालो- राज करो की नीति और नफरत की राजनीति है उसको हम तभी उखाड़ फेंक पायेंगे जब हम बूथ स्तर पर एक- एक कार्यकर्ता कमर कस कर लोगों को जागरूक करेंगे। जनता को कांग्रेस की विचारधारा से अवगत करने की आवश्यकता है। जन- जन को केंद्र की जूमला सरकार के वादा खिलाफी एवं नाकामी से अवगत कराना है। इस हेतु हमें पंचायत एवं बूथ स्तर पर धारदार संगठन बनाना है और कार्यकताओं को जनसरोकार से जुड़ कर चलने की आवश्यकता है। सम्मेलन को प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव और प्रदेश सचिव बेलस तिरकी ने संबोधित करते हुए कहा अब समय आ गया है कि हम सब एक होकर भाजपा को केंद्र की सरकार से बेदखल करें।

**निर्देश** सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचे

# कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें दुकानदार : बीडीओ




**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित परिवारों के बीच वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम छमाही में सरकार से प्राप्त धोती साड़ी लुंगी वितरण करने के लिए उपलब्ध कराया गया। लापुंग प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने विनोद नारायण झा ने संयुक्त रूप से जिला से प्राप्त धोती साड़ी लुंगी का वितरण जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के बीच किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लाभुकों तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें। वहीं प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि सरकार गरीबों के प्रति अपनी जिम्मेदारी तथा अपनी प्रतिबद्धता दिखा रही है। हमें भी गरीब आदिवासी, दलित एवं पिछड़े वर्ग का ख्याल रखना चाहिए। वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विनोद नारायण झा ने कहा कि सरकार गरीबों की मूलभूत आवश्यकता जिसमें साड़ी धोती और लूंगी शामिल है उन्हें लाभुकों तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना और सरकार की दूसरी अन्य योजनाओं को भी शत प्रतिशत लागू करने के लिए हम सभी को संकल्प लेने की जरूरत है। इस मौके पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार जयंत बारला, मो. सईद मियां, सीता देवी, महावीर साहु सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## रातू में एक नंबर की दो कार पुलिस ने कार जब्त कर युवक को किया गिरफ्तार

**रातू।** थाना क्षेत्र में एक नंबर की दो कार होने की सूचना पर रातू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये एक युवक को सफेद रंग की वरना कार जेएच01एपी-9000 समेत दबोच लिया। कार के आगे बोर्ड में विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल खलारी सह प्रखंड मंत्री लिखा हुआ है। युवक खलारी थाना क्षेत्र के जेहलीटांड का रहने वाला राजू राम के पुत्र बिक्की राम है। वही इसी नंबर की सफेद रंग की वरना कार नगड़ी थाना क्षेत्र के नयासराय मठ टोली के रहने वाले शराफत अंसारी पिता सखावत अंसारी के नाम पर भी है ।हुंडई कंपन्नी के बरना कार के एक रजिस्ट्रेशन नंबर पर दो कार मिलने पर पुलिस द्वारा छानबीन की गई, जिसमें पाया गया कि नया सराय के रहने वाला शराफत अंसारी कार का असली मालिक है।

उसी नंबर की दूसरी कार फर्जी है, जिसे बिक्की राम इस्तेमाल करता था। फर्जी नंबर के पीछे होने वाली रैकेट का पुलिस पता कर रही है।


## झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
### जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा

**पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रम को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृशकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा लक्ष्य के प्राप्ति हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 20/07/2023 एवं भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 31/07/2023 अपराह्न 04.00 बजे तक संबंधित पंचायत के ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा की छाया प्रति के साथ संलग्न कर संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास जमा करेंगे, प्रखण्ड स्तरीय समिति द्वारा चयन एवं अनुशंसा उपरान्त जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा को दिनांक 10/08/2023 के अपराह्न 04.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | योजना का नाम | अहर्ता | अनुदान प्रतिशत | लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1.0 | दो दुधारू गाय /भैंस की योजना | | | |
| 1. | 02 दुधारू गाय/भैस वितरण की योजना | आपदा/अगलगी/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/ परित्यक्त/दिव्यांग ग्रामीण महिलाओं के लिए | 90 प्रतिशत | 70 |
| | | सभी महिला लाभुक के लिए | 75 प्रतिशत | 175 |
| 2.0 | कामधेनु डेयरी फार्मिंग अन्तर्गत 05/10 गाय/भैस की योजना | | | |
| 1. | 05 दुधारू गाय/भैस वितरण की योजना | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 75 प्रतिशत | 20 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 50 प्रतिशत | 60 |
| 2. | 10 दुधारू गाय/भैस वितरण की योजना | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 75 प्रतिशत | 15 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 50 प्रतिशत | 15 |
| 3.0 | पशु आहार एवं चारा विकास योजना | | | |
| 1. | हस्त चालित चैफ कटर | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 90 प्रतिशत | 115 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 75 प्रतिशत | 120 |
| 2. | विद्युत चालित चैफ कटर | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 90 प्रतिशत | 12 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 75 प्रतिशत | 12 |
| 4.0 | प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना | | | |
| 1. | मिल्किंग मशीन | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 90 प्रतिशत | 25 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 75 प्रतिशत | 30 |
| 2 | पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 90 प्रतिशत | 10 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 75 प्रतिशत | 10 |
| 3 | वर्मी कम्पोष्ट यूनिट | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 90 प्रतिशत | 42 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 75 प्रतिशत | 75 |
| 4 | डीप बोरिंग (4" dia, depth 400') | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 90 प्रतिशत | 20 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 75 प्रतिशत | 20 |
| 5 | काउ मेट (6.5'X4') | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 90 प्रतिशत | 7 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 75 प्रतिशत | 12 |
| 5.0 | तकनीकी इनपुट सामाग्रियों का वितरण की योजना | | | |
| 1. | संतुलित पशु आहार (कि0ग्रा0) | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 90 प्रतिशत | 19000 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 75 प्रतिशत | 22000 |
| 2. | एरिया स्पेसिफिक मिनरल मिक्सचर/अच्छे विशिष्टियों के अन्य मिनरल मिक्सचर (कि0ग्रा0) | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 90 प्रतिशत | 3000 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 75 प्रतिशत | 5000 |
| 3. | शीतवर्द्धक सप्लीमेन्ट (कि0ग्रा0) | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। | 90 प्रतिशत | 400 |
| | | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। | 75 प्रतिशत | 700 |

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
कोडरमा

PR 301447 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (23-24)_D

## जन्म-मृत्यु निबंधन के लिए 14 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

# आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिले में जन्म-मृत्यु निबंधन के लिए 14 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को विशेष अभियान को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। समाहरणालय में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उपायुक्त ने जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों को मुख्य कारणों के बारे में बताया । शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। साथ ही उन्होंने व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर लोगों को जन्म-मृत्यु



निबंधन के प्रति जागरूक करने का भी निर्देश दिया। विशेष रूप से कोविड-19 अवधि के दौरान अन्य जिलों एवं राज्यों में हुई मृत्यु की स्थिति में मृतकों का निबंधन नहीं हो सका था, जिससे कई परिवारों को मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा था। ऐसे मृतकों को चिन्हित कर उनका निबंधन कर उनके परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। अभियान को सफल बनाने के लिए रांची जिला के सभी बीडीओ, अंचल अधिकरियों, सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं सम्बंधित पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुवाहाटी रवाना

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव की रणनीति का खाका छह जुलाई को गुवाहाटी में बनेगा। इसे लेकर भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को वे गुवाहाटी के लिए रवाना हुए, जहां वे पूर्वी भारत की सांगठनिक इकाइयों की बैठक में शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में बाबूलाल मरांडी के अलावा झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास और भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा भी शामिल होंगे। केंद्रीय नेतृत्व ने पूर्वी भारत के सभी राज्यों की सांगठनिक इकाइयों की बैठक बुलाई है, जिसमें झारखंड की भी 14 लोकसभा सीटों की स्थिति को लेकर विचार-विमर्श होगा। झारखंड के अलावा बिहार बंगाल ओडिशा समेत उत्तर-पूर्व के राज्यों के प्रमुख नेता इस बैठक में भाग लेंगे।

## राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित

# संगठन का कार्यकर्ता हूं और रहूंगा : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची महानगर के भाजयुमो के कला और खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने बुधवार को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश से उनके आवास पर मुलाकात की। तीन वर्षों उनके सफल कार्यकाल के लिए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता आशुतोष द्विवेदी ने उन्हें अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। द्विवेदी ने कहा कि भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अपना कार्यकाल को पूरा किया



है। उन्होंने तीन वर्षों से पूरे प्रदेश से बूथ स्तर के सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। मौके पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि मैं संगठन का एक सामान्य कार्यकर्ता हूं और हमेशा रहूंगा। भाजपा को मजबूत करने के लिए हम सभी उजार्वान कार्यकर्ताओं को एक साथ मिलकर झारखंड में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार मिलकर बनाएंगे। यही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

## झाप्रसे के तीन अधिकारी बीडीओ के पद पर नियुक्त

रांची। राज्य सरकार ने प्रखंड पदाधिकारी के पद के लिए झारखंड प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों की सेवा ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी हैं। इनमें पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अनिल कुमार सिंह, शशिभूषण वर्मा, अनिल कुमार हैं। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अब ग्रामीण विकास विभाग रिक्त बीडीओ के पद पर इन अधिकारियों की पोस्टिंग करेगा। इनकी नियुक्ति से अब कार्यों पर किसी तरह का असर नहीं पड़ेगा और कार्यालय के कार्यों में रफ्तार आयेगा। अब लोगों को नहीं होगी किसी तरह की परेशानी।

### झारखंड में एचआरएमएस से मिलेगा मातृत्व और पितृत्व अवकाश

**रांची।** एचआरएमएस पद्धति से ही अब राज्य कर्मियों का मातृत्व और पितृत्व अवकाश स्वीकृत-अस्वीकृत होगा। कार्मिक विभाग ने ऑनलाइन आवेदन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये ही प्राप्त करने का प्रावधान कर दिया है। कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने इसकी जानकारी सभी विभागीय सचिवों को दी है। मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली अंतर्गत वर्तमान में ऑनलाईन अवकाश प्रबंधन प्रणाली के तहत छह प्रकार के अवकाश प्रक्रिया को ऑनलाइन निष्पादित किए जाने का प्रावधान है। इस क्रम में एचआरएमएस के अंतर्गत कार्यरत मॉड्यूल अवकाश प्रबंधन प्रणाली के मातृत्व अवकाश एवं पितृत्व अवकाश को ऑनलाईन क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया है। कार्मिक विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे में अब एचआरएमएस के अंतर्गत ऑनलाईन अवकाश प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करते हुए झारखंड राज्य के सभी कर्मियों के द्वारा मातृत्व अवकाश एवं पितृत्व अवकाश का आवेदन ऑनलाईन समर्पित किया जायेगा। इसका अग्रसारण एवं अवकाश की स्वीकृति, अस्वीकृति का कार्य भी ऑनलाईन किया जायेगा एवं अवकाश स्वीकृति की स्थिति में स्वीकृत्यादेश भी ऑनलाईन ही निर्गत अब होगा।

## सीएम ने नागरमल मोदी सेवा सदन में रिजनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेन्टर का किया उद्घाटन

# सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नागरमल मोदी सेवा सदन में राज्य की पहली रिजनल ब्लड ट्रांसफयूजन सेन्टर का ऑनलाइन उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद रक्त संबंधी कई समस्याओं का समाधान आसानी से हो पाएगा, जिससे राज्य की सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य की जनता को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम को विधायक राजेश कच्छप एवं रामचंद्र सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नागरमल मोदी सेवा सदन के अध्यक्ष अरूण छावछरिया ने कहा कि आरबीटीसी कई स्थानीय नर्सिंग होम, अस्पतालों, एफआरयू और पीएचसी को रक्त एवं अन्य उसके अन्य घटक को तुरंत उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। उन्होंने बताया कि ब्लड सेंटर की स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी और वर्ष 2023 में यह क्षेत्रीय ब्लड ट्रांसफयूजन की मान्यता प्राप्त करने वाला झारखंड का पहला निजी ब्लड सेंन्टर बन गया है। उन्होंने आगे बताया कि रिजनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेन्टर के कई लाभ मरीजों को मिलेंगे। मरीजों को कम शुल्क में उन्नत स्वास्थ्य देखभाल और मिलनसार व्यवहार और सारी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलेगी। एक समान गुणवता और सुरक्षित रक्त का प्रावधान और वह भी सीमित समय सीमा के भीतर किया जा सकेगा। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी बिना किसी परेशानी के रक्त की व्यवस्था हो सकेगा। इसका उद्देश्य एनीमिया, मातृत्व और शिशु के कारण महिला रोगियों की मृत्यु अनुपात को न्यूनतम करना है। इसके साथ ही इस सुविधा से रक्त की कमी से होने वाली मृत्यु को कम किया जा सकेगा। सबसे जरूरी बात यह है कि जरूरमंदों को सही समय एवं समुचित खर्च पर रक्त उपलब्ध हो सकेगा। ब्लड बैंक के निदेशक ए.के. झा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा संस्थान अब अपने सदन परिसर में केवल 10 वर्ग मीटर के बहुत छोटे क्षेत्र में रक्त भंडारण केन्द्र खोल सकते हैं। 107.63 वर्ग फुट जहां रक्त और रक्त घटकों को संग्रहीत किया जा सकता है और एक ही छत के नीचे जरूरतमंद रोगिया को उपलब्ध किया जा सकता है। वहीं सेवा सदन के मानद सचिव आशीष मोदी ने बताया कि दूरदराजों के क्षेत्रों में जहां ब्लड ले जाने में काफी समय लगता है ऐसे में इस व्यवस्था से लाभ मिलेगा और खर्च में बचत और जरूरतमंदों के जान जाने की खतरा भी बहुत हद तक टाला जा सकता है। कार्यक्रम में सदन के अध्यक्ष अरूण छावछरिया, पूर्व अध्यक्ष अजय मारू, मानद सचिव आशीष मोदी, सहायक सचिव विजय शंकर साबू, ब्लड बैंक उपसमिति के चेयरमेन रमेश धरनीधरका म्सदस्य आलोक तुलस्यान, प्रेम मित्तल तथा ब्लड बैंक के निदेशक ए.के. झा, महाप्रबंधक आशा श्रेष्ठा सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन 'तरन्नुम' में झारखंड की खुशबू बरनवाल का हुआ चयन



**रांची।** महिला काव्य मंच, अंतरराष्ट्रीय कवयित्री सम्मेलन तरन्नुम में भारत की तीन कवयित्रियों के साथ रांची (झारखंड) की सुप्रसिद्ध कवयित्री, लेखिका और संचालिका खुशबू बरनवाल सीपी का चयन हुआ। वह अंतरराष्ट्रीय कवयित्रियों के साथ मंच साझा करेंगी। उनका चयन होना झारखंड प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव की बात है। खुशबू बरनवाल 'सीपी' जी इस प्रस्तुति को लेकर बहुत हीं उत्साहित हैं। उन्होंने बताया - जब डॉक्टर संगीता सिंह जी का यूएसए से कॉल आया तो मैं बहुत ज्यादा उत्साह से भर गई ।उन पलों का साथ मेरे लिए सुखद होगा कि मैं झारखंड को वैश्विक पटल पर प्रस्तुत करूँगी। मुझे अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुति करने का अवसर मिलेगा। मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री सम्मेलन, तरन्नुम प्रतिष्ठित महिला काव्य मंच की शाखा है। इसकी प्रस्तुति भारत के समयानुसार रात्रि 8:00 बजे 6 जुलाई, 2023 को है। इस संस्था की स्थापना श्री नरेश नाज जी के द्वारा पटियाला (पंजाब) में 1 फरवरी 2017 को किया गया।

## तेली समाज को नजर अंदाज करती है भाजपा

**रांची।** पिछले 2 जुलाई को गुमला जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखण्ड की प्रदेश कार्यसमिति बैठक सम्पन्न हुई। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के राष्ट्रीय अपर महामंत्री दीनदयाल साहू ने कहा था कि भाजपा तेली समाज को नजर अंदाज करती है। बंधुआ वोटर समझती है। मोदी के नाम पर ठगती है। अब तेली समाज में भी थोड़ी सी सामाजिक और राजनीतिक जागरुकता आई है। अब बीना भागीदारी दिये भाजपा तेली समाज का थोक वोट नहीं ले सकेगी। मुख्य अतिथि श्री साहू के उक्त बयान के खिलाफ भाजपा प्रदेश नेतृत्व के इशारे पर गुमला के जिला मीडिया प्रभारी ने हमारे पदाधिकारी को नकाबपोश, अवसरवादी और छुटभैये जैसे शब्दों से सम्बोधित करके पूरे तेली समाज को अपमानित करने का काम किया है। तेली समाज अपना 99% वोट भाजपा को देता आया है। अब समाज में थोड़ी सी जागरुकता आई है और भागीदारी की मांग उठने लगी तो भाजपा हकमारी करने के बाद अब सीनाजोरी भी करने लगी है।

## एक्सआईपीटी में जागरूकता अभियान आयोजित



**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक एंड टेक्नोलॉजी (एक्सआईपीटी), नामकुम, रांची, झारखंड में न्याय एवं सुलह पर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गयाकइस मौके पर संस्थान के असिस्टेंट को-ऑर्डिनेटर फादर स्वर्ण तिग्गा ने विस्तार पूर्वक न्याय एवं सुलह पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अपने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि न्याय एवं सुलह व्यक्तिगत स्तर, सामुदायिक स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर कैसे समाज पर प्रभावी हो सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण एवं चित्रकला का प्रदर्शन किय और इस विषय से सम्बंधित पोस्टर्स बनाये और जागरूकता फैलाईक संस्थान के को-ऑर्डिनेटर डॉक्टर प्रदीप केरकेट्टा एसजे एवं प्रभारी प्रिंसिपल राज कुमार के दिशा-निर्देश में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी फैकल्टी एवं छात्रों ने सजीवता से भाग लिया।

# सर्वर की परेशानी के कारण चौथे दिन भी नहीं हुई रजिस्ट्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची समेत राज्य के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में लगातार चौथे दिन भी कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। बुधवार को कार्यालय खुलने के बाद काफी संख्या में अधिवक्ता और आम लोग अपना कार्य कराने रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे, लेकिन सर्वर की परेशानी के कारण किसी का काम नहीं हुआ। अगस्त महीने में रांची समेत पूरे राज्य में निबंधन के शुल्क में बढ़ोतरी होनी है, उससे पहले कई लोग घर, जमीन ,फ्लैट समेत अन्य दस्तावेजों की रजिस्ट्री कराने की उम्मीद लिए रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। वहीं दूर-दराज से आये लोगों को भी काफी परेशानी हुई ।तकनीकी परेशानी की वजह से आधार वेरिफिकेशन समेत रजिस्ट्री के लिए की जाने वाली कोई भी ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। जिसके कारण एक भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई। यही स्थिति झारखंड के सभी रजिस्ट्री कार्यलयों में रही। रांची, हिनू और कांके स्थित रजिस्ट्री ऑफिस में दस्तावेजों के निबंधन के लिए दिन भर लिंक आने का इंतजार करते रहे।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना युवाओं के लिए वरदान साबित होगा : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बुधवार को इटकी प्रखंड के गड़गांव पंचयात के गाड़गांव ग्राम में भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूरल स्किल एक्यूजेशन केंद्र का उद्घाटन मांडर विधानसभा की माननीय विधायिका शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया। साथ मे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, गरगांव पंचायत मुखीया रजनी उराईं, प्रखंड के उप प्रमुख परवेज आलम, वार्ड सदस्य शबाना प्रवीण, विधायक



प्रतिनिधि उमेश साहू एवं इटकी प्रखंड के एफपीओ के बीओडी एवं किसान, छात्र -छात्रा और उनके अभिवाक उपास्थि थे। योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवा युवतियों को कौशल विकाश के विभिन्न ट्रेड (कंप्यूटर, सिलाई, एलेक्ट्रिसियन) में प्रशिक्षित किया जयेगा। विधायक ने समारोह में कही की संस्था द्वारा चलाए जा रहे अभियान एवं सरकार की ऐसी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र के प्रशिक्षित युवा युवतियों को रोजगार का अवसर मिलेगा। उनकी पढ़ाई व्यर्थ नहीं की जाएगी खास कर ऐसे बच्चे जो फीस के अभाव में किसी प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर पाते हैं। अपने गांव में ही रह कर इस योजना के तहत उनको प्रशिक्षण मिल पायेगा। भारतीय लोक कल्याण संस्थान एवं झारखंड कौशल विकास मिशन के तरफ से शैलेस कुमार, नवीन कुजूर, मनीष कुमार आलोक कुमार, रीता कुजुर एवं केरकेटेटा, नौशाद आलम, दिनेश साहू फिरोज अंसारी एवं मोहित जी भी उपास्थित थे।

## डीजीपी ने नव प्रोन्नत एडीजी को किया सम्मानित



**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में नव प्रोन्नत एडीजी प्रिया दुबे को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीजी मुख्यालय मुरारी लाल मीणा, आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक, आईजी (मानवाधिकार) अखिलेश झा, आईजी अभियान अमोल विणुकांत होमकर, आईजी (प्रोविजन) प्रभात कुमार सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि गत तीन जुलाई को 1998 बैच की आईपीएस प्रिया दुबे को एडीजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण के पद पर पदस्थापित किया था। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग अधिसूचना जारी की थी।

## विरोध यूसीसी के खिलाफ आदिवासी संगठन का राजभवन मार्च

# यह कानून झारखंड में लागू नहीं होने देंगे : देवकुमार धान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के खिलाफ झारखंड में एक जुट होने लगे हैं। इसके खिलाफ आदिवासी गोलबंद होकर इसके विरोध में आवाज उठाना शुरू कर दिया है। बुधवार को आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले विभिन्न आदिवासी संगठन और सामाजिक नेताओं इसके खिलाफ राजभवन मार्च किया और प्रदर्शन किया। बाद में एक ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा गया। प्रदर्शन के मुख्य समन्वयक देवकुमार धान थे। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता जारी किए जाने के विरोध एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन किया जा रहा है। इस धरना में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से उरांव, मुंडा, संथाली, हो, लोहरा, महली, गौड समेत अन्य समुदाय के लोग शामिल हुए। धान ने कहा कि आदिवासियों के विनाश के लिए ही यह काला कानून बनाया गया है। इस कानून से आदिवासियों का आरक्षण खत्म हो जाएगा। साथ ही आदिवासियों के प्रथागत कानून भी खत्म हो जाएंगे। इससे आगे कहा कि पांचवीं अनुसूची, छठी अनुसूची,



सीएनटी एक्ट एसपीटी एक्ट, विलकिंसन रूल सभी समाप्त हो जाएंगे। वहीं धरना को संबोधित करते हुए आदिवासी धर्म अगुवाओं ने साफ तौर पर कहा कि इस कानून के दायरे से झारखंड के जनजातीय समुदाय को अलग रखा जाए, नहीं तो इसे यहां लागू होने नहीं देंगे। कार्यक्रम की माध्यम से कहा गया कि इस देश में लगभग 10 ।4 करोड़ आदिवासी रहते हैं। झारखंड में ही 32 प्रकार के अनुसूचित जनजाति पाए जाते हैं। इन सभी जनजातियों के अपने रीति रिवाज,परम्परा और अनुठे प्रथागत कानून है आदिवासियों के प्रथागत कानून यूसीसी के आने से गंभीर रूप से प्रभावित होंगे जनजातियों को उनके अलग प्रथागत कानूनों के कारण हिंदू कानूनों से मुक्त रखा गया है। झारखंड में बहुसंख्यक अनुसूचित जनजाति समाज पितृसत्तात्मक है, वह विरासत और उत्तराधिकार कानून में भी लागू होती है। वे पितृसत्तात्मक पद्धति का पालन करते हैं। सीएनटी एक्ट एसपीटी एक्ट और विल्किंसन कानून के तहत जनजातियों को सुरक्षा मिला हुआ है। यूसीसी आने के बाद इनकी जल जंगल और जमीन खत्म हो जाएगा। इस क्षेत्र से पांचवी अनुसूची एवं देश से पेसा कानून,सभी स्तरों पर आरक्षण, एसटी अत्याचार कानून, वन अधिकार कानून, सब कुछ समाप्त हो जाएगा। जिससे आदिवासियों का

**झारखंड में बहुसंख्यक अनुसूचित जनजाति समाज पितृसत्तात्मक है, वह विरासत और उत्तराधिकार कानून में भी लागू होती है। वे पितृसत्तात्मक पद्धति का पालन करते हैं**

अस्तित्व खत्म हो जाएगा ।कार्यक्रम में पूर्व और समन्वय समिति के मुख्य संयोजक देवकुमार धान, पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की अध्यक्ष गीताश्री उरांव, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष देंवेंद्र नाथ चांपिया, आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, आदिवासी रक्षा मंच के मुख्य संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, रामचंद्र उरांव, सुनील फकीरा, कुदरसी मुंडा, नारायण उरांव, निरंजना हेरेंज, दयामनी बारला, दखिन किस्कू यदुनाथ तियू, दामोदर हंसदा, शयाम सुन्दर करमाली, सवना मुंडा महावीर लोहरा जलेश्वर उरांव, मुंशी मुंडा सुधीर किस्कु सैकड़ों की संख्या में आदिवासी शामिल थे।

# 'भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हर हाल में पालन करें'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त-सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बुधवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी रांची स्थित ईवीएम वेयर हाउस के आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोल कर आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा उपायुक्त द्वारा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची श्रीमती मेरी मड़की को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने को कहा। आपको जानकारी हो कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की ड्यूटी पर लगे पदाधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोलेगी आजसू : देवशरण भगत



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं होता। इससे आम जनता त्रस्त है। ऐसी स्थिति में आजसू पार्टी शांत नहीं रहेगी। भगत बुधवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी मुख्यालय में रांची जिला समिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालयों में हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार का पदार्फाश करने का कार्य आजसू पार्टी करेगी। कार्यक्रम में उस क्षेत्र के पार्टी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष संजय महतो ने जिला समिति के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी जिला के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। कार्यक्रम में मंच का संचालन रांची जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा ने किया। इस मौके पर चिरंजन महतो, गौतम साहू, रामधन बेदिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

## योगदान देने गई आंगनबाड़ी सेविका के साथ मारपीट

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के कुडामू गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार 5 जुलाई को सेविका के रूप में योगदान देने गई महिला गेंदिया देवी के साथ गाली गलौज की गई. उन्होंने तोपचांची थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. आंगनबाड़ी सेविका ने कहा कि कुडामू आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के पद पर 2013 के पूर्व कार्यरत थी. किसी कारण से पद मुक्त कर दी गई थी. उसके बाद हाईकोर्ट में केस किया. 10 वर्षों के बाद न्यायालय ने तत्काल मुझे आंगनबाड़ी केंद्र में योगदान देने की अनुमति प्रदान की. इसके बाद सीडीपीओ के पास गई तो उन्होंने मुझे जॉइनिंग लेटर दिया. बुधवार 5 जुलाई को आंगनबाड़ी केंद्र गई तो सुबह करीब 8:00 वहां पहले से मौजूद मीना देवी, टुपली देवी, राजेंद्र महतो गाली गलौज करने लगा. जब कोर्ट के आदेश का हवाला देकर जॉइनिंग लेटर दिखाया तो मार पीट करने लगे. कहा कि कोर्ट आदेश दिया है तो कोर्ट जाओ या थाना जाओ आंगनबाड़ी में घुसने नहीं देंगे.

## बेरमो : गायत्री मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**बोकारो।** कथारा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में 5 जुलाई बुधवार को गायत्री परिवार की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कथारा कोलियरी के प्रोजेक्ट ऑफिसर बसंत कुमार साह व श्रमिक नेता अजय कुमार सिंह पहुंचे. इस शिविर में 25 व्यक्तियों ने रक्तदान किया. डॉक्टर यू मोहंती व उनकी टीम ने रक्त संग्रह किया. इस मौके पर गायत्री परिवार के चंद्र भूषण प्रसाद, पंचदेव प्रसाद, सुजीत कुमार सिन्हा, पुष्पा वर्णवाल, रीता वर्णवाल, सतीश वर्णवाल, झरीलाल वर्णवाल, लालबाबू सिंह, रामविलास चौहान, संतोष कुमार विश्वकर्मा, हरिप्रसाद सहित कथारा के मुखिया घनश्याम प्रसाद की सराहनीय भूमिका रही.

## लॉटरी के खिलाफ छापेमारी अभियान शुरू, एक गिरफ्तार

**चाईबासा।** सदर थाना पुलिस बल ने लॉटरी विक्रेताओं के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया. छापेमारी के दौरान बड़ी बाजार से शहनवाज खान (30) को लॉटरी बिक्री करते हुए पुलिस द्वारा बुधवार को रंगेहाथ पकड़ा गया. पकड़े गए व्यक्ति के विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 75/22 सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया. इसके बाद आरोपी को न्यायालय में हाजिर कराने के बाद मंडल कारा चाईबासा भेज दिया गया है. थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा औचक रूप से निरंतर कार्रवाई की जा रही है. चाईबासा में लगातार लॉटरी का अवैध कारोबार हो रहा है. इसे रोका जाएगा. इसलिए हर क्षेत्र में टीम बनाकर छापेमारी की जा रही है.

# लॉगिन डे पर चितरपुर उप डाकघर में मेला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** चितरपुर उप डाकघर में डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा महा लॉगिन डे के उपलक्ष्य में 5 जुलाई को मेला का आयोजन किया गया। मेले में जितने भी उप डाकघर में आनेवाले ग्राहक सेवा लेने आए, सभी को डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में जानकारी दी गई। जानकारी देते हुए डाक सहायक रविशंकर राय ने कहा कि यह योजना देश को सबसे पुरानी बीमा योजना है। जिसे अब चितरपुर उप डाकघर में आनेवाले सभी लोगों को योजना की जानकारी देकर बीमा कराया जायेगा। बताया की सहायक डाक अधीक्षक रामगढ़ नवीन कुमार के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले सभी लोगों का बीमा का लाभ पहुंचाना है। सहायक डाक अधीक्षक ने बताया कि इस योजना में कम प्रीमियम देकर लोग अधिक बोनस प्राप्त कर सकते हैं। डाक सहायक रविशंकर राय ने कहा कि डाक



जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा अब घर घर में जाकर योजना को बताया जायेगा और सभी को इसका लाभ होगा। मेला में मुख्य रूप से पोस्टमास्टर सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार नायक, रवि पासवान, संजू कुमारी, अभयराज सिंह, सुनील कुमार सहित अन्य मौजूद थे ।

## रांची के स्टेविला ने टैली एमएसएमई ऑनर्स में हासिल की बड़ी जीत

**रांची।** टैली सोल्युशन्स ने ईस्ट जोन के लिए एमएसएमई ऑनर्स के तीसरे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की है। दुनिया भर से आए 5000 नामांकनों में से रांची की कंपनी स्टेविला ने बड़ी जीत हासिल की है। टैली एमएसएमई ऑनर्स, एक सालाना पहल है, जिसके तहत उन बिजनसेज एवं एंटरेप्रेन्योर्स को पहचान कर सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने देश की आर्थिक प्रगति में योगदान दिया हो। यह सम्मान अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के मौके पर साल में एक बार दिए जाते हैं तथा 250 करोड़ से कम टर्नओवर वाले सभी बिजनसेज जिनके पास जीएसटी रजिस्ट्रेशन है, वे इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। स्टेविला की ओर से मोनिदीपा मुखर्जी को ह्यवंडर वुमेनह्व कैटेगरी में सम्मानित किया गया, जिन्होंने होटल चेन स्टेविला में डिजिटल मार्केटिंग स्ट्रैटेजीज के अडॉप्शन में योगदान दिया तथा स्टाफ एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर बिजनेस को बढ़ाने में मदद की। टैली एमएसएमई ऑनर्स ने अपने तीसरे संस्करण में प्रेफर्ड बैंकिंग पार्टनर डीबीएस बैंक तथा सपोर्टिंग पार्टनर्स यूनिकॉमर्स एवं बाईट ऐज के सहयोग से रांची के एमएसएमई और देश भर से 100 एमएसएमई को सम्मानित किया।

## बेहतर कार्य करने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल के शाहिद को सीएम ने किया सम्मानित



**बरही ।** बेहतर कार्य करने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल के लैब टेक्नीशियन मो शाहिद अली को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है. यह सम्मान बुधवार को रांची में आयोजित राजकीय सम्मान के दौरान सीएम ने दिया. विशिष्ट सम्मान के लिए अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, हेड क्लर्क पंकज आजाद, एचएम सुधांशु कुमार सिन्हा, प्रह्लाद कुमार आदि सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी, एएनएम और चिकित्सकों में शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है.

## धनबाद : झरिया के बस्ताकोला में वर्चस्व को लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र के बस्ताकोला स्थित चांदमारी लोडिंग पॉइंट पर बुधवार 5 जुलाई की सुबह ताबड़तोड़ फायरिंग व जमकर पत्थरबाजी हुई. कुछ देर के लिए पूरा इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया. लोडिंग पॉइंट में अपना वर्चस्व कायम करने को लेकर इस खूनी संघर्ष में कई लोगों के घायल होने का अनुमान है. घायलों का इलाज गुपचुप तरीके से कराया जा रहा है. सूचना मिलने पर धनसार, झरिया थाना व बोर्रागढ़ ओपी समेत कई थाने की पुलिस पहुंची व हालात पर काबू पाया. पुलिस ने घटनास्थल से लगभग आधा दर्जन खोखा बरामद किया है. हालांकि स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है. पूरा क्षेत्र पुलिस छवनी में तब्दील हो गया है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि कुछ वर्षों से बंद पड़े बस्ताकोला लोडिंग पॉइंट पर बुधवार सुबह लोडिंग शुरू हुई. इससे मजदूरों में काफी खुशी थी कि उन्हें फिर से काम मिलेगा. तभी मासस, कांग्रेस, जनता मजदूर संघ, जनता श्रमिक संघ समेत कई मजदूर संगठन लोडिंग पॉइंट पहुंचे और हंगामा शुरू हो गया. कुछ लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी. जवाब में पत्थरबाजी हुई व तीर धनुष भी चले. फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल में जुटी हुई है.

## 90 लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का वितरण

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर 90 लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का वितरण किया गया. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत सभी को चूजा प्रदान किया गया. इसके लिए चयनित 90 प्रतिशत अनुदान वाले 90 लाभुकों के बीच 15-15 की संख्या में बत्तख चूजा वितरित किया गया. इस अवसर पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिंह ने संक्षिप्त रूप में बत्तख पालन के विषय में लाभुकों को बताया. इस अवसर पर प्रखंड के उप प्रमुख मनोरंजन होता तथा कई लाभुक उपस्थित थे.

## घाटशिला : टाटा 407 वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**जमशेदपुर।** गालूडीह थाना क्षेत्र के खड़िया कॉलोनी के पास बुधवार को पेट्रोल पंप के पास एनएच 18 फोरलेन पर टाटा 407 वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल 65 वर्षीय अरूप महतो गीधीबिल गांव के रहने वाले है. गालूडीह हाईवे पेट्रोल द्वारा तत्काल उसे उठाकर निरामय हेल्थ केयर में भर्ती कराया गया. उसके सर में गंभीर चोट लगी है. निरामया हेल्थ केयर के चिकित्सक सपन महतो ने जमशेदपुर रेफर कर दिया. घटना के संबंध में घायल की पत्नी अंजली महतो ने बताया कि घर से पति पत्नी गालूडीह बाजार जाने के लिए निकले थे. खड़िया कॉलोनी स्थित पेट्रोल पंप में पति तेल भरवाने के लिए गए थे सड़क के किनारे ही उन्हें उतार कर चले गए. वापस आने के क्रम में या दुर्घटना हुई है. हालांकि पुलिस की तत्परता से टाटा 407 के चालक रामचंद्र साहू को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. थाना प्रभारी सुख सागर सिंह ने बताया कि परिवार वाले यदि लिखित शिकायत करते हैं तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी. अभी तक किसी ने लिखित शिकायत नहीं की है.

## जमशेदपुर : संपत्ति विवाद को लेकर बेटे ने मां को पीटा, थाने में शिकायत

**जमशेदपुर।** परसुडीह स्थित शंकरपुर में संपत्ति विवाद को लेकर एक बेटे ने अपनी मां की पिटाई कर दी. इस मामले में परसुडीह थाना में लिखित शिकायत की गई है. दरअसल रेणू देवी रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी है. रिटायमेंट के रुपयों के लेकर बेटा चंद्रमोहन शर्मा विवाद खड़ा कर रहा है. बुधवार की सुबह 9.30 बजे वह घर आया और सड़क पर ही मारपीट शुरू कर दी. घटना के बाद रेणू देवी की बहू पुनम शर्मा ने परसुडीह थाना में लिखित शिकायत की है. पुनम ने शिकायत में बताया है कि चंद्रमोहन शर्मा टाटा स्टील लॉग प्रोडक्ट का स्थाई कर्मचारी है. संपत्ति को लेकर पूर्व में चंद्रमोहन ने अपनी मां रेणू देवी पर केस किया था जो वह हार गया. अब वह रिटायरमेंट के रुपयों में से भी अपना हिस्सा मांग रहा है जो रेणू देवी नहीं देना चाहती. इसी को लेकर वह अक्सर घर आकर मारपीट करता है.

## गावां : मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीडीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड सभागार में बुधवार 5 जुलाई को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत बीडीओ सह सीओ महेंद्र रविदास ने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक की. बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने सभी दलों से ने मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की. बीडीओ ने बताया कि प्रपत्र 6 मे नए मतदाता का नाम पंजीकृत करना है. प्रपत्र 6 बी में मतदाताओं का आधार लिंक करा सकते हैं. बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के मुताबिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यों को प्रखंड स्तर से ससमय पूर्ण कराते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को किया जाएगा. बैठक में भाजपा के मुन्ना सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, श्रीराम यादव, कांग्रेस से मरगूब आलम, रणधीर चौधरी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, अनिरुद्ध उपाध्याय, भाकपा माले से प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, अजय कुमार व आदित्य कुमार शामिल हुए.

### अग्रसेन भवन में 24वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव का शुभारंभ

# अग्रवाल समाज जनसेवा भाव में निरंतर अग्रसर : एसपी अग्रवाल





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वधान में 24 वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव सह हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी मेला का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन भवन रांची में हुआ। सावन महोत्सव का उद्घाटनकर्ता श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची की उपनिदेशक श्रीमती सुमन पाठक, मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची के कुलपति एस.पी. अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने श्री गणेश जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की। तथा उर्मिला पाड़िया ने गणेश वंदना की। सुमन पाठक ने महिलाओं के सशक्तिकरण को देखते हुए उनकी काफी सराहना की और कहा कि हमारा समाज रूढ़िवादिता से निकलकर बहुत आगे बढ़ रहा है। घुंघट में रहने और देहरी से बाहर कदम न निकालने की बातें अब ऐतिहासिक लगने लगी है। एसपी अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज जितनी सेवा भाव मे अग्रसर है उन्हें और दूसरे क्षेत्रों में भी साथ ही सरकारी क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं बच्चों की अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य की देखभाल, रिश्तेदारी एवं समाजिक दायित्व के साथ-साथ आत्मनिर्भर होकर व्यवसायिक एवं सामाजिक कार्यों में भी अग्रणीय एवं बेहतर भूमिका निभा रही है। नीरा बथवाल ने कहीं की सावन महोत्सव की शुरूआत वर्ष 1998 मे की गई थी। जो कि अपने रजत जयंती वर्ष मे प्रवेश कर रही है। ऐसे आयोजन से महिलाओं में प्रबंधन कला एवं बिक्री कला का विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा एक दूसरे से सीखने एवं सहयोग कर आत्मनिर्भर होना चाहती है।अग्रवाल सभा महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने कहा की प्रदर्शनी में 100 से भी ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं,मेले के दूसरे दिन महिलाओं द्वारा सावन सिंघाड़ा का भव्य आयोजन किया जाएगा। सभा द्वारा मेले के समापन में बेस्ट स्टॉल को पुरस्कृत किया जाएगा। सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने कहा कि मेले में तरह-तरह की नवीनतम डिजाइनो में रंग-बिरंगे वंदनवार, राखियां लड़कियों एवं महिलाओं के कलात्मक परिधान, सजावट के सामान श्रृंगार की सामग्री, हस्तशिल्प उत्पादों के अलावे लजीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए हैं। सावन मेले में सैकड़ों महिलाओं ने खूब खरीदारी की एवं लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। सावन महोत्सव के उद्घाटन सत्र में आए सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल, सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की तथा कार्यक्रम का संचालन-मेले की संयोजिका अलका सरावगी ने एवं धन्यवाद- ज्ञापन मंत्री मनोज चौधरी ने किया। उक्त जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि कार्यक्रम में रूपा अग्रवाल, अलका सरावगी,मेले की सह संयोजिका अनुसुइया नेवटिया, रीना सुरेखा, प्रमोद अग्रवाल सज्जन पाड़िया, प्रभाकर अग्रवाल, विजय खोवाल, कमल खेतावत, कौशल राजगढ़िया, आनंद जालान, निर्मल बुधिया, सुनील पोद्दार, नरेश बंका, शिवभावसिंहका, राजेंद्र केडिया, किशन अग्रवाल, सुरेश चौधरी, पवन कनोई, रमाशंकर बगड़िया, अनु पोद्दार, मंजू केडिया, नैना मोर, उर्मिला पाड़िया, बीना बुबना, बीना मोदी, बबीता नारसरिया, रीता केडिया, जया बिजावत, सीमा टांटिया, रेनू छापरिया, मधु सराफ, सुधा अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, गीता डालमिया, लक्ष्मी पाटोदिया, विद्या अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सरिता मोदी, सुशीला पोद्दार, शोभा हेतमसरिया, प्रीति बंका, छाया अग्रवाल, अरुणा गुप्ता, मीरा टिबडेवाल, सुनैना आदि के अलावे बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्रमुख रेणु देवी ने किसानों के बीच किया उन्नत बीज का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (खरीफ) 2023 न्यूट्री मिलेट्स योजनान्तर्गत रागी /मडुआ की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रत्यक्षण कार्य के लिए प्रखंड प्रमुख रेणु देवी कि उपस्थिति मे किसानों को बीज ,लिफ्लेट व उपादान उपलब्ध कराई गई। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चिन्ता हरण पाठक के द्वारा उपस्थित लाभुक किसानों को बुआई करने के तकनीकी पहलु पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ने बताया कि किसानों को रागी मडुआ



पहली बार उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि कम बारिश में भी इसकी अच्छी उपज होती है। प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि किसानों को उन्नत किस्म कि बीज उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि किसान अच्छी उपज कर इसका लाभ उठा सकें। मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी , उपप्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो,लोकनाथ राणा, कार्तिक महतो, नारायण प्रसाद, द्वारिका पासवान, राजकुमार गिरि, विनोद प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सोना सोबरन योजना का 692 पीस धोती-साड़ी लेकर टेम्पो चालक फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार की सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना का धोती, साड़ी व लूंगी (692 पीस) लेकर एक अज्ञात टेम्पो चालक फरार हो गया. घटना 4 जुलाई की सुबह 10 बजे की है. इस संबंध सिदगोड़ा थाने में एक मामला पीडीएस डीलर पूरन साव ने दर्ज कराया है. पुरन साव की बिरसानगर में पीडीएस दुकान (अनुज्ञप्ति संख्या 103 एच/2017) है. मंगलवार की सुबह 10 बजे पुरन साव ने बमामाईंस स्थित एसएफसी के गोदाम से एक सवारी टेंपो में 692 पीस (साड़ी-346, धोती-208 तथा 138 लूंगी) धोती-साड़ी व लूंगी लोड करवाया तथा बिरसानगर के लिए लेकर चले. आगे-आगे टेम्पो तथा उसके पीछे-पीछे पुरन साव जा रहे थे. एग्रिको लाइट सिग्नल के पास अनाचक टेम्पो चालक पुरन साव को चकमा देकर टेम्पो के साथ फरार हो गया. पुरन साव को लगा टेम्पो बिरसानगर पहुंच गया होगा. लेकिन टेम्पो चालक नहीं पहुंचा. बमार्माइंस गोदाम से सामान लेकर टेम्पो चालक गोलमुरी के रास्ते बिरसानगर जा रहा था. गोलमुरी बाजार में लगे सीसीटीवी में सुबह 11:14 बजे टेम्पो दिखा. जिसपर सामग्री लगी थी.

दिशा-निर्देश

### चाकुलिया प्रखंड के बड़ामारा पंचायत में जनता दरबार का आयोजन

# डीसी ने सुनीं समस्याएं, पदाधिकारियों को लगी फटकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड के बड़ामारा पंचायत भवन के पास मैदान में बुधवार को जनता दरबार आयोजित हुआ. जनता दरबार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक समीर महंती और उपायुक्त विजया जाधव ने दीप प्रज्वलित कर किया. विधायक समीर महंती ने कहा कि राज्य सरकार बेहतरीन सोच के साथ राज्य का विकास कर रही है. हेमंत सरकार ने कई जन कल्याणकारी योजनाएं पारित कर लोगों को लाभान्वित करने का काम किया है. जनता दरबार में आई समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा. सरकार सभी को नौकरी नहीं दे सकती है. परंतु सबको रोजगार दे सकती है. सरकार हर लोगों को लोन दे रही है. लाभुक लोन लेकर



रोजगार कर समृद्ध बनें. विधायक ने उपायुक्त से बैकुंठपुर गांव में एक पुलिया निर्माण कराने की मांग रखी. बताया कि यहां बरसात में पानी भर जाने के कारण बच्चें स्कूल नहीं जा पाते हैं. जनता दरबार में उपायुक्त ने जनता दरबार में पहुंचे ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और समस्या से संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द निदान करने का निर्देश दिया है. जनता दरबार में विधायक समीर महंती ने कहा कि ग्रामीणों ने उनसे शिकायत की है कि पंचायत में जरूरतमंद लोगों को अंबेडकर आवास नहीं देकर पंचायत कर्मियों की सांठ-गांठ से योजना का बंदरबांट किया गया है. विधायक की शिकायत पर उपायुक्त ने बीडीओ को निर्देश दिया कि पंचायत में कैंप आयोजित कर मुखिया के सत्यापन के अधार पर जरूरतमंद लोगों को आवास योजना का लाभ दें और मामले की जांच कर कार्रवाई करें. जनता दरबार में मृत्यु प्रमाणपत्र से संबंधित समस्याएं आने पर उपायुक्त भड़क उठीं. उन्होंने सम्बंधित पदाधिकारी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि कैंप आयोजित कर लोगों के मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करें. ताकि लाभुक सरकार की योजनाओं का लाभ ले सके.

# लोजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की 77वीं जयंती मनाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के रामगढ़ जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता के आवास पर 5 जुलाई को लोजपा एवं दलित सेना के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री पदम भूषण से सम्मानित स्वर्गीय रामविलास पासवान की 77 वीं जयंती उत्साह के साथ मनायी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के जिलाध्यक्ष केवल पासवान मौजूद थे। मौके पर जिलाध्यक्ष ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व रामविलास पासवान के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके उपरांत केक काटकर एवं कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई बांटकर स्व रामविलास पासवान की जयंती मनायी गयी। मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने कहा की पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने अपने 50 वर्ष के राजनीतिक जीवन में हमेशा समाज के दलित और वंचितों को उनका हक और अधिकार दिलाने का कार्य किया। कहा की इतने लंबे समय के राजनीतिक जीवन में वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद करते रहे। कहा की उनके पास जो भी मदद के लिए जाता है उसकी वे मदद करते थे। मौके पर लोजपा ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रधान महासचिव उपेंद्र गुप्ता,गौतम कुमार,हंशा देवी,रेनू देवी, चिंता देवी, बबली देवी, बिंदू देवी,उषा देवी, चरकी देवी,मोनिता देवी, डोमनी देवी, सकून कुमारी, कलावती देवी आदि मौजूद थे।

## आधारभूत संरचनाओं एवं परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

# बचे कार्य जल्द से जल्द पूरा करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आधारभूत संरचना एवं विभिन्न परियोजनाओं के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बरलांगा कसमार सड़क निर्माण के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्य प्रगति की जानकारी लेने के उपरांत कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने एवं शत प्रतिशत मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने के संबंध में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने सांडी-रजरप्पा मार्ग में बाकी बचे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। चुट्टूपालू घाटी में सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को एंबुलेंस, क्रेन सहित आकस्मिक परिस्थिति में इस्तेमाल किए जाने वाले अन्य उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जुडको, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टिस्को, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, भू अर्जन पदाधिकारी, जिला जनसंख्या पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक सप्ताह से पुरहरा और बैरिसाल अंधेरे में, ट्रांसफार्मर की मांग



**बरही ।** बीते एक सप्ताह से बिजली नही रहने के कारण भंडारों पंचायत के बैरीसाल और पुरहरा वासी अंधेरे में है. जानकारी देते हुए मुखिया रीना देवी ने बताया कि 30 जून को बिजली कड़कने से पुरहरा गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था. जबकि बैरीसाल गांव के यादव टोला में 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगा था, उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण ओवरलोड के कारण 25 जून को ट्रांसफार्मर जल गया. इसकी सूचना विभाग के सहायक अभियंता को दी गई थी परंतु आज तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है. मुखिया ने बैरीसाल में उपभोक्ताओं की संख्या देखते हुए अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया है. बिजली नहीं रहने से एक तरफ बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है तो दूसरी ओर लोग पंखा नहीं चलने से गर्मी से ग्रामीण बेहाल हैं. मोबाइल रिचार्ज के लिए भी दूसरे गांव में जाना पड़ता है.

# बरकट्ठा प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल का चहारदीवारी गिरा, छात्राओं को परेशानी






**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के एकलोता छात्राओं का विद्यालय प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बरकट्ठा का चहारदीवारी अत्यधिक बारिश होने के कारण गिर गया। मामले का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष व मुखिया प्रतिनिधि उत्तरी बसंत साव ने कहा यहां चहारदीवारी गिर जाने से छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है। छात्राएं खुद को असहज महसूस कर रही है। तत्काल चहारदीवारी कोई भी फंड से बनना अति आवश्यक है। कहा कि इस विद्यालय में जो भवन का जो निर्माण हो रहा है इसमें काफी अनियमितता बरती जा रही है। भवन निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम और बालु की मात्रा ज्यादा है। इस भवन का उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए। वही प्रधानाध्यापक योगेंदर राम ने कहा,बीते दिन अत्यधिक बारिश होने के कारण यहां चहारदीवारी गिर गया है, जिससे जानवर भी विद्यालय परिसर के अंदर प्रवेश कर जा रहे हैं और यहां छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों को भी समस्याएं हो रही है। विदित हो कि विद्यालय में 500 छात्र छात्राएं नामांकित है। इसलिए मैं यहां के जनप्रतिनिधि और सरकार से चहारदीवारी निर्माण की मांग करता हूं। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक से जोगेंदर राम, सहायक शिक्षक अभिषेक कुमार, शिखा कुमारी, सहायक शिक्षिका कृति शिखा कुमारी, आदेशपाल चितरंजन प्रसाद यादव के अलावे कई लोग मौजूद थे।

# बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपाईयों में हर्ष, दी बधाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर रामगढ़ जिला में भाजपाइयों में हर्ष का माहौल दिख रहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा है की एक जमीनी स्तर के आदिवासी नेता को झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष बनाकर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने देश के आदिवासियों का भरोसा जीतने का कार्य किया है। कहा की इसके पहले भी एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति जैसे देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद देकर सम्मानित किया था । जिसकी आज दुनियां तारीफ करती है। वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने कहा की आदिवासी समाज से आने वाले जमीनी स्तर के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश का नेतृत्व सौप कर भाजपा ने ये बता दिया की देश का विकास इनके बिना संभव नहीं है और अब झारखंड की राजनीति को एक नई दिशा मिलेगी जो आदिवासियों के हित में होगी। उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद कहा की कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय रहे एक वरिष्ठ नेता के हाथों में प्रदेश की कमान देना पूरे झारखंड के लिए गर्व का विषय है इससे कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ। महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने कहा की बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से आदिवासियों का झुकाव भाजपा की ओर बढ़ेगा और इससे पार्टी और मजबूत होकर उभरेगी। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मरांडी को शुभकामनाएं देने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, प्रकाश मिश्रा, अमरेंद्र गुप्ता, रंजीत सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक,महामंत्री रंजन फौजी, राजेंद्र कुशवाहा, वसुध तिवारी,दिलीप सिंह,रमेश वर्मा,किरण देवी,पूर्व नगर अध्यक्ष राजीव पामदत्त,मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू,सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, धीरज साहू, भीमसेन चौहान, विजय जायसवाल, मणिशंकर ठाकुर सहित अन्य शामिल हैं।

**शिकायत** बारिश में ही लबालब हुआ रास्ता, स्कूली बच्चे हुए मजबूर, बच्चों ने कहा

# बीडीओ मैम, रास्ता बनवा दीजिए, स्कूल जाने में हो रही दिक्कत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर के बगल से गया रोड के भामाशाह स्कूल के बगल रास्ता पूरी तरह खराब हो चुका है. जो बरसात की पहली बारिश से ही खस्ताहाल हो गया है. इस रास्ता से सैकड़ों लोगो सहित स्कूली बच्चो का प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है. पूरा रास्ता कीचड़ और पानी से लबालब हो गया है. मुहल्ले वालो ने रास्ता निर्माण को लेकरा कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि को शिकायत किया है. परंतु स्थिति बरकरार है. विद्यालय के छात्र राहुल ने बताया कि चुनाव के पूर्व सभी जनप्रतिनिधि रास्ता बनाने को लेकर मुहल्ले वाले को आश्वासन दिए थे. परंतु जीतने के बाद सभी अपनी डफली अपना राग में मस्त और व्यस्त हो गए है. जनहित का काम गौण हो गया है. स्कूली बच्चो ने विद्यालय आने जाने में हो रही परेशानी को देखते हुए कहा, बीडीओ मैम, रास्ता बनवा दीजिए. विद्यालय आने में होती है परेशानी. शिक्षको और अभिभावकों ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए समस्या को अतिशीघ्र दूर करने की मांग किया है.

## राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना दिवस मना


**रामगढ़।** शहर के गोपी धर्मशाला में राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना दिवस बुधवार को उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनाथ यादव, विशिष्ट अतिथि मो गुलजार, मो बिलाल उपस्थित थे। मौके पर पार्टी सदस्यों ने उत्साह के साथ आरजेडी का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान मुख्य अतिथि राजनाथ यादव ने कहा की पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने जिस उद्देश्य से पार्टी की स्थापना की थी उसमें पार्टी पूरी तरह से सफल रही है। कहा की आरजेडी ने हमेशा गरीब, दलित और पिछड़ों को उनका हक और अधिकार दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा की पार्टी कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को पार्टी के नीति और सिद्धांतों से अवगत कराकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाएं। कार्यक्रम में मो गोल्डन, जली उल्लाह, मो अली इमाम, मो आफताब सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शोक संतप्त परिजनों से मिले पूर्व विधायक



**बरकट्ठा।** आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के लिपिक रविन्द्र पांडेय का मंगलवार को निधन हो जाने के बाद पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शोक संतप्त परिजनों से मिले तथा उनका ढाढस बंधाया। साथ ही उन्होंने कहा कि पांडेय बहुत अच्छे स्वभाव के व्यक्ति थे तथा उनकी वाणी में अत्यधिक मधुरता थी। समाज के सभी कार्यों में बढ़-चढ़कर हमेशा हिस्सा लेते थे। इसलिए ऐसे व्यक्ति का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। विदित हो कि पांडेय का निधन मंगलवार को दोपहर ब्रेन हेमरेज होने के कारण हो गया था। मौके पर बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी, समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक, बेलकप्पी के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, रामेश्वर पांडेय, लक्ष्मण प्रसाद, मौलवी रमजान, शिक्षक मुकेश पांडेय, रामतीर्थ पांडेय, प्रदीप पांडेय ने शोक संवेदना प्रकट की।

## योग और पर्यावरण संरक्षण के लिए देशभर में जागरूकता फैला रहा है कृष्णा



**बरकट्ठा।** कृष्णा नामक 29 वर्षीय युवक योग और पर्यावरण संरक्षण को लेकर देशभर में जागरूकता फैला रहा है ।देश भर के लोगों को योग करने के लिए जहां प्रेरित कर रहा है वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण की लोगों से अपील भी कर रहा है ।कृष्णा भारत भ्रमण पर पैदल निकला है तथा देश के 28 राज्यों में पैदल चलकर इस मिशन से लोगो को अवगत करा रहा है ।इस क्रम में पैदल यात्रा के दौरान बरकट्ठा पहुंचा तो अपना नाम कृष्ण नायक बताया ।वह कर्नाटक के मैसूर अंतर्गत बुध उदबुरू का रहने वाला है। भारत भ्रमण पर 10 महीने पहले घर से निकला और अब तक 5000 किलोमीटर की यात्रा तय कर चुका है। कृष्णा ने बताया कि भारत भ्रमण का मुख्य उद्देश्य योग का प्रचार प्रसार करना तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाना है ।वह स्वयं योग शिक्षक भी हैं ।बताया कि योग से शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है। बताया कि उनके द्वारा स्कूलों, कॉलेजों एवं हाट बाजारों में जाकर लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया जाता है। बताया कि मैसूर से 16 अक्टूबर 22 को उनकी यात्रा शुरू हुई थी यह यात्रा और 2 सालों तक चलेगी और 15000 किलोमीटर और तय करनी है। बताया कि कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, सहित नौ राज्यों में यात्रा तय किया जा चुका है। इन दिनों में झारखंड में यात्रा चल रहा है।

## बरकट्ठा पुलिस ने एक आरोपी को भेजा जेल

**बरकट्ठा ।** थाना पुलिस ने मारपीट व जानलेवा हमला करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना कांड संख्या 129/23 के प्राथमिकी अभियुक्त मो साबीर अंसारी पिता-सोबराती मियां ग्राम घंघरी निवासी को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद पुलिस ने मेडिकल जांच कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## अनुसूचित जनजाति किसानों के बीच एमटीयू 1010 धान का बीज किया गया वितरण



**बरही ।** रानीचुआ पंचायत अंतर्गत कुटमा गांव के 124 अनुसूचित जनजाति किसानो के बीच एमटीयू 1010 धान का बीज निःशुल्क वितरित किया गया. जानकारी जन जागरण केंद्र के प्रखंड समन्वयक चितरंजन महतो ने दिया. बीज का वितरण आईसीएआर गौरियाकरमा प्रदत्त बरही फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने किया. वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नाबार्ड के टीडीएम प्रेम प्रकाश सिंह, कंपनी के निदेशक राजेंद्र प्रसाद यादव और जन जागरण केंद्र के प्रखंड समन्वयक मौजूद थे. उपस्थित किसानों को प्रखंड समन्वयक श्री महतो ने श्री विधि से धान की खेती करने की सलाह देते हुए प्रोत्साहित किया. उन्होंने बताया कि सरल और आसान पद्धति है जिसमें बीज और पानी दोनों कम लगते हैं. साथ ही धान का उत्पादन भी अधिक होता है. टीडीएम ने भी किसानों को श्री विधि के लिए प्रेरित करते हुए नाबार्ड की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया.

## हजारीबाग : सरकारी योजनाओं के प्रति जिला प्रशासन ग्रामीणों को करेगा जागरूक

**हजारीबाग।** सरकारी योजनाओं के प्रति जिला प्रशासन ग्रामीणों को जागरूक करेगा. इसके लिए जिला जनसंपर्क विभाग ने कला दल तैयार किया है. नुक्कड़ नाटक के जरिए छह जुलाई से योजनाओं का प्रचार-प्रसार कार्यक्रम शुरू होगा. जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव की अध्यक्षता में दलनायकों को प्रशिक्षित किया गया है. जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने विभिन्न कलादलों के दलनायक को सरकार की योजनाओं और वर्तमान में विभिन्न विभागों से संचालित अभियानों के प्रचार-प्रसार की महत्ता बताई. इस दौरान समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जेवियर मिंज और स्वास्थ्य विभाग से जिला बीवीडी को-ऑर्डिनेटर ने अपने-अपने विभागों की महत्त्वपूर्ण योजनाओं के मुख्य बिंदुओं को विस्तार से बताया. समाज कल्याण विभाग की ओर से नशा मुक्ति अभियान, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना आदि के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया. स्वास्थ्य विभाग के जिला बीवीडी को-ऑर्डिनेटर ने मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व अन्य जल जनित बीमारियों से सुरक्षा व उनके बचाव से संबंधित आवश्यक कदमों को बारीकी से बताया. वहीं सांख्यिकी पदाधिकारी ने वर्तमान में पूरे देश भर में चल रहे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र आदि के निबंधन की प्रक्रियाओं तथा उनके अड़चनों के निवारण के विभिन्न अव्यवों से कलादलों को अवगत कराया. इन्हीं जानकारियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को दी जाएगी. जिला जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि छह जुलाई से प्रारंभ हो रहे प्रचार-प्रसार अभियान के प्रथम चरण में आठ कला दलों की ओर से जिले के विभिन्न चौक-चौराहों और हाट-बाजारों में जनजागरुकता अभियान चलाया जाएगा.

# 15 जुलाई तक कोडरमा के रास्ते गिरिडीह-रांची के लिए ग्रीन सिंग्नल मिलते ही दौडैगी रेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** अभ्रकनगरी, गिरिडीह और कोडरमा के रास्ते कोयालंचल हजारीबाग टाउन रामगढ होते हुए रांची के लिए संभावित 15 जुलाई तक इन्टरसीटी एक्सप्रेस का परिचालन होने की कवायद शुरू हो गयी है और रेलवे बोर्ड की हरी झंडी मिलते ही यह ट्रेन पटरी पर दौडने लगेगी। केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के पहल पर कोडरमा हजारीबाग टाउन रांची रेल पर ग्रीन सिंग्नल का इंतजार है और गिरिडीह से रांची तक रेल सेवा शुरू होने से हजारों यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने इसके लिए समय सारणी भी जारी कर दिये है। इसके तहत न्यू गिरिडही रेलवे स्टेशन से उक्त ट्रेन 14:00 बजे खुलेगी और कोडरमा 16:10 मिनट पर पहुंचेगी। कोडरमा रेलवे स्टेशन पर इस रेलवे को ठहराव 30 मिनट का ठहराव होगा। 16:40 मिनट पर यह ट्रेन कोडरमा से खुलेगी और बडकाकाना 19:10 मिनट पर पहुंचेगी। बडकाकाना से 16:15 मिनट ट्रेन खुलकर टाटी सिलवा रेलवे स्टेशन 21:05 मिनट पर पहुंचगी और यहां से 21:07 बजे खुलकर रांची रेलवे स्टेशन 21:30 बजे पहुंचेगी। वहीं रांची से यह ट्रेन प्रातः6:10 बजे खुलेगी। और टाटी सिलवा 06:28 बजे पहुंचेगी। दो मिनट के ठहराव के बाद यह ट्रेन खुलकर बडकाकाना 08:05 मिनट पर पहुंचेगी और 5 मिनट के ठहराव के बाद 08:10 मिनट पर यह खुलकर कोडरमा रेलवे स्टेशन 10:30 बजे पहुंचेगी। कोडरमा से यह ट्रेन 11 बजे खुलेगी। और 13:10 मिनट पर नयी गिरिडीह रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। मालूम हो कि उक्त ट्रेन का सफर गिरिडीह से रांची तक का साढे सात घंटे का होगा। बताते चले कि प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग टाउन के रास्ते रांची से कोडरमा का तीसरा विकल्प भी मिला है। वर्तमान में 28 जून से पटना से गया कोडरमा हजारीबाग टाउन बडकाकाना के रास्ते रांची के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का भी परिचालन शुरू हुआ है और हाई स्पीड ट्रेन में यात्रियों की संख्या प्रतिदिन बढती जा रही है। इसी प्रकार अब गिरिडीह से रांची के लिए शुरू होने वाली इन्टरसीटी यात्रियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। झारखण्ड की महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं की वजह से देश के मानचित्र में कोडरमा आने वाले दिनों में एक नया इतिहास रचेगा। वर्तमान में कोडरमा के रास्ते रांची के लिए दो रूट मिल गये है। पहला रूट कोडरमा से नेता जी सुभाषचंद्र बोस गोमो बोकारों मुरी के रास्ते रांची जा रहा है। इस रूट में ट्रेंफिक का दबाव कम करने के लिए रेलवे ने सार्थक पहल की है। और इसी के तहत हजारीबाग टाउन के रास्ते बानादाह साइडिंग से कोयला की ट्रेनों को कोडरमा के रास्ते देश के विभिन्न राज्यों में एनटीपीसी के कोयलों को भेजने का कार्य कर रही है। इधर एक्सप्रेस ट्रेनों को भी नये विकल्प हजारीबाग टाउन के रास्ते चला रही है। वर्तमान हटिया पटना एक्सप्रेस 13 घंटे में रांची पहुंचती है।

## कर्ज मुक्ति अभियान पर चर्चा



**झुमरी तिलैया।** माहुरी वैश्य मंडल की ओर से श्री माहुरी भवन के प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें भारत के एकमात्र राजनीतिक प्रशिक्षक शाहनवाज चौधरी ने निःशुल्क कर्ज.मुक्ति अभियान के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया वैसे लोग जो आर्थिक रूप से परेशान हैं और अपना लोन या कर्जा नहीं चुका पा रहे हैं वो इन समस्या से कैसे बाहर निकलें। इसके अलावा बहुत सी प्रेरक बातें लोगो के बीच उन्होंने रखी। जिनकी सराहना उपस्थित लोगों के द्वारा की गई। इससे पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष अरुण सेठ व मंडल सचिव संजय तर्वे द्वारा मुख्याथिति अथिति का बुके देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि काप्सिमे, मंडल सचिव संजय तर्वे, विशाल भदानी, संतोष कप्सिमे, राहुल कपसीमे, विजय वैश्यखियार, दिलीप अठघरा, नीरज अठघरा , दिलीप बरहपुरिया, मुन्ना कुमार सेठ, सोनू पहाड़ी, अरविंद एकघरा, प्रो. राखी भदानी, भोलू तर्वे, नितेश बरबिगहिया, रितेश लोहानी, प्रतीक बडगवे, सुरेश प्रसाद सेठ के साथ साथ शहर के सैकड़ों लोग समल्लित हुए।

## निःशुल्क कर्ज मुक्ति केंद्र का कार्यक्रम आयोजित



**झुमरी तिलैया।** जिला के मुख्य शहर झुमरी तिलैया के झंडा चौक में बुधवार को निःशुल्क कर्ज मुक्ति केंद्र का कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अथिति के तौर पर धार्मिक एकता ट्रस्ट सह कर्जा मुक्ति अभियान के संस्थापक शाहनवाज चौधरी मौजूद हुए। कार्यक्रम में कर्ज मुक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह कुशवाहा भारतीय, फखरुद्दीन भारतीय, छठी देवी भारतीय, कर्जा मुक्ति अभियान के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विशाल भदानी मौजूद रहे। मौके पर मौजूद शहनवाज चौधरी ने कहा कि देश के कोने-कोने में लोग कर्ज के दलदल में फंसकर आत्महत्या कर रहे हैं। जिसे देखते हुए देश में निःशुल्क कर्जमुक्ति केंद्र खोला जा रहा है, ताकि लोगों को इससे बचाया जा सके। बता दें कि शहनवाज चौधरी पूरे देश भर में घूम- घूम कर लोगों को कर्जा मुक्ति से जोड़ रहें हैं। कोडरमा से अभी तक 665 फॉर्म ऑनलाइन भरे जा चुके हैं. साथ ही 500 फॉर्म बांटा गया है। जिसमें से 200 लोगों ने फॉर्म भरकर जमा भी कर दिया। कार्यक्रम में कई महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## जलडेगा में स्कूटी सवार ने पेड़ को मारी टक्कर घटनास्थल पर मौत

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पोढ़ोझरिया के पास जलडेगा परबा जाने वाली मेन रोड में 42 वर्षीय विनय सुरीन, पिता स्वर्गीय एतवा सुरीन की स्कूटी दुर्घटना में मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परबा पंचायत अंतर्गत बेन्दोसेरा झन्डा टोली निवासी विनय सुरीन बैंकिंग काम से जलडेगा प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक आफ इंडिया आया हुआ था एवं काम की समाप्ति के बाद देर शाम घर जाने के क्रम में गाड़ी से नियंत्रण बिगड़ने से सड़क किनार में एक बड़े से पेड़ के साथ माथे के बल सिधे टक्कर हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है की मृतक विनय सुरीन नशे में था। घटना की जानकारी के बाद थाना प्रभारी हिरालाल महतो पुलिस बल के साथ देर रात ही शव को कब्जे में ले लिया। वही इधर बुधवार को सदर अस्पताल सिमडेगा में पुलिस द्वारा शव के पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान घटनास्थल में पंचायत की मुखिया बिमला देवी, एसआई धीरज उरांव और मृतक के परिजन उपस्थित थे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान



**सिमडेगा।** जलडेंगा प्रखण्ड में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सिमडेगा के नेतृत्व में बुधवार को खाद्य प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया खाद्य प्रतिष्ठानों में तम्बाकु उत्पाद एक्सपायर खाद्य पदार्थों की जांच कि गई कुछेक खाद्य प्रतिष्ठानों में एक्सपायर खाद्य सामग्री के साथ कामधेनु रंग देख खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा ने फटकार लगाते हुए एक मौका देते हुए कहा कि भविष्य में अचानक औचक निरीक्षण के क्रम में यदि एक्सपायरी खाद्य पदार्थ या अवमानक खाद्य पदार्थ बिक्री या भण्डारण करते पाये गये तो उनपर कठोर कार्रवाई की जायेगी साथ ही जिला के सभी प्रकार के खाद्य व्यवसाययेता से अपील की गई है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रस्ताव का अनुपालन करें। जलडेगा प्रखण्ड अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में बच्चों को खिलाये जा रहे भोजन के गुणवत्ता की जांच की गई एवं नमूना संग्रहण कर राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा गया इससे अतिरिक्त कोटापा 2003 के तहत कुल 1200 रुपए अर्थदंड स्वरूप वसूला गया। छापेमारी टीम में सुश्री अपूर्वा मिंज, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा, राहुल कुमार एफएलसी , एनसीडी के साथ पुलिस बल उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**सिमडेगा।** झारखंड के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपा सिमडेगा के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी।भाजपा सिमडेगा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए कहा बाबूलाल जी के नेतृत्व में झारखंड में भाजपा नए उमंग और उत्साह के साथ आगे बढ़ेगी एवं 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में बहुमत के साथ केंद्र और राज्य में सरकार बनाएगी।पूर्व मंत्री विमला व एचपीसीएल के स्वतंत्र निदेशक विमला प्रधान ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को शुभकामनाएं देते हुए कहा की वनांचल भाजपा के अध्यक्ष रह चुके बाबूलाल जी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं में उत्साह है मुझे विश्वास है की झारखंड में बाबूलाल जी के नेतृत्व में लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करेगी।केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए कहा बाबूलाल मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं में उमंग है अब कार्यकर्ता दुगना जोश से बूथ स्तर तक कार्य करेंगे, और आने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में लहर उत्पन्न करेंगे।भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने भी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए कहा कि उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने पर नए पुराने सभी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

### विद्युत कर्मी एवं पावर हाउस के कर्मियों के साथ बैठक

# काम में लापरवाही उदासीनता बरतने पर होगी कार्यवाही: सहायक अभियंता



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा केलाघाघ रोड स्थित पावर सब स्टेशन में सहायक विद्युत अभियंता शैलेश कुमार एवं कनीय अभियंता रामनंदन राम की मौजूदगी में सिमडेगा जिले के सभी विद्युत कर्मी एवं पावर हाउस के कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में मुख्य रूप से सर्वप्रथम सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी उसके रखरखाव एवं उपयोग से संबंधित विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ।साथ ही बताया गया कि कोई भी विद्युत कर्मी कहीं पर भी कार्य के दौरान सेफ्टी उपकरणों का इस्तेमाल करेंगे जिससे कि किसी प्रकार की बड़ी खतरा होने से बच सकेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान लापरवाही करने वाले कर्मियों को बर्दाश्त नहीं की जाएगी उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने राजस्व संग्रहण पर जोर देते हुए अधिक से अधिक राजस्व संग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सहायक अभियंता ने कहा कि जिले में निर्बाध बिजली मिले इसके लिए लगातार प्रयास की जा रही है वही शटडाउन के दौरान 11000 एवं 33000 मेंटेनेंस के समय जो समय ली जाती है उसे किस प्रकार से कम किया जाए और लोगों को जल्द से जल्द विद्युत ठीक करते हुए बहाल की जाए इस संबंध में भी जानकारी दी गई है। साथ ही उन्होंने सभी कर्मियों को उपभोक्ताओं के साथ मधुर व्यवहार करते हुए किसी के साथ दुर्व्यवहार नहीं करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि आप उपभोक्ता के साथ सही तरीके से पेश आएं ताकि उन्हें किसी प्रकार दिक्कत ना हो ।कई बार दुर्व्यवहार के मामले शिकायत मिलते हैं ऐसे में भविष्य में दोबारा मिलेगी तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विद्युत विभाग द्वारा हेलमेट ,ग्लब्स, जूता, रेनकोट सहित सेफ्टी उपकरण दिए गए साथ ही इनका उपयोग करते हुए ही ड्यूटी करने के निर्देश दिए मौके पर जिले के सभी लाइन में पावर हाउस कर्मी एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित हुए।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में 30 से विज्ञान मेला

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड के जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह का हुआ आगमन । जिला निरीक्षक ने विद्यालय पहुंचकर विद्यालय के सभी क्रियाकलापों को देखते हुए गहनता पूर्वक निरीक्षण किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बताया गया कि 30/31 जुलाई 2023 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में प्रांतीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया है। बैठक में इस निमित्त विस्तृत चर्चा करते हुए शिक्षकों के साथ कार्य विभाजन किया गया तथा मिलजुल कर कार्यक्रम को सफल तथा ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक रहे ।

# कांग्रेसियों ने फूंका मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला, की नारेबाजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मध्य प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने के मामले में बुधवार को सिमडेगा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अगुवाई में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा मध्यप्रदेश राज्य के भाजपा शासन में सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है। घटना भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित और अपमानित करने की चरम सीमा पार कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा का आदिवासियों के प्रति जो मन में है वह खुलकर सामने आ रहा है इसका जवाब 2024 में जनता देगी इस पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू, प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलीगेट नोमिता बा,फुलजेन्सिय बिलुंग, ,पीसीसी गेलीगेट प्रदीप केशरी, कौशल किशोर रोहिल्ला, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विरंजन बाड़ा ,जिला उपाधयक्ष अजित लकड़ा, शिशिर मिंज, सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष नवीन वीरेन तिर्की,सिल्वेस्टर बघवार ,लुइस कुजूर,मो अरशद खान,अरमान खान ,विलसन मांझी ,मनीषा तिर्की , विजय बड़ाईक , अतीत टोप्पो ,प्रशांत कुमार , सरताज खान ,सचिन हेरेंज ,सुशील लकड़ा , अशोक राम , अनीश खलखो , बिपिन खेस आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने मप्र के मुख्यमंत्री का फूंका पुतला



**झुमरी तिलैया।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आदेशानुसार एवं ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू के निर्देश पर कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष यादव के अध्यक्षता में झुमरीतिलैया स्थित जिला कार्यालय पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया। भा जा पा मुख्यमंत्री चौहान के पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्वजिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा व झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि मध्यप्रदेश के सीधी जिले के कुचवाही मंडल भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य प्रवेश शुक्ला जो सीधी से इखढ विधायक केदारनाथ शुक्ला के विधायक प्रतिनिधि भी रह चुके हैं के द्वारा आदिवासी युवक पर मूत्र विसर्जन करने के घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है। एक तरफ भाजपा झूठा आदिवासी प्रेम दिखाना चाहती है दूसरी तरफ इनके नेताओं का असली चरित्र दिखता है। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र जयसवाल, प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव अर्चना कुमारी, जिला महासचिव आशीष पांडेय नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, पूर्व नगर अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी गणेश स्वर्णकार, वरिष्ठ कांग्रेसी अरविंद सेठ, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष उमेश साव, ठाकुर विक्रम सिंह, मीडिया प्रभारी भोला दास,ढ्ढनेता सुभाष सिंह यादव, पुष्पा देवी, मीना देवी, सरस्वती देवी ,मधु देवी, सुजाता कुमारी, संगीता कुमारी, शारदा देवी, लक्ष्मीनिया देवी ,उर्मिला देवी, कालबादेवी सहित जिला एवं प्रखंड के कांग्रेस जनों ने उपस्थित होकर भारतीय जनता पार्टी मुदार्बाद, शिवराज सिंह चौहान मुदार्बाद, आदिवासी विरोधी भाजपा मुदार्बाद के नारे लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## प्रेरणा शाखा की बैठक में 15 से 22 जुलाई तक जन सेवा के कार्यक्रम चलाने का निर्णय



**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा की एक बैठक शाखा की उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया के कार्यालय सभागार में हुई । बैठक में जुलाई माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा पर चर्चा की गई । वहीं अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि प्रेरणा शाखा का उद्देश्य जनसेवा के कार्यों को समाज के अंतिम पायदान तक के लोगों को मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि प्रेरणा शाखा की 50 सदस्यों और पदाधिकारियों के निरंतर प्रयास और समाज के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वही प्रांतीय अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल के द्वारा निर्देशित एवं 22 जुलाई को मंच का 22 वां पदस्थापना समारोह को लेकर 15 जुलाई से 22 जुलाई तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 15 जुलाई को जनसेवा कार्यक्रम , 16 को पर्यावरण संरक्षण, 17 को रक्त दान शिविर , 18 को कन्या भ्रूण संरक्षण जागरूकता अभियान, 19 गौ सेवा कार्यक्रम , 20 को अंग दान , देह दान , नारी चेतना से संबंधित कार्यक्रम , 21 को युवा विकास एवं खेल कूद , 22 को स्वास्थ्य जांच शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के 8 पूर्व अध्यक्षों को सम्मान भी किया जायेगा । उन्होंने कहा की 22 वर्ष पूर्व रामगढ़ के गोविंद मेवाड़ ने शाखा की शुरूआत की और पूर्व के प्रांतीय अध्यक्षों की मेहनत से सींचा गया और इनकी देख भाल भी पौधे से बागवान का रूप ले लिया है।

**अच्छी पहल**

### कोनमेरला मुखिया ने पौधा लगाकर किया पौधरोपण का शुभारंभ

# लीड्स संस्था ने 9.10 एकड़ जमीन पर करेगी पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** किसानों की आजीविका संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जलडेगा प्रखंड में लीड्स संस्था 28 किसानों के बीच 9.10 एकड़ जमीन पर वृक्षारोपण कर रही है। जिसकी शुरूवात कोनमेरला पंचायत के बड़कीटांगर गांव से की गई। यहां किसान अजय लोहरा के जमीन पर मुखिया अनिमा तोपनो ने फलदार आम और लीची का पौधा लगाते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है। वृक्ष के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इस लिए हम सबको पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही प्रण लेना चाहिए कि हम कभी भी हरे पेड़ों को नहीं काटेंगे, जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहे। वृक्ष लगाने से पर्यावरण तो सुरक्षित होगा ही फलदार वृक्ष से किसान की आजीविका में भी वृद्धि होगी। वहीं मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग के प्रखंड समन्वयक लक्ष्मण साहु ने पौधा लगाते हुए लोगो से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को पेड़ जरूर लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे । उन्होंने कहा की हर व्यक्ति चाहे एक ही पेड़ लगाए लेकिन उसकी देखभाल जरूर करे तभी हम सबका उद्देश्य सफल हो सकता है।मौके पर उपस्थित लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि लीड्स संस्था रियर परियोजना के तहत जलडेगा प्रखंड में 28 किसानों को चयनित कर कुल 9.10 एकड़ जमीन पर वृक्षारोपण का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया की जलडेगा के अलावा संस्था लातेहार जिला के चंदवा और महुआटांड़ प्रखंड, लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड, पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर प्रखंड सराईकेला खरसावां जिला के निमडीह प्रखंड में कुल 55 एकड़ जमीन पर वृक्षारोपण का कार्य कर रही है। इस दौरान लाभुक अजय लोहरा, ग्राम सभा सचिव शिवमंगल बडाईक, सेवानिवृत्त शिक्षक अमर सिंह, सोशल लीडर जयराम बड़ाइक, लीड्स संस्था के कार्यकर्ता कलिंद्र प्रधान ने भी अपने हाथों से एक एक पौधा लगाया।

## गढ़वा शहरी क्षेत्र में तीन करोड़ की लागत से होगा पांच सड़कों का निर्माण

# गढ़वा की गली-गली होगी बेहतर आवागमन की सुविधा से युक्त: मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा शहरी क्षेत्र में लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से पांच सड़कों का निर्माण किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।



जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि दो करोड़, 98 लाख, 52 हजार, 200 रुपये की लागत से गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र की पांच सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इनमें शमीम टेलर रोड से बढ़ई मोहल्ला, कुंदन पासवान के घर से पिंटू पांडेय के घर होते हुए सुनील कमलापुरी के घर तक लंबाई लगभग एक किलोमीटर, एनएच 75 मदरसा रोड से रेलवे क्रॉसिंग होते हुए विनोद महतो के घर तक लंबाई 0.90 किमी, एनएच 75 शिवढोंढ़ा रोड से बबलू के घर एवं एनएच 75 रोड से रेलवे स्टेशन गढ़वा तक लंबाई डेढ़ किलोमीटर, एनएच 75 आरके पब्लिक स्कूल से एनएच 75 रोड होते हुए इंदिरा गांधी रोड तक लंबाई 1.20 किलोमीटर, टंडवा टांड़ी पर पानी टंकी, शंकर चंद्रवंशी के घर से नगर परिषद सीमाना रोड, रमेश पासवान के घर से होते हुए छोटू बैठा के घर के रोड तक लंबाई 0.80 किलोमीटर सड़क का निर्माण शामिल है। कुल लगभग पांच किलोमीटर लंबी सड़क का राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य किया जाएगा। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग से इन सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि शहर का गली-गली बेहतर आवागमन की सुविधा से युक्त होगा। इससे पूर्व में भी गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक सड़कों का बेहतर निर्माण एवं राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अगले चरण में अन्य सड़कों का भी निर्माण कार्य किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा में कहीं भी, खोजने से भी खराब सड़क देखने को नहीं मिलेगा। इस दिशा में अधिकतम कार्य हो चुका है शेष कार्य काफी तीव्र गति से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में हर क्षेत्र में विकास कार्य यहां की जनता की सहयोग एवं आशीर्वाद से ही संभव हो पा रहा है। इसी तरह जनता का सहयोग बना रहा तो आगे और भी बेहतर कार्य होंगे किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## नाबालिग जोड़ी आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ी

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के परती कुशवानी पंचायत के एक गांव में मंगलवार की रात्रि आठ बजे के करीब ग्रामीणों ने एक नाबालिग जोड़ी को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही एक महिला के घर में छाताकुड़ (बघमनवा) गांव की लड़की और पाचाडुमर गांव का लड़के को घर में प्रवेश करते देखा गया था। करीब एक घंटे बाद घर से दोनों बाहर नहीं निकले तो ग्रामीणों इकट्ठा होकर आवाज लगाई। ग्रामीणों ने उक्त नाबालिग लड़की और लड़का को घर के एक कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ कर घर से बाहर निकाला। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीण की भीड़ इकट्ठा होकर दोनों से पूछताछ की और इसकी सूचना केतार थाना को दी। घटनास्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचे पीएसआई कृष्णा ने उक्त नाबालिग लड़का-लड़की को थाना लाया, जहां लड़की द्वारा लड़का पर पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस ने लड़के को बाल सुधार गृह में भेज दिया है, लड़की लड़की को मेडिकल चेकअप के लिए भेजा गया है।

## खरौंधी प्रखंड के किसान खेतीबाड़ी के कार्यों में जुटे

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



प्रखंड क्षेत्र में लगातार हुई बारिश के बाद अब किसान खेती-बारी की तैयारी में जुट गए हैं। बुधवार की सुबह धूप निकलने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेत-बारी की जुताई में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार की सुबाह किसान अपने बैलों के साथ खेत एव बारी की जुताई करते नजर आए। किसान सह पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने खेतों में हल जुताई करते समय कहा की इस बार जिस तरह से बारिश हो रही है आगे भी समय-समय पर बारिश होगी तो इस बार किसान की फसल बढ़िया होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि अभी मकई,अरहर, और धान की बिचड़ा लगाने का समय है। इसको लेकर सभी किसान तैयारी में जुट गए हैं। अन्य किसानों ने बताया कि अभी जिस तरह से बारिश हुई है कुछ दिन धूप निकलने से खेतों बारी में बढ़िया नमी रहेगा। इससे खेती-बारी करने में आसानी रहेगी। क्योंकि ज्यादा बारिश से खेत बारी-गिला हो जाता है और किसानों को खेतों की जुताई में काफी परेशानी होती है। किसान सह पूर्व उपप्रमुख ने बताया की पिछले साल बारिश नहीं होने से खेतीबाड़ी का कार्य नहीं हो सका था, जिससे हम सब आर्थिक तंगी का शिकार हुए थे। हम सभी का कमर टूट चुका है। सरकार को किसानों को आर्थिक मदद करनी चाहिए ताकि किसान सुचारु रूप से खेतीबाड़ी का कार्य कर सकें।

## चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले डॉ. दीप्ति व डॉ. संजय को मिला सम्मान

### दोनों चिकित्सकों को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार, पंचायत प्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**





झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा राज्य भर के उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा देने वाले डाक्टर एवं पर मेडिकल कर्मियों को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान दिया गया। इस सम्मान कार्यक्रम में भंडरा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार को भी चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी दीप्ति मल्लिका कुजुर को भी सम्मानित किया गया है। इस संबंध में बताया गया कि ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के द्वारा झारखंड के सभी जिलों से उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा देने वाले चिकित्सक एवं पारा मेडिकल कर्मियों का चयन सिविल सर्जन के अनुशंसा पर किया गया था। इसमें चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार व डॉ दीप्ति मल्लिका कुजूर को यह सम्मान दिया गया। दोनों चिकित्सको को सम्मान दिए जाने पर भंडरा बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

## बीडीओ ने 18 बच्चों को प्रदान किया ऑफर लेटर



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

कल्याण गुरुकुल गढ़वा में बुधवार को बैच नंबर 34 कारपेंटर का फ्लैग ऑफ सेरेमनी का प्रोग्राम किया गया जिसमें 18 बच्चों को ऑफर लेटर मुख्य अतिथि भवनाथपुर प्रखंड के बीडीओ जयपाल महतो ने प्रदान किया। वहीं मुख्य अतिथि ने गुरुकुल प्रांगण में पौधरोपण किया। ईद प्रोग्राम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पूर्व मुखिया अली, जय प्रकाश यादव, बंधानी पंचायत के पूर्व मुखिया मानिक चंद, मानिक बंधानी पंचायत के मौजूदा मुखिया पति राज राजेश्वर पासवान, वार्ड सदस्य दिलीप राम, बनसानी पंचायत के जनक राम, लव कुमार, सभी अभिभावक गण उपस्थित हुए। इस समारोह का संचालन प्राचार्य बृजकिशोर द्वारा किया गया। इसमें पेन आईटी के प्राचार्य बृजकिशोर, ट्रेनर विजय शर्मा, रमेश उरांव, एमआईएस रघुनाथ सिंह उपस्थित थे। सभी लोगों ने युवकों को उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डीटीओ ने समिति के सभापति को किया गुमराह, दी गलत जानकारी

### ऑनलाइन आवेदनों को महीनों लंबित रखते हैं डीटीओ, मनमर्जी से करते हैं कार्य

### जनसंपर्क पदाधिकारी का ही मामला दो महीनों से लटकाये रखे हैं डीटीओ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोबिन हेंब्रम, सभापति, झारखंड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की अध्यक्षता में मंगलवार को लोहरदगा परिसदन में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक हुई थी। इस बैठक में परिवहन विभाग की समीक्षा में जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा समिति को गुमराह करते हुए गलत जानकारी दी गई। इसमें जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सभापति समेत सभी सदस्यों को जानकारी दी गई कि लोहरदगा जिला में ड्राइविंग लाइसेंस का कोई आवेदन लंबित नहीं है, सभी आवेदन ऑनलाइन तुरंत निष्पादित कर दिए जाते हैं, जबकि सच्चाई इससे अलग है। ऑनलाइन आवेदनों को महीनों लंबित रखा जाता है। परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार अपनी मर्जी के आधार पर कार्य निष्पादित करते हैं। एक मामला जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, लोहरदगा का भी है जिन्होंने दो माह पहले ड्राईविंग लाइसेंस के नवीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन दिया था। सभी प्रक्रियाओं के बाद यह आवेदन दो माह से जिला परिवहन पदाधिकारी के पास आवेदन लंबित है। सिर्फ जिला के एक पदाधिकारी की बात नहीं है बल्कि ऐसे कई आवेदन हैं जो जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय में धूल फांक रहे हैं। ऐसे में समिति को बड़ी ही सफाई से गुमराह कर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार निकल गये। ज्ञात हो कि समिति में सदस्य के रूप में कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, तोरपा के विधायक कोचे मुण्डा और बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव भी बैठक में उपस्थित थे। समिति को उस समय बिल्कुल भी भनक नहीं लगी कि पदाधिकारी समिति के समक्ष गलत आंकड़ा और झूठ वक्तव्य प्रस्तुत कर रहे हैं।

## बैठक में झामुमो को मजबूत करने पर चर्चा

**भवनाथपुर।** झामुमो के प्रखंड कार्यकर्ताओं की बैठक अध्यक्ष मनोज यादव की अध्यक्षता में शिव मंदिर के प्रांगण में हुई। बैठक की शुरुआत में नवनिवक्त अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों को बधाई दी गई एवं अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय एवं उपाध्यक्ष को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर कर स्वागत किया गया। वहीं भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा ने शमी का पौधा देकर समानित किया। बैठक में सदस्यता अभियान चला कर पार्टी को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई एवं प्रखंड स्तरीय बैठक प्रत्येक माह करने की फैसला लिया गया। प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन करने व पंचायत कमेटी की समीक्षा करने, स्वतंत्रता दिवस भव्य तरीका से मनाने पर चर्चा की गई।

## आरकेपीएस की प्राचार्या को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सीबीएसई से संबंद्ध रांची क्षेत्र के स्कूलों के प्राचार्यों का सम्मान समारोह डीपीएस रांची के सभागार में आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सीबीएसई पटना क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के द्वारा आरकेपीएस गढ़वा के प्राचार्या सह डीटीसी व सिटी कोआर्डिनेटर प्रियंका बर्मन को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रियंका बर्मन के द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। जिस तरह से बोर्ड द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन प्रियंका बर्मन के द्वारा बखूबी निभाया गया वह काबिले तारीफ है। विषम परिस्थितियों में एक बेहतर समन्वयक के रूप में सभी स्कूलों से समन्वय स्थापित की। अपने स्कूल में भी केंद्राधीक्षक के दायित्वों का निर्वहन कर कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित की। प्रियंका बर्मन हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि वह यह सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। साथ ही यह सम्मान उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रेरित करने का काम करेगा। इस सम्मान का श्रेय उन्होंने अपने टीम वर्क को दिया। आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह संपूर्ण आरकेपीएस विद्यालय परिवार एवं इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

## सोने हरा पंचायत के रोजगार सेवक की मोटरसाइकिल चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**



प्रखंड के सोने हरा पंचायत में कार्यरत रोजगार सेवक प्रमोद कुमार प्रजापति की बीती रात्रि मोटरसाइकिल चोरी हो गई। घटना के बाद रोजगार सेवक ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ स्थानीय थाने में सनहा दर्ज करा दिया गया है। बताया जाता है कि रोजगार सेवक की मोटरसाइकिल उनके निवास गृह पंचौर गांव के अपने बरामदे में लगायी गयी थी, जहां से मंगलवार रात्रि किसी ने उठा ली। रोजगार सेवक प्रमोद ने बताया कि मैं अपने पंचायत के कार्यों को निपटा कर मंगलवार शाम अपने घर पर आया था। इसी बीच पूर्व की तरह अपने घर के बरामदे में अपनी मोटरसाइकिल को लगाकर उसकी चाबी अपने पास रख ली। सुबह सोकर उठने के बाद उक्त स्थल पर पहुंचा तो वहां पर लगी मोटरसाइकिल नहीं दिखाई दी। इसके बाद उसकी खोजबीन में में लग गया। गांव घर में खोजने पर कहीं भी उसका पता नहीं चला। थक हारकर में स्थानीय थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सनहा दर्ज करा दिया हूं। साथ ही कहा कि मोटरसाइकिल चोरी हो जाने से आने जाने में अब मुझे भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले देर सबेर कभी भी अपने पंचायत में जाकर वहां के कार्यों को निबटा कर प्रत्येक दिन मैं अपने घर चला आ रहा था।

## आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका ने दिया धरना

### उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को 6 सूत्री मांगपत्र प्रेषित किया गया


**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले गढ़वा जिले की आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर समाहरणालय के सामने धरना दिया। इसके उपरांत उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को 6 सूत्री मांगपत्र प्रेषित किया गया। इस मौके पर झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन की गढ़वा जिला अध्यक्ष कौशल्या देवी ने कहां की आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेविका से पोषाहार का अग्रिम संयुक्त खाता में दिया जाए। उधार पोषाहार आंगनबाड़ी सेविका से क्रय कराना बंद किया जाए एवं बकाया पोषाहार मानदेय राशि का अविलंब भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि बाल विकास परियोजना में प्रायः देखा जा रहा है कि पर्यवेक्षिका को एक परियोजना में कार्य करते हुए 4 वर्ष से 8 वर्ष हो रहा है। इतने लंबे समय से एक परियोजना में पर्यवेक्षिका के रहने से कार्य में शिथिलता आती है और मनमाने ढंग से कार्य करते हैं जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुरा असर पड़ रहा है, जबकि इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष वीणा सिन्हा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा प्रदेश संयोजक रामचंद्र पासवान सहित अन्य लोगों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

**धर्म-कर्म**

## जीयर स्वामी ने कहा-भगवान के प्रति प्रेम रखना, होना ही भक्ति योग

# ‘भक्ति योग मानव जीवन के कल्याण का सर्वश्रेष्ठ साधन’

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**





शुकदेवजी महाराज ने परिक्षित को बताया कि संसार में भगवान की प्राप्ति के लिए, व्यक्ति के कल्याण के लिए, उद्धार के लिए अलग-अलग साधन बताया गया है। इसके लिए भक्ति योग बताया गया है। भक्ति योग सबसे श्रेष्ठ है। सबके लिए है, सबके लिए सहज, सरल, सुलभ भी है। इससे बढ़ करके कोई श्रेष्ठ साधन नहीं है। भगवान के प्रति प्रेम रखना, होना ही भक्ति योग है। हमारे भीतर जो चिंगारी है, हमारे भीतर जो प्रकाश है, हमारे भीतर जो ज्ञान है, वैराग्य है उन ज्ञान का वैराग्य का प्रेम का तेज का जगत में प्रैक्टिकल करना अपने जीवन को शांतिमय जीते हुए हर परिस्थिति में अपने दिल को, अपने दिमाग को, उन परमात्मा में लगाए रखना यहीं श्रेष्ठ है। परमात्मा का ध्यान करना ही भक्ति योग है। यहीं सबसे श्रेष्ठ है। शुकदेवजी जी महाराज ने परिक्षित से कहा कि न जाने इस दुनिया के लोग भी उस धनांधो के पास, उस कमांधो के पास जो रात दिन अपने काम में ही डूबे रहते हैं। धन का नशा में डूबे रहते हैं, पद की नशा में डूबे रहते हैं। रूप की नशा में डूबे रहते हैं, बैभव की नशा में डूबे रहते हैं। वैसे लोगों के आश्रय से अपना जीवन अपना पेट पालते रहते हैं। ऐसे अपने आप में व्यक्तियों पर तरस आता है। क्योंकि पृथ्वी पर सोने से काम चल सकता है तो उन मनांधो, कमांधो के लिए गद्देदार पलंग के लिए क्यों प्रयास करना। शुकदेवजी परीक्षित से कहते हैं कि संसार में जितनी वस्तुएं हैं वह वस्तु प्रकृति के अधीन है। वह प्रकृति पुरुष के अधीन है, जिसको हम लोग परमात्मा कहते हैं। यदि परमात्मा का वरण करते हैं, अच्छे आचरण से रहते हैं तो बिना प्रयास के ही प्रकृति की व्यवस्था प्राप्त ही हो जाएगी। नहीं भी प्रयास करने से प्राप्त हो जाएगी। जैसे हमें नहीं भी प्रयास करने से रोग हमें घेर लेता है उसी प्रकार हम नहीं भी प्रयास करेंगे तो हमें सुख प्राप्त होगा। इसलिए हमें अपनी मयार्दा, अपनी संस्कृति, अपने सदव्यवहार का त्याग नहीं करना चाहिए। अनीति, अन्याय, बेईमानी से लोग धन कमाते हैं सुख शांति के लिए पर कितने लोगों को मिलता है। ठीक उसके विपरीत ही हो रहा है।

## संक्षिप्त

### शिक्षक के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद फरीद के नेतृत्व में 45 वर्षीय शिक्षक सूर्यदेव बैठा के आकस्मिक निधन हो जाने पर विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर प्रधानाध्यापक डॉक्टर चंद्रमौलेश्वर पांडे, राम सागर यादव, शिक्षक बजेंद्र पांडे, आशुतोष कुमार, दुर्गेश प्रसाद, बृज भूषण पांडे, राजीव रंजन तिवारी, मंसूर आलम, अस्मिता कुमारी, निधि कुमारी, समीर कुमार, उपेंद्र प्रसाद सहित कई शिक्षक उपस्थित थे। गढ़वा जिला के कांडी थाना क्षेत्र के सोहगाड़ा गांव निवासी शिक्षक सूर्यदेव बैठा का निधन बीते दिनों हार्ट अटैक हो जाने के कारण हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हो गया था। शिक्षक सूर्यदेव बैठा बड़गड़ प्रखंड के मदगड़ी च विद्यालय में कार्यरत थे। मोहम्मद फरीद ने कहा कि सूरजदेव बैठा काफी कुशल विचार के थे। वह तनाव के कारण काफी चिंता में रहते थे।

ज्ञान की बात

जैसे गुस्सा हमारी अक्ल को खा जाता है, वैसे ही अहंकार हमारे मन को खा जाता है, इसी प्रकार प्रायश्चित हमारे पाप को खा जाता है, लालच हमारे ईमान को खा जाता है, उसी प्रकार चिंता हमारी आयु को खा जाती है और रिश्वत इंसान को खा जाती है। - अज्ञात



# सावन संकल्प का महीना

**महासावन** की शुरूआत हो चुकी है। यह महीना शिव की उपासना का है। ऐसे में भोलेनाथ के भक्त उनकी उपासना में लग गये हैं। इसके साथ-साथ वर्षा की शुरूआत के बाद किसान भाई खेती में लग जायेगें। प्रकृति हरे-भरे रंग में नजर आने लगी है। भरपूर सिंचाई के बाद खेतों का रंगत बदल जायेगा। चारो तरफ खुशी का माहौल देखने को मिल जायेगा। लेकिन कुछ दुखद पहलू भी हैं। कई जगहों पर वर्षा रानी रूठ गयी हैं। ऐसे में किसानों के रंगत उड़े हुए हैं। ऐसे में विश्वास है इन्द्रदेव कृपा दिखलायेगें। ऐसी हम उम्मीद करें। इन सब से अलग बात यह भी कि हरियाली का दायरा सिमट रहा है। गर्मी के दिनों में जलाशयों का सूखना घोर चिन्ता की बात है। ऐसे में इस बरसात में पानी को संचय कर और पौधा का रोपण कर इस आपदा से निपटने का प्रयास कर सकते हैं। जल संरक्षण नहीं होने की वजह से प्रत्येक वर्ष पानी की दिक्कत होती है। अगर समय पर बारिश नहीं हो रही है तो इसके जिम्मेवार खुद हम हैं। कारण लगातार जंगलों का काटा जाना और डीप बोरिंग की वजह से जल का स्तर काफी नीचे चला गया है। ऐसे में यह माकूल समय है जब बरसात के पानी का संचय किया जाये। बहरहाल शिव के इस महीने में शिवत्व को समझना जरूरी है। शिव को सावन माह में बेलपत्र और जल ज्यादा पसंद है। इसका कारण गहरा है। इसे पानी और हरियाली भी कह सकते हैं। इसमें प्रकृति को समझने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश छिपा है। आज के वर्तमान समय में बेलपत्र और जल के महत्व को लोग नहीं समझ पा रहे हैं। यही कारण है कि हमारे दरवाजे पर असंख्य परेशानियां खड़ी हो जा रही हैं। इसके पीछे का साफ कारण पर्यावरण संरक्षण का संदेश है। यह शिव के साथ शक्ति की उपासना का पर्व है। बोल बम के पीछे भी गहरा रहस्य छिपा हुआ है। इसके बोलने मात्र से माहौल पवित्र हो जाता है। पेड़ पौधों में नई कोंपल प्रकृति को नवयौवन रूप देती है। जिसके बाद नई उर्जा का सूत्रपात हमारे अंदर होता है। ऐसे में इस मौके पर नया पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। ऐसे में शिव के बहाने यह सीखा जा सकता है कि कैसे नियमों का पालन करना चाहिए। शिव हमारे अराध्य हैं। वह कुछ संदेश इस माह में जगत के वासियों को देना चाहते हैं। राज्य का जिम्मेवार नागरिक बन कर इसके विकास में योगदान देने के बारे में जरूर सोचना चाहिए।हालांकि हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि इस मामले में हम-सब एक जवाबदेह नागरिक बनने का कर्तव्य नहीं निभा रहे हैं। मसलन पर्यावरण के बारे में हमारी लापरवाही बार-बार देखने को मिल रही है। पेड़ आज काटे जा रहे हैं। जंगल और पहाड़ नग्न अवस्था में आ गये हैं। हरियाली नाम की कोई चीज नहीं बची है। जंगलों के जानवर गांव की ओर पलायन करने को बाध्य हो रहे हैं। पानी और भोजन की कमी हो गयी है। जंगली जानवरों के घरों को आधुनिकता की दौढ़ में उजाड़े जा रहे हैं। यही कारण है कि जंगली जानवर जो कभी आदमी के सहचर थे,आज दुश्मन बन गये हैं। पूरी सृष्टि पर हाहाकार मचा है। पानी की किल्लत से कोहराम मचा है। लेकिन इन परेशानियों की वजहों की पड़ताल कोई करने को तैयार नहीं है। यह सब हमारी गलती और स्वार्थ की वजह से हो रहा है। इस बात को समझना जरूरी है। बहरहाल सावन के इस महीने में शिव की अराधना के साथ यह संकल्प लें,कि हमलोग पर्यावरण को संतुलित बनाने में इस बरसात में जरूर एक पेड़ लगायेगें।

**गर्मी के दिनों में जलाशयों का सूखना घोर चिन्ता की बात है। ऐसे में इस बरसात में पानी को संचय कर और पौधा का रोपण कर इस आपदा से निपटने का प्रयास कर सकते हैं।**

# अखण्ड भारत के स्वप्नद्रष्टा थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी





ललित गर्ग

**भारतीय** राजनीति से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का गहरा नाता हुआ करता था। वे जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था। वहाँ का मुख्यमन्त्री (वजीरे-आजम) अर्थात प्रधानमन्त्री कहलाता था। वे अखण्ड भारत के सपने को आकार देते हुए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक देश-एक निशान-एक संविधान को लागू करने के लिये संघर्षरत रहे। उन्हें उनकी अलग विचारधारा के लिए जाना जाता था। उन्होंने हमेशा हिंदुत्व के लिए अपनी आवाज उठाई थी। अखंड भारत के संकल्प के साथ डॉ. मुखर्जी ने अपने प्राणों को आहुत किया। नरेन्द्र मोदी सरकार ने डॉ. मुखर्जी के अखण्ड भारत के सपने को आकार देते हुए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक देश-एक निशान-एक संविधान को लागू कर राष्ट्र उन्हें वास्तविक श्रद्धांजलि दे रहा है। डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक, सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक, कुशल राजनेता, राष्ट्रीयता के समर्थक और सिद्धान्तवादी थे। जब कभी भारत की एकता, अखण्डता एवं राष्ट्रीयता की बात होगी तब-तब डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्रजीवन में किये गये योगदान की चर्चा अवश्य होगी। अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। उन्होंने तत्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये वे 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबन्द कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। डॉ. मुखर्जी निरन्तर राष्ट्र श्रद्धा के प्रतीकों का मान एवं रक्षण करते रहे। वे सदैव देशहित में स्वदेशी चेतना, स्वदेशी जीवन पद्धति, स्वदेशी वेशभूषा तथा स्वदेशी संस्कार के प्रकटीकरण पर बल दिया। वे सच्चे अर्थों में राष्ट्रधर्म का पालन करने वाले साहसी, निडर एवं जुझारु कर्मयोद्धा थे। जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी एवं अखण्ड राष्ट्रीयता की बात होगी, डॉ. मुखर्जी के अवदानों को सदा याद किया जायेगा। डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व के राजनीतिक आयाम पर बहुत कुछ लिखा गया है, परंतु ऐसा प्रतीत होता है कि बहुत कुछ लिखा जाना शेष है। उनका व्यक्तित्व उनके राजनीतिक जीवन से इतर भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उनका व्यक्तित्व विराट् था। वे शिक्षाविद् थे, प्रशासक थे, समाजसेवी थे, लोकतंत्र के पुरोधा थे और राजनेता थे। अलग-अलग भूमिकाओं में उन्होंने अपना श्रेष्ठ योगदान किया। कश्मीर का आंदोलन केवल राष्ट्रीयत्व के आधार, भारत की एकता की रक्षा के लिए ही नहीं, अपितु लोकतंत्र की आत्मा नागरिक अधिकारो की रक्षा के लिए भी था। उनके बलिदान ने स्पष्ट करा दिया कि भारत के नागरिक के मौलिक अधिकार कितने सुरक्षित हैं! डॉ. मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर अपने हाथों में ली है, तब से कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने, भारतीय संस्कृति की शिक्षा एवं संस्कार को आधार मानते हुए सारे विश्व में इसके प्रसार के लिए वे अग्रदूत की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। मोदी न केवल भारतीय संस्कृति के ज्ञान को माध्यम बनाकर विश्व समुदाय को जीवन जीने का नवीन मार्ग बता रहे हैं, बल्कि भारत को एक बार फिर जगतगुरु के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह बात हाल ही में की गयी अमेरीका एवं मिस्त्र की यात्रा में बढ़-चढ़कर उजागर हुई। डॉ. मुखर्जी के दृष्टिकोण एवं संकल्पों को मोदी ने 'माय आइडिया ऑफ इंडिया' के रूप में कई बार संसार के समक्ष भी रखा है। मोदी ने डॉ. मुखर्जी के व्यापक दृष्टिकोण एवं भारत को लेकर उनके सपनों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से प्रस्तुति दी है। देश और दुनिया में उनकी विचारधारा एवं सपनों को प्रभावी ढंग से न केवल प्रस्तुति दी है बल्कि उन अधूरों सपनों को पूरा भी करने की ओर डग भरे हैं। डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन सम्बन्धी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हममें कोई अन्तर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। परन्तु उनके इन विचारों को अन्य राजनैतिक दल के तत्कालीन नेताओं ने अन्यथा रूप से प्रचारित-प्रसारित किया। बावजूद इसके आमलोगों के दिलों में उनके प्रति अथाह प्यार और समर्थन बढ़ता गया। अगस्त, 1946 में मुस्लिम लीग ने जंग की राह पकड़ ली और कलकत्ता में भयंकर बर्बरतापूर्वक अमानवीय मारकाट हुई। उस समय कांग्रेस का नेतृत्व सामूहिक रूप से आतंकित था। डॉ. मुखर्जी द्वारा प्रदत्त महान विचार एवं संकल्प तेजस्वी भारत राष्ट्र की परिकल्पना की सृष्टि करता है। डॉ. मुखर्जी का जीवन बहुत संघर्षभरा रहा, अपनी राष्ट्रवादी नीतियों के कारण उन्हें बहुत से विरोध एवं उपेक्षाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अपने संकल्प पर अडिग रहे। उनके अनुसार भारत कर्मभूमि, धर्मभूमि एवं पुण्यभूमि है, यहां का जीवन विश्व के लिये आदर्श है। भारत राज्य नहीं, सर्व प्रभुता सम्पन्न राष्ट्र है। इसे राष्ट्र बनाया नहीं, अपितु यह तो सनातन राष्ट्र है। डॉ. मुखर्जी में राजनीतिक शक्ति ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक शक्ति भी प्रबल थी। वे निरन्तर भारत को शक्तिशाली एवं समृद्ध बनाने के लिये प्रतिबद्ध रहे। यही कारण है कि वे सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए। मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था।

**अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

**उस** साधु ने उस वणिक के पुत्र को सुन्दर और गुणों से सम्पन्न देखकर अपनी जाति के लोगों तथा बन्धु-बान्धवों के साथ संतुष्टचित्त हो विधि-विधान से वणिकपुत्र के हाथ में कन्या का दान कर दिया। उस समय वह साधु बनिया दुर्भाग्यवश भगवान का वह उत्तम व्रत भूल गया। पूर्व संकल्प के अनुसार विवाह के समय में व्रत न करने के कारण भगवान उस पर रुष्ट हो गये। कुछ समय के पश्चात अपने व्यापारकर्म में कुशल वह साधु बनिया काल की प्रेरणा से अपने दामाद के साथ व्यापार करने के लिए समुद्र के समीप स्थित रत्नसारपुर नामक सुन्दर नगर में गया और अपने श्रीसम्पन्न दामाद के साथ वहां व्यापार करने लगा। उसके बाद वे दोनो राजा चन्द्रकेतु के रमणीय नगर में गये। उसी समय भगवान श्रीसत्यनारायण ने उसे भ्रष्टप्रतिज्ञ देखकर 'इसे दारुण, कठिन और महान् दुख प्राप्त होगा' - यह श्राप दे दिया। एक दिन एक चोर राजा चन्द्रकेतु के धन को चुराकर वहीं आया, जहां दोनों वणिक स्थित थे। वह अपने पीछे दौड़ते हुए दूतों को देखकर भयभीतचित्त से धन वहीं छोड़कर शीघ्र ही छिप गया। इसके बाद राजा के दूत वहां आ गये जहां वह साधु वणिक था। वहां राजा के धन को देखकर वे दूत उन दोनों वणिकपुत्रों को बांधकर ले आये और हर्षपूर्वक दौड़ते हुए राजा से बोले - 'प्रभो! हम दो चोर पकड़ लाए हैं, इन्हें देखकर आप आज्ञा दें'। राजा की आज्ञा से दोनों शीघ्र ही दृढ़तापूर्वक बांधकर बिना विचार किये महान कारागार में डाल दिये गये। भगवान सत्यदेव की माया से किसी ने उन दोनों की बात नहीं सुनी और राजा चन्द्रकेतु ने उन दोनों का धन भी ले लिया। भगवान के श्राप से वणिक के घर में उसकी भार्या भी अत्यन्त दुखित हो गयी और उनके घर में सारा-का-सारा जो धन था, वह चोर ने चुरा लिया।

*(क्रमशः)*

# भारत दूरसंचार प्रौद्योगिकी का निर्यातक बनने की ओर अग्रसर



प्रहलाद सबनानी

**भारत** में डिजिटल क्रांति ने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में बहुत प्रभावी भूमिका निभाई है। भारतीय अर्थव्यवस्था, आज डिजिटल क्रांति के बलबूते ही, विश्व में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच, सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। डिजिटल क्रांति ने भारत में वित्तीय समावेशन को बहुत आसान बना दिया है एवं आज भारत वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में पूरे विश्व को राह दिखा रहा है। विकासशील देश तो आज वित्तीय समावेशन की सफलता के क्षेत्र में भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं कि वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में भारत किस प्रकार उनकी मदद कर सकता है। डिजिटल क्रांति से ही भारतीय अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण भी सम्भव हो सका है। जिसके चलते, वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण प्रति माह औसतन 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है तथा प्रत्यक्ष करों के संग्रहण में भी अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। इससे केंद्र सरकार को भारत में मजबूत आधारभूत संरचना विकसित करने में आसानी हो रही है एवं केंद्र सरकार देश में पूंजीगत निवेश को लगातार बढ़ाने में भी सफल हो रही है। साथ ही, गरीब वर्ग के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को फंडिंग करने में भी किसी प्रकार की समस्या आड़े नहीं आ रही है। भारत में डिजिटल क्रांति से केवल केंद्र एवं राज्य सरकारों को ही लाभ हुआ है, ऐसा नहीं है। बल्कि, सामान्य नागरिकों, दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों सहित, को भी विभिन्न सरकारी कार्य सम्पन्न करने में बहुत आसानी हुई है। आज भारत में इंटरनेट की सुविधा का उपयोग करने वाले नागरिकों की संख्या शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक हो गई है। भारत का टेलीकाम और डिजिटल मॉडल बहुत सरल, सहज, सुरक्षित एवं पारदर्शी है। जिसके कारण आज भारत डिजिटल क्रांति में पूरी दुनिया में एक अग्रणी देश बन गया है एवं दुनिया की अगुवाई कर रहा है। भारत में डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में नित नये नवाचार भी किये जा रहे हैं। जैसे अभी हाल ही में भारत में ई-रूपी को डिजिटल मुद्रा के रूप में प्रारम्भ किया गया है। इस डिजिटल मुद्रा को वालेट अथवा मोबाइल में रखा जा सकता है। डिजिटल मुद्रा के चलन में वृद्धि होते जाने से जेब में रुपये के रूप में मुद्रा रखने की आवश्यकता ही समाप्त हो जायेगी। यह भारत को 'डिजिटल इंडिया' बनाने में एक अहम एवं साकार कदम माना जा रहा है। वर्ष 2022 के केंद्र सरकार के बजट में डिजिटल मुद्रा को भारत में चालू करने के सम्बंध में घोषणा की गई थी। इससे भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था को बहुत मजबूती प्राप्त होगी। ई-रूपी, डिजिटल मुद्रा के रूप में बिटकोईन जैसी वर्चुअल करेंसी को समाप्त करने में सहायक होगा एवं इससे गैर कानूनी रूप से भारत में लाई जाने वाली विदेशी मुद्रा (मनी लांडरिंग) पर भी अंकुश लगाने में आसानी होगी। डिजिटल मुद्रा के माध्यम से अन्य देशों में निवास कर रहे लोगों को मुद्रा भेजने में आसानी होती है एवं दूसरे देशों को राशि भेजने पर लगने वाले खर्च में भी लगभग 2 प्रतिशत तक की कमी आने की सम्भावना है। लाभार्थियों के खाते में सीधे ही राशि हस्तांतरित की जा सकती है, इससे भारतीय नागरिकों को मुद्रा को एक देश से दूसरे देश में हस्तांतरित करने में सहूलियत होने लगेगी।

**डिजिटल क्रांति ने भारत में वित्तीय समावेशन को बहुत आसान बना दिया है एवं आज भारत वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में पूरे विश्व को राह दिखा रहा है।**

अर्थव्यवस्था

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# सांस्कृतिक जागरण की अग्रदूत लक्ष्मी बाई केलकर



रमेश शर्मा

**भारतीय** स्वाधीनता संघर्ष की सफलता में उस भावना की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसने समाज में स्वत्व का बोध कराया। यदि हम केवल आधुनिक संघर्ष का ही स्मरण करें तो हम पायेंगे कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती से लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव हेडगेवार तक ऐसे असंख्य हुतात्माएं हुईं हैं जिन्होंने दोहरा संघर्ष किया। एक तो स्वयं सीधा संघर्ष किया और संघर्ष के लिये स्वाधीनता सेनानी भी तैयार किये और दूसरा समाज में स्वत्व और सांस्कृतिक जागरण का अभियान चलाया। जिससे जाग्रत होकर समाज संघर्ष के लिये सामने आया। लक्ष्मी बाई केलकर ऐसी ही एक महाविभूति थीं जिनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र, समाज और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित रहा। लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म 06 जुलाई 1905 को नागपुर में हुआ था। उनके पिता दातेजी लोकमान्य तिलक जी के अनुयायी थे इस नाते परिवार में राष्ट्र और सांस्कृतिक जागरण का वातावरण था, लक्ष्मीबाई इसी के बीच बड़ी हुईं। उनके बचपन का नाम कमल दाते था लेकिन विवाह के बाद वे लक्ष्मी बाई केलकर बनीं और वर्धा आ गईं। उनका विवाह चौदह वर्ष की आयु में विदर्भ के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर से हुआ था। पुरुषोत्तम जी विधुर थे यह उनका दूसरा विवाह था। दोनों की आयु में अंतर भी था, लक्ष्मी बाई की आयु भले अभी कम थी पर वे मानसिक और बौद्धिक रूप से परिपक्व हो रहीं थीं। विवाह के बाद उन्होंने अपनी शिक्षा भी जारी रखी और पति के साथ समाजसेवा के कार्यों में भी सहभागी बनीं। यह वह कालखंड था जब स्वाधीनता के लिये अहिंसक आंदोलन पूरे देश में प्रभावी हो रहा था। यह संयोग ही था कि लक्ष्मी बाई के मायके का दाते परिवार और ससुराल का केलकर परिवार दोनों इन गतिविधियों में बढ़- चढ़ कर हिस्सा ले रहे थे। पूरा विदर्भ मानों इन अभियानों का हिस्सा था। यही कारण था कि 1923 के झंडा सत्याग्रह का सर्वाधिक प्रभाव पुणे से लेकर विदर्भ तक रहा था। यह इस आंदोलन की व्यापकता का ही प्रभाव था कि आगे चलकर गांधी जी ने नागपुर के समीप वर्धा को अपना एक प्रमुख केन्द्र बनाया। अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर अपनी पत्नी लक्ष्मी बाई के साथ इन सभी गतिविधियों में हिस्सा लेते। गांधी जी और तत्कालीन आंदोलनों का कितना प्रभाव इस परिवार पर था इसका अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि लक्ष्मी बाई ने अपने घर में एक चरखा केन्द्र स्थापित कर लिया था। वे सामाजिक जागरण के लिए तीन काम करतीं थीं। एक तो महिलाओं में चरखे के माध्यम से स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देतीं, दूसरा भारतीय वाड्मय के उदाहरणों से सामाजिक समरसता का वातावरण बनाती थीं। इसके लिए उन्होंने अपने घर में अनुसूचित समाज के बंधुओं को सहयोगी के रूप जोड़ा हुआ था। और तीसरा राम चरित्र मानस के प्रवचन से सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों की स्थापना। वे मानतीं थीं कि राष्ट्र की स्वायत्तता ही सर्वोपरि है। एक बार जब गांधी जी ने एक सभा में दान की आह्वान किया तो उसी क्षण लक्ष्मीबाई ने अपने गले से सोने की चैन उतारकर गांधी जी को समर्पित कर दी थी। उनका वैवाहिक जीवन अधिक न चल सका। वे अभी मात्र 27 वर्ष की थीं कि 1932 मे पति का देहान्त हो गया। उनके पास दोहरा दायित्व आ गया। परिवार में एक विधवा नंद भी रहतीं थीं।

**लक्ष्मी बाई केलकर ऐसी ही एक महाविभूति थीं जिनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म 06 जुलाई 1905 को नागपुर में हुआ था।**

देश भक्ति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### प्रधानमंत्री मोदी देंगे गोरखपुर को वंदे भारत का उपहार

**गोरखपुर।** शुक्रवार को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर नए भारत के सामर्थ्य की प्रतीक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गोरखपुर को भव्य उपहार देंगे। यह पूर्वोत्तर रेलवे के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे।

बतौर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गोरखपुर को उनके हर दौरे पर उपहार मिलता रहा है। वह यहां खाद कारखाना, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) व रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर (आरएमआरसी) की सौगात पहले ही दे चुके हैं। 22 जुलाई 2016 को उन्होंने यहां एम्स व खाद कारखाना का शिलान्यास किया था, जबकि इन दोनों बड़ी परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 07 दिसंबर 2021 को इन दोनों के साथ आरएमआरसी का भी लोकार्पण किया था। यही नहीं, पूरे देश के किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान योजना की शुरूआत भी उन्होंने 24 फरवरी 2019 को बाबा गोरखनाथ की धरती से ही की थी। उपहारों की इस श्रृंखला में प्रधानमंत्री के 07 जुलाई के दौरे पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का नाम भी जुड़ जाएगा।

### कांग्रेस कार्यकर्ता पर फायरिंग के दो आरोपित गिरफ्तार

**बहरमपुर।** मुर्शिदाबाद जिले के समशेरगंज थाना अंतर्गत तीनपाकुरिया-बाबूपुर इलाके में कांग्रेस कार्यकर्ता पर गोली चलाने के दो आरोपितों को पुलिस ने बुधवार सुबह गिरफ्तार किया है। घायल कांग्रेस कार्यकर्ता का नाम आरिफ शेख जबकि आरोपितों के नाम हासीबुर शेख एवं अकबर शेख है।

उल्लेखनीय है कि गत रविवार रात तीनपाकुरिया-बाबूपुर इलाके के जिला परिषद चार नंबर पंचायत सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अनारूल हक विप्लव चुनाव प्रचार के लिए जा रहे थे। आरोप है कि उसी समय उन्हें निशाना बनाकर गोलीबारी की गई लेकिन वे बाल-बाल बच गए और गोली आरिफ शेख नाम के 18 वर्षीय युवक के पेट में लगी। फिलहाल उसका इलाज मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में चल रहा है। सोमवार को घायल युवक की मां वहीदा बीबी ने समशेरगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई। जिसके बाद जांच में जुटी पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इसके बाद बुधवार को दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### युवक ने पत्नी व तीन बच्चों की हत्या के बाद की खुदकुशी

**जौनपुर।** नौकरी न मिलने और नौकरी के लिए दिए गए पैसे वापस न होने से हताश होकर एक युवक ने बुधवार सुबह अपनी पत्नी और तीन बच्चों की हत्या करने के बाद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। यह घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मडियांहू थाना क्षेत्र के ग्राम जयरामपुर की है। युवक ने एक स्कूल प्रबंधक को नौकरी के लिए सात लाख रुपये दिए थे। प्रबंधक ने युवक को न तो नौकरी दी और न ही पैसे वापस किए। इससे हताश होकर उसने यह कदम उठाया। एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत की खबर सुनकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। छानबीन के दौरान मृतक के कमरे से एक डॉयरी पुलिस के हाथ लगी है, जिसमें उसने चपरासी की नौकरी की एवज में स्कूल प्रबंधक को सात लाख रुपये देने की बात लिखी है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू की है।

---

**सीएम योगी ने भिक्षावृत्ति से विमुक्त हुए बच्चों के बीच किया शैक्षणिक किट का वितरण,कहा**

# बच्चों को प्लेटफार्म दे रही सरकार



**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्राचीन काल में भिक्षाटन भारतीय परम्परा का हिस्सा थी। इसके माध्यम से एक सन्यस्त व्यक्ति अपने अहंकार को त्यागकर समाज के दर्शन को समझ पाता था। आज भिक्षावृत्ति बच्चों के भविष्य के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि बच्चों को दिव्यांग बनाकर उनसे जबरन भिक्षावृत्ति करवाने वाले गिरोहों के खिलाफ हमारी सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। साथ ही भिक्षावृत्ति विमुक्त हुए बच्चों को सरकार प्लेटफार्म दे रही है। स्माइल योजना इसी लिए प्रारंभ हुई है। मुख्यमंत्री योगी ने भिक्षावृत्ति से विमुक्त हुए बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) और स्माइल परियोजना के लाभार्थी बच्चों को अपने सरकारी आवास पर बुधवार को प्रमाण पत्र एवं शैक्षिक किट वितरित किये। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति से विमुक्त हुए 102 बच्चों को यहां देखकर प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इन बच्चों को स्वयंसेवी संस्थाओं से जोड़कर इनके भविष्य को संवार रही है। गरीब से गरीब बच्चा पढ़ सके और अपने जीवन में कुछ अच्छा कर सके, इसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद 2017 से सभी बच्चों को ड्रेस, बैग, पुस्तकें, स्वेटर, जूते और मोजे उपलब्ध करा रही है। आज प्रदेश के 1.91 करोड़ बच्चे इस सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं। योगी ने कहा कि जीवन में यदि सफल होना है तो हमें सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कोई भी कार्यक्रम तभी सफल हो सकता है जब हम उसे पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाते हैं। पिक एंड चूज न हो, किसी के साथ भेदभाव न हो और अनावश्यक सिफारिशें न हों। मेरिट के आधार पर कार्य हो तो लखनऊ को हम भिक्षावृत्ति से मुक्त कर लेंगे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के पुनर्वास के लिए विभागों को कार्य करना चाहिए। पटरियों पर सोने वालों को रैन बसेरों में ले जाएं। हर व्यक्ति का जीवन अमूल्य है। एक अच्छा इंसान ही एक अच्छा डॉक्टर, इंजीनियर और अच्छा अधिकारी बन सकता है। शासन की योजनाए लोगों तक पहुंचे, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि रजिस्टर्ड श्रमिकों और अपने अभिभावकों को खो चुके बच्चों के लिए हमारी सरकार अटल आवासीय विद्यालय बना रही है। इस विद्यालय में सीबीएसई पैटर्न पर बच्चों को कक्षा एक से लेकर 12वीं तक शिक्षा मुफ्त में दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति समस्या का समाधान नहीं है, समस्या का समाधान परिश्रम है। सही दिशा का चयन कर जो लोग अपनी घर गृहस्थी संभालने के साथ-साथ अपनी आजीविका को बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, वे सफल हो रहे हैं। प्रदेश में ही ऐसे बहुत उदाहरण आपको देखने को मिल जाएंगे। ऐसा ही एक उदाहरण बीसी सखी योजना के अंतर्गत हम देख सकते हैं। सुलतानपुर जनपद की एक बीसी सखी ने अपना टर्नओवर इतना बढ़ाया है कि वह हर महीने 1.20-1.30 लाख रुपये कमीशन कमा रही है। दस वर्ष चिनहट रामलीला मैदान में रहने वाली माही ने अपनी कहानी सुनाते हुए कहा कि पहले जब हम भिक्षा मांगते थे तो लोग हमें डांटकर भगा देते हैं। मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार की वजह से हमें स्कूल में एडमिशन मिला और आज हम पढ़ पा रहे हैं। माही ने बताया कि वह पढ़ लिखकर डॉक्टर बनना चाहती हैं।

12 वर्ष के इकबाल ने अपने परिवार की कहानी सुनाते हुए कहा कि अभाव की वजह से उसके पिता का ठीक से इलाज नहीं हो पाया था। इसलिए वह पढ़ लिखकर डॉक्टर बनना चाहते हैं। इकबाल ने संकल्प लेते हुए कहा कि अगर वह डॉक्टर बन गए तो हर बीमार व्यक्ति का एक रुपये में इलाज करेंगे। सरकार की योजनाओं के माध्यम से मिले लाभ पर इकबाल ने मुख्यमंत्री योगी को धन्यवाद दिया।

# ईडी बुलावे पर नहीं गई सायोनी, विपक्ष हमलावर





**एजेंसी। कोलकाता**

करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती मामले में बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के समन के बाबजूद पूछताछ में शामिल न होने पर विपक्ष ने तृणमूल युवा कांग्रेस की अध्यक्ष और अभिनेत्री सायोनी घोष की तीखी आलोचना की है। विपक्ष का कहना है कि पहली बार पूछताछ में उन्होंने कहा था कि जब बुलाएंगे तब जाऊंगी लेकिन बुलाए तो गई नहीं। यानी वह अपने रुख से गिरफ्तारी के डर से यू टर्न ले रही हैं।हालांकि राज्य तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने बताया कि अभिनेत्री से नेता बनीं सायोनी ने पूछताछ के लिए उपस्थित होने में असमर्थता के बारे में केंद्रीय एजेंसी को सूचित किया था। हालांकि इस बारे में केंद्रीय एजेंसी की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पता चला है कि घोष आज सुबह अपने आवास से निकली थीं और चुनाव प्रचार करने पहुंची थीं। माकपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व पार्टी विधायक तन्मय भट्टाचार्य के अनुसार, वह बुधवार पूछताछ के लिए क्यों नहीं गई? बात यह है कि उन्होंने खुद पूछताछ में शामिल न होने के अपने फैसले की घोषणा नहीं की और इसके बजाय कुणाल घोष को ऐसा करने के लिए मैदान में उतारा। भाजपा प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव प्रचार में भाग लेने के लिए उनकी पूर्व व्यस्तताएं पूछताछ सत्र को छोड़ने का बहाना नहीं हो सकती हैं।

# सीधी पेशाबकांडः कमलनाथ ने शिवराज सरकार को दी चेतावनी



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के सीधी जिले में कथित भाजपा कार्यकर्ता द्वारा एक आदिवासी युवक पर पेशाब करने का मामला गमार्ता जा रहा है। सरकार द्वारा आरोपित की गिरफ्तारी, उस पर एनएसए लगाने और घर पर बुलडोजर चलाने के निर्देश के बाद भी कांग्रेस लागतार हमला बोल रही है। वहीं अब घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने एक वीडियो संदेश जारी किया है। जिसमें उन्होंने इस घटना को बिरसा मुंडा जैसे महापुरुषों का अपमान बताते हुए शिवराज सरकार को चेतावनी दी है। कमलनाथ ने बुधवार को वीडियो संदेश जारी कर कहा कि आज मेरा मन मध्य प्रदेश के आदिवासी भाई बहनों के अपमान की घटनाओं से बहुत दुखी है। सीधी जिले में एक आदिवासी युवक के ऊपर भाजपा नेता के पेशाब करने का वीडियो देखकर रूह कांप जाती है। क्या सत्ता का नशा इस कदर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर चढ़ गया है कि वे इंसान को इंसान नहीं समझ रहे। उन्होंने कहा कि यह घटना आदिवासी अस्मिता पर प्रहार है। यह घटना टंट्या मामा और बिरसा मुंडा जैसे महापुरुषों का अपमान है। यह घटना मध्य प्रदेश के करोड़ों आदिवासी भाई बहनों का अपमान है। कमलनाथ ने कहा कि मैं शिवराज सरकार को चेतावनी देता हूं कि आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचारों को सरकारी संरक्षण देना बंद करें। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से आदिवासी समाज के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाकर रहेगी।

# वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी करदाताओं की शिकायतों का करेंगे निवारण : विजय चौधरी



**एजेंसी। पटना**

स्थानीय अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को बिहार के वित्त, वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने करदाता शिकायत निवारण अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने कहा कि वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी करेंगे करदाताओं की शिकायतों का निवारण। इस मौके पर उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों एवं विभिन्न व्यवसायी संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस विभाग के दो महत्वपूर्ण पक्ष हैं- एक ओर विभागीय अधिकारी हैं, तो दूसरी ओर हमारे व्यवसायी वर्ग हैं। दोनों पक्षों के आपसी भरोसा और विश्वास से ही बेहतर माहौल बनता है एवं राज्य की तरक्की का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. लागू होने के बाद उनके सहयोग से वाणिज्य-कर विभाग का कर संग्रहण वर्ष 2016-17 के 18,751 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 34,532 करोड़ रुपये लगभग दोगुना हो गया है। विगत महीनों में विभाग ने सर्विस सेक्टर यथा- रियल एस्टेट, बीमा, कोचिंग, बैंक्वेट हॉल इत्यादि में कुछ बेहतर कार्य (बेस्ट प्रैक्टिसेज) किए हैं, जिसके कारण पिछले सिविल सेवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर वाणिज्य-कर विभाग पुरस्कृत हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा कि आज देश के अन्य राज्यों के अधिकारी बिहार में हुए इन बेहतर कार्यों को देखने आ रहे हैं। यह राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों में अधिकारियों के साथ-साथ हमारे व्यवसायी और करदाताओं का भी बड़ा योगदान है। इस सम्मान के वास्तविक हकदार भी वही हैं।

विजय चौधरी ने कहा कि विभागीय कार्यकलापों से विक्षुब्ध करदाता विभाग के शीर्षस्थ पदाधिकारियों के समक्ष अपनी समस्यायें रख सकते हैं। इसके लिये प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को विभाग के उच्च पदाधिकारी करदाताओं की समस्याओं को सुनेंगे। इसी प्रकार, विभाग के प्रत्येक अंचल कार्यालय तथा प्रमंडल स्तर पर राज्य कर अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे मंगलवार को करदाताओं की समस्याओं को सुना जायेगा। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर इनका समाधान किया जायेगा।

# विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को मिला अंत्योदय राशन कार्ड



**एजेंसी। रायपुर**

जिला प्रशासन द्वारा जशपुर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों का प्राथमिकता से अंत्योदय राशन कार्ड बनाया जा रहा है। अब तक लगभग 4387 परिवारों को राशन कार्ड बना कर दिया गया है।

दूरस्थ क्षेत्रों के पहाड़ी कोरवा परिवारों को उनके नजदीक के उचित मूल्य दुकानों में प्रत्येक माह समय पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग से प्राप्त सूची अनुसार जिले के विभिन्न ग्रामों में निवासरत दिव्यांगजनों का खाद्य विभाग द्वारा पात्रतानुसार निःशक्तजन एवं अंत्योदय राशन कार्ड जारी किया गया है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन दिव्यांगजनों का नाम, उनके परिवार के राशन कार्ड में नाम नहीं जुड़ा है उनका पृथक से राशन कार्ड जारी किया जा रहा है। ऐसे प्राथमिकता वाले राशन कार्डधारी जिनके मुख्या दिव्यांग है उनको अंत्योदय राशन कार्ड जारी किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में सामान्य राशन कार्ड और प्राथमिकता वाले राशन कार्ड और दिव्यांगजनों को शत प्रतिशत राशन कार्ड जारी किया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 1 सदस्यीय प्राथमिकता वाले राशनकार्ड धारी को 10 किलो चावल प्रति माह, 2 सदस्यीय प्राथमिकता वाले राशनकार्ड धारी को 20 किलो प्रति माह, 3 से 5 सदस्यीय राशनकार्ड धारी को 35 किलो प्रति माह तथा 5 से अधिक सदस्यीय वाले प्राथमिकता राशन कार्डधारी को 7 किलो प्रति सदस्य के हिसाब से प्रति माह राशन दिया जा रहा है। इसी प्रकार अन्त्योदय राशन कार्डधारी को 35 किलो चावल प्रति माह दी जा रही है। साथ ही मात्र 17 रुपये की सस्ते दाम पर 1 किलो शक्कर भी दिए जा रहें है। अनुसूचित क्षेत्रों में प्रति परिवार 2 किलो आयोडीन युक्त नमक तथा गैर अनुसूचित क्षेत्र में 1 किलो ग्राम आयोडीन युक्त नमक निःशुल्क दिया जा रही है। वहीं अनुसूचित विकासखण्ड एवं माडा क्षेत्र के हितग्राहियों को प्रति माह मात्र 5 रुपये प्रति किलो की दाम पर 2 किलो चना वितरण भी किया जा रहा है।

# हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव कई चरणों में कराने की मांग खारिज की



**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कई चरणों में कराने के लिए दायर एक याचिका बुधवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी की याचिका को खारिज करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक ही चरण में 8 जुलाई को कराए जाएंगे। आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति शिवगणनम ने कहा कि चूंकि केंद्रीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए व्यवस्था अदालत के निर्देशों के अनुसार की गई है, इसलिए चरणों को बढ़ाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

न्यायमूर्ति शिवगननम ने कहा, अदालत ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पहले ही कई निर्देश दिए हैं और इसलिए इस संबंध में आगे किसी निर्देश की कोई आवश्यकता नहीं है। इस मामले में पैरवी करते हुए, चौधरी के वकील मृत्युंजय चट्टोपाध्याय ने तर्क दिया कि चूंकि चुनाव पूर्व हिंसा पहले से ही राज्य में व्याप्त है, इसलिए उपलब्ध केंद्रीय बल अक्सर हिंसा के जमीनी स्तर तक पहुंचने में सक्षम नहीं हो सकते। इसलिए बहु-चरणीय चुनावों की आवश्यकता है।

हालांकि, उनकी दलील को डिविजन बेंच ने खारिज कर दिया। इससे पहले, राज्य विधानसभा में ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के एकमात्र प्रतिनिधि नौशाद सिद्दीकी ने भी इसी तरह की दलील दी थी।

**नवाचार** **परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं है लैस**

# युवाओं के सपनों को उड़ान देता 'ग्राम ज्ञानालय'



**एजेंसी। भदोही**

कल्पनाएं जब सजती और संवरती हैं तो उम्मीदों को पंख लग जाते हैं। इरादे और हौसले मजबूत हो जाते हैं। मंजिल खुद-ब-खुद तय हो जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और प्रधानमंत्री मोदी की ग्रामीण विकास की सोच से व्यपाक परिवर्तन दिख रहा है। भदोही जिला के जिलाधिकारी गौरांग राठी की एक अनूठी पहल पूरे उत्तर प्रदेश और देश में मिसाल बनती दिखती है। शहर-ए-कॉलीन के गावों में नवाचार के तहत ग्राम ज्ञानालय की स्थापना कर युवाओं को नई दिशा देने की पहल शुरू की है।

पूरे उत्तर प्रदेश में यह अपनी तरह का अनूठा नवाचार है। जनपद के 546 ग्राम पंचायतों में आधुनिक ह्यग्राम ज्ञानालयह्न की स्थापना की तरफ बड़ी तेजी से कदम बढ़ रहे हैं। तकरीबन 150 गांव में यह काम करने लगा है। शुरूआती दौर में ही कम से कम 4000 छात्र-छात्राएं इससे जुड़कर उच्च गुणवत्तापरक शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। जिसकी वजह से उनके शैक्षिक विकास का आधार बेहद मजबूत हो रहा है। पूरे देश में अपनी तरह का आधुनिक सोच को प्रदर्शित करने वाला यह ग्राम ज्ञानालय युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रहा है। योगी सरकार के जनप्रतिनिधि इसमें बढ़चढ़ कर सहभागिता करते दिखते हैं। विकास की धुरी से जुड़े जिलाधिकरी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार की पहल पर अपना योदान दे रहें हैं।मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकता के कार्यक्रमों से संबंधित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पीपीटी के माध्यम से ग्राम ज्ञानालय के विजन से शासन को अवगत कराया है। मुख्य सचिव नवाचार की इस पहल को देखकर इतने प्रभावित हो गए कि उन्होंने जिलाधिकारी की खूब प्रशंसा की है और कहा कि इस रिपोर्ट को भारत सरकार को भेजा जाएगा। इस तरह की सुविधा पूरे उत्तर प्रदेश में उपलब्ध करायी जाएगी। युवाओं में शैक्षणिक विकास और प्रतियोगी स्पर्धा पैदा करने के लिए यह नवाचार बेहद अपने तरह का अकल्पनीय है। युवाओं के सपनों को आयाम देने के लिए ग्राम पंचायतों में इस तरह के ज्ञानालय यानी वाचनालय की स्थापना की जा रही है। वाचनालय में भरपूर पुस्तक, फर्नीचर, सीसीटीवी, स्मार्ट टीवी और ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा अभ्युदय योजना के तहत रिटायर्ड शिक्षक प्रवक्ता और दूसरे विषय के विशेषज्ञ इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। संबंधित पंचायत या ग्राम सचिवालय भवन में ही एक खास कमरा बनाकर वहां संचालित किया जा रहा है।

ग्रामीण अंचलों के ऐसे बच्चे जो कड़ी स्पर्धा में अपने को खुद साबित करना चाहते हैं उनके लिए जनपद भदोही के गांव में ग्राम ज्ञानालय की अनूठी व्यवस्था से युवा जुड़ रहें हैं।

### एसएसबी ने बॉर्डर पर दो सूडानी माहिला को किया गिरफ्तार

**अररिया।** भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी ने मंगलवार को दो सूडानी महिला को बिना वैध कागजात के भारत से नेपाल प्रवेश करने के दौरान पकड़ा है। एसएसबी 45वीं बटालियन की बाह्य सीमा चौकी शैलेशपुर ने भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय बार्डर पर भारत से नेपाल जाने के क्रम में दोनों सूडानी महिला को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए एसएसबी 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट रूपेश शर्मा ने बुधवार को बताया कि बाह्य सीमा चौकी शैलेशपुर के सामने से भारत-नेपाल जाने आने का एक पारंपरिक मार्ग है। जहां से दोनों देशों के नागरिकों का आवागमन होता है। इस रास्ते पर एसएसबी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी शैलेशपुर का एक चेक पोस्ट है। इस चेक पोस्ट के रास्ते आने जाने वालों की चेकिंग की जाती है।

# जर्मनी, स्पेन का दौरा, भारतीय महिला टीम का ध्यान युवाओं पर



**एजेंसी। मुंबई**

टीम में कुछ जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ, भारतीय महिला हॉकी टीम मैचों की एक श्रृंखला के लिए जर्मनी और स्पेन के लिए रवाना होगी, जो सितंबर में आगामी एशियाई खेलों के लिए उसकी तैयारियों का आकलन करने में मदद करेगी।

अगले कुछ महीने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह चीन में एशियाई खेलों से पहले 'बनने या तोड़ने' की अवधि पर है। एशियाई खेलों में जीत से टीम को अगले साल के ओलंपिक खेलों में सीधे प्रवेश मिल जाएगा, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे पेरिस में होने वाले मेगा इवेंट के लिए टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

इसलिए, अगले कुछ महीनों में कठोर प्रशिक्षण, छिटपुट आराम की अवधि, टेस्ट मैचों का परीक्षण, संयोजनों को ठीक करना और अधिक कठोर प्रशिक्षण शामिल होगा - यह सब एक योजना के अनुसार तैयार किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खिलाड़ी उस समय शारीरिक और मानसिक रूप से सर्वश्रेष्ठ हों।

टीम 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए इस यात्रा में पहला कदम यूरोप के तीन सप्ताह के दौरे के साथ उठाएगी, जिसके दौरान वह जर्मनी में चीन और मेजबान देश के खिलाफ द्विपक्षीय मैच और स्पेन में चार देशों का अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेगी, जिसमें मेजबान के अलावा ग्रेट ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका अन्य टीमें होंगी।

टीम स्पेन और जर्मनी दौरे की तैयारी के लिए बेंगलुरु में एक कठिन शिविर से गुजरी है और कोच जेनेक शोपमैन और कप्तान सविता पुनिया दोनों को लगता है कि खिलाड़ी आने वाले चुनौतीपूर्ण समय के लिए तैयार हैं।

जर्मनी और स्पेन के आगामी दौरे के लिए, शोपमैन ने हांगझाऊ एशियाई खेलों से पहले कुछ नए संयोजन तैयार करने के लिए कुछ जूनियर खिलाड़ियों को चुना है। 16 से 19 जुलाई तक खेले जाने वाले दौरे के जर्मन चरण में भारत पहले मैच में चीन से भिड़ेगा और फिर दो मैचों में मेजबान टीम से भिड़ेगा। स्पेन में, भारत स्पेनिश हॉकी महासंघ की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर टेरासा में 25 से 30 जुलाई तक चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेगा।

इस दौरे पर फोकस युवा मिडफील्डर ज्योति छत्री पर होगा, जो जूनियर विश्व कप टीम का हिस्सा थीं और प्लेइंग इलेवन में स्थायी जगह पक्की करने की उम्मीद कर रही हैं। शोपमैन ने कहा कि ज्योति छत्री इस दौरे पर सीनियर राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करेंगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जो खिलाड़ी स्पेन और जर्मनी दौरे का हिस्सा हैं वे एशियाई खेलों में शामिल होंगे।

लड़कियाँ वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और हमने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा दौरा किया है और फिर, निश्चित रूप से, मैं जूनियर एशिया कप के लिए जापान में जूनियर टीम के साथ था और वहां कुछ खिलाड़ियों को पास से ही खेलते हुए देख पाया था। मुझे लगता है कि हमारा कोर ग्रुप और मजबूत होता जा रहा है और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है क्योंकि इसका मतलब है कि प्रशिक्षण का स्तर ऊंचा है और इसका मतलब है कि हर किसी को प्रदर्शन करना होगा और मैं कुछ एथलीटों से यह भी जानता हूं कि वे टीम में क्या लाएंगे। कप्तान सविता ने कहा कि जर्मनी और स्पेन का दौरा उन कुछ क्षेत्रों पर काम करने का भी मौका है जिनकी कोचिंग स्टाफ ने पहचान की है, हालांकि उन्होंने उन क्षेत्रों को टीम की कमजोरियों के रूप में सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया।

### भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला पर क्रेग ब्रेथवेट बोले

# मानसिक तैयारी और रणनीति पर अमल सफलता की कुंजी



**एजेंसी। ब्रेथवेट एंटीगा**

वेस्टइंडीज के टेस्ट कप्तान क्रेग ब्रेथवेट का मानना है कि भारत के खिलाफ 12 जुलाई से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मानसिक तैयारी और रणनीति पर अमल करने का हुनर सफलता की कुंजी साबित होगा। दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज टीम भारत में इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी। ब्रेथवेट और उनकी टीम हालांकि आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नये सत्र का आगाज भारत के खिलाफ करने को लेकर बेताब है । वेस्टइंडीज के क्रिकेटर इस समय कूलीज क्रिकेट मैदान पर तैयारी में जुटे हैं। ब्रेथवेट के हवाले से क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, अच्छी शुरूआत करना अहम है । हम भारत के खिलाफ खेल रहे हैं और सभी को इसका बेताबी से इंतजार है। उन्होंने कहा, एक टीम , बल्लेबाजों और गेंदबाजों के तौर पर हमें पता है कि क्या अपेक्षा करनी है और इसी के लिये तैयारी काफी अहम है। उन्होंने कहा, हमें भारतीय टीम और यहां के हालात के बारे में पता है तो मानसिक तैयारी काफी अहम है। हमें सटीक रणनीति बनाकर उस पर अमल करना होगा। ब्रेथवेट ने कैरेबियाई क्रिकेटप्रेमियों से बड़ी तादाद में आकर टीम की हौसलाअफजाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, डोमिनिका में पहला टेस्ट होगा और हम चाहते हैं कि हमारे प्रशंसक बड़ी संख्या में मैदान पर आयें। दूसरा टेस्ट 20 जुलाई से त्रिनिदाद में होगा। इसके बाद 27 जुलाई से तीन वनडे और तीन अगस्त से पांच टी20 मैच खेले जायेंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### लंका प्रीमियर लीग खेलेंगे बाबर, शाकिब, मिलर



**नई दिल्ली।** बाबर आजम, शाकिब अल हसन और डेविड मिलर जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे 30 जुलाई से शुरू हो रही लंका प्रीमियर लीग में खेलेंगे। स्टार स्पोटर्स भारत , श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव में लीग का प्रसारण करेगा । श्रीलंका के तिसारा परेरा, वानिंदु हसरंगा, एंजेलो मैथ्यूज और दासुन शनाका भी लीग में दिखेंगे । इसके मैच कोलंबो अङ्रैर कैंडी में खेले जायेंगे । इसमें पांच टीमें कोलंबो स्ट्राइकर्स, दाम्बुला औरा, गॉल टाइटंस, जाफना किंग्स और बी लव कैंडी भाग लेंगे।

### रूट ने विलियमसन को गंवाया नंबर 1 स्थान



**दुबई।** नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला, क्योंकि इंग्लैंड के स्टार जो रूट ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को शीर्ष स्थान गंवा दिया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने लॉर्ड्स में दूसरेएशेज टेस्ट के बाद शीर्ष की ओर तेजी से प्रगति की है। रूट, जो केवल 10 और 18 का स्कोर ही बना सके, पांचवें स्थान पर खिसक गए, जिससे न्यूजीलैंड के चोटिल अनुभवी खिलाड़ी एक स्थान ऊपर खिसक गए और स्मिथ से केवल एक रेटिंग अंक आगे शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच गए।

# कुवैत को हराकर 9वीं बार चैंपियन बनी भारतीय टीम



**एजेंसी। बेंगलुरू।**

गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने डाइव लगाकर निर्णायक पेनल्टी बचाई और भारत ने मंगलवार को कुवैत को शूटआउट में 5 . 4 से हराकर नौवीं बार सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप खिताब जीत लिया। दोनों टीमें 120 मिनट के खेल तक 1 . 1 से बराबरी पर थीं। पेनल्टी शूटआउट के पांच दौर के बाद भी स्कोर 4 . 4 था जिसके बाद सडन डैथ पर फैसला हुआ। महेश नोरेम ने स्कोर किया और भारत के गोलकीपर गुरप्रीत संधू ने डाइव लगाकर खालिद हाजिया का शॉट बचाकर टीम को जीत दिलाई। निर्धारित समय के भीतर शाबाइब अल खालिदी ने 14वें मिनट में गोल करके कुवैत को बढत दिलाई थी जबकि भारत के लिये बराबरी का गोल लालियांजुआला छांगटे ने 39वें मिनट में दागा। गत चैम्पियन भारत और कुवैत ने आखिरी ग्रुप मैच भी 1.1 से ड्रॉ खेला था। भारत ने दूसरी बार पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की है। इससे पहले एक जुलाई को सेमीफाइनल में लेबनान को भी पेनल्टी शूटआउट में 4 . 2 से हराया था। उस मैच में भी संधू ने शूटआउट में जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। भारत के लिये कप्तान सुनील छेत्री, संदेश झिंगन, शुभाशीष बोस, छांगटे और महेश ने गोल दागे जबकि उदांता सिंह चूक गए। शूटआउट से पहले कुवैत का दबदबा था जिसने पहले हाफ में कई मौके बनाये। इसका फायदा 14वें मिनट में मिला जब मुबारक अल फानीनी ने बायें विंग से अब्दुल्ला अल ब्लूशी को पास दिया । अल ब्लूशी ने गेंद अल खालिदी को सौंपी जिसने गोल करके कुवैत को बढत दिलाई। भारत अगले ही मिनट बराबरी कर लेता लेकिन कुवैत के गोलकीपर अब्दुल रहमान ने छांगटे का शॉट बचा लिया। इस साल एफआईएफएफ के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुने गए छांगटे ने हालांकि 39वें मिनट में बराबरी का गोल कर दिया । सहल अब्दुल समाद और कप्तान छेत्री के बीच पास के आदान प्रदान के बाद गेंद छांगटे तक पहुंची जिसने विरोधी गोलकीपर को छकाकर गोल दागा। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने भरसक कोशिश की लेकिन गोल नहीं हो सका।

## एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने से रोमांचित हूं : सहरावत



**एजेंसी। बुसान**

भारतीय कबड्डी टीम ने शुक्रवार को बुसान (दक्षिण कोरिया) में ईरान को 42-32 से हराकर अपना आठवां एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप खिताब जीता। कप्तान पवन सहरावत ने 13 अंकों के साथ आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व किया, इस बीच, असलम इनामदार और अर्जुन देशवाल ने भी क्रमशः 8 और 5 अंक हासिल किए। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में अपना हर मैच जीता। प्रो कबड्डी लीग में पांचवें सबसे ज्यादा रेड पॉइंट स्कोरर पवन सहरावत ने इस जीत के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने कहा, "टूनामेंट में सभी मैचों में जीत दर्ज करना शानदार था। हम इस तरह के प्रभावशाली प्रदर्शन से रोमांचित हैं। आखिरी प्रो कबड्डी लीग के नौ सीजन ने भारतीय कबड्डी को अगले स्तर पर ले जाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है।" इस बीच, स्टार ऑलराउंडर असलम इनामदार ने कहा, "हमें अपना आठवां खिताब जीतने पर बहुत गर्व है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना बिल्कुल असाधारण था। नियमित रूप से प्रो कबड्डी लीग खेलने से निश्चित रूप से हममें से सर्वश्रेष्ठ सामने आया है। हम हर साल हाई-ऑक्टेन मैचों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए बहुत भाग्यशाली हैं। हम यहां से केवल बेहतर हो सकते हैं और इसलिए हम आगामी सीजन 10 में और भी अधिक सुधार करने के लिए बहुत उत्साहित हैं।" प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 में सबसे ज्यादा रेड पॉइंट स्कोरर अर्जुन देशवाल ने कहा, ₹ईरान को हराना आपको हमेशा एक शानदार एहसास देता है।

## टीम इंडिया के वेस्टइंडीज दौरे का दूरदर्शन छह भाषाओं में प्रसारण करेगा

**मुंबई।** दूरदर्शन (डीडी) भारत के आगामी वेस्टइंडीज दौरे का प्रसारण करेगा। इस दौरे में 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेले जाएंगे। एक महीने तक चलने वाली द्विपक्षीय श्रृंखला 12 जुलाई से 13 अगस्त तक होने वाली है। डीडी दर्शकों को अपनी भाषा में खेल देखने का विकल्प देगा - टी20और वनडे सीरीज का प्रसारण हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, बांग्ला और कन्नड़ में डीडी स्पोर्ट्स के साथ-साथ नेटवर्क के क्षेत्रीय चैनलों डीडी पोधिगई, डीडी सप्तगिरी, डीडी यादगिरी, डीडी बांग्ला और डीडी चांदना पर किया जाएगा। टेस्ट मैचों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। डीडी स्पोर्ट्स पर प्राथमिक प्रसारण में हिंदी और अंग्रेजी का संयोजन होगा। डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार के बाद यह पहली बार होगा जब टीम इंडिया एक्शन में होगी और टीम नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरूआत जीत के साथ करना चाहेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पांड्या उन नामों में से होंगे जिन पर नजर रहेगी।

## कार्लोस अल्काराज को उम्मीद कि फेडरर उनका एक मैच देखेंगे



**एजेंसी। लंदन**

दुनिया के नंबर 1 पुरुष टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मजाकिया अंदाज में अपनी 'ईर्ष्या' व्यक्त की कि रोजर फेडरर उन्हें नहीं देख रहे थे क्योंकि उन्होंने विंबलडन के पहले दौर में अपना दबदबा बनाया था और उन्हें उम्मीद है कि स्विस दिग्गज उनका एक मैच देखेंगे। अल्काराज ने मंगलवार को विंबलडन में जेरेमी चार्डी के खिलाफ अपनी पहले दौर की जीत पूरी की। स्पैनियार्ड नंबर 1 कोर्ट पर विजयी हुए, जबकि फेडरर, जो अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक विशेष समारोह के लिए ऑल इंग्लैंड क्लब में उपस्थित थे, सेंटर कोर्ट पर रॉयल बॉक्स में बैठे गत चैंपियन एलेना रिबाकिना के मैच को देख रहे थे। अल्काराज ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹मैच के बाद, मैं फोन पर मेरे पास मौजूद हर चीज, सभी कहानियां, सभी पोस्ट की जांच कर रहा था। मैंने देखा कि रोजर फेडरर यहां थे। मुझे थोड़ी ईर्ष्या हो रही थी। "ईमानदारी से कहूं तो, मैं चाहता हूं कि रोजर फेडरर मेरा एक मैच जरूर देखें। मैं उनके साथ थोड़ी बातचीत करना चाहता हूं। मेरे लिए, यह आश्चर्यजनक होगा। मुझे उम्मीद है कि मैं उन्हें एक से अधिक बार देखूंगा। अल्काराज से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि वह फेडरर, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के द बिग थ्री के उत्तराधिकारी हैं।

## एचआईएल के पुनरुद्धार के लिए हुई हॉकी इंडिया लीग समिति की बैठक



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पुनरुद्धार को गति देते हुए, पद्म श्री डॉ. दिलीप टिर्की की अध्यक्षता वाली समिति की बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित की गई। एचआईएल समिति ने वाणिज्यिक एजेंसी बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित वित्तीय मॉडल का संज्ञान लिया और पुरुषों की एचआईएल के लिए आठ फ्रेंचाइजी और आकर्षक लीग के महिला प्रारूप में चार टीमों की सुविधा की संभावनाओं पर भी चर्चा की। एचआईएल को हॉकी इंडिया की सबसे प्रभावशाली पहलों में से एक के रूप में श्रेय देते हुए, जिसने पिछले कुछ वर्षों में टोक्यो ओलंपिक खेलों में ऐतिहासिक कांस्य पदक सहित भारतीय पुरुष टीम को सफलता दिलाई, हॉकी इंडिया लगातार एक सफल वित्तीय मॉडल की दिशा में काम कर रहा है जो न केवल लीग की बहाली करेगा, बल्कि इसकी स्थिरता भी सुनिश्चित करेगा। आज हुई बैठक के आधार पर अपनी योजनाओं के बारे में खुलासा करते हुए, एचआईएल के अध्यक्ष और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, "आज समिति ने वित्तीय अनुमानों की समीक्षा की और वाणिज्यिक एजेंसी द्वारा प्रस्तावित एक स्थायी वित्तीय मॉडल पर सहमति व्यक्त की, जिसने समिति को एक विस्तृत प्रस्तुति दी थी। इस प्रस्ताव की अगले महीने (10 अगस्त) हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड द्वारा समीक्षा की जाएगी जहां हम इसके कार्यान्वयन पर निर्णय लेंगे।" उन्होंने कहा,"हम एचआईएल के महत्व को समझते हैं जिसने हमारे खिलाड़ियों को काफी अनुभव दिया है और अंतरराष्ट्रीय हॉकी में उनके प्रदर्शन को ऊपर उठाने में मदद की है। इसी तरह, हमारा मानना है कि महिला एचआईएल विश्व हॉकी में वांछित परिणाम लाने में सकारात्मक प्रभाव डालेगी। समिति के सदस्य आज प्रस्तुति से प्रसन्न हुए और मुझे खुशी है कि अब हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।" हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, जो आज एचआईएल समिति की बैठक का हिस्सा थे, ने लीग को पुनर्जीवित करने में हुई प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, "हम इस संबंध में कदम-दर-कदम आगे बढ़ रहे हैं और जबकि हम लीग को फिर से शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एक स्थायी योजना बनाई जाए।

## एमसीसी के कुछ सदस्यों का व्यवहार बिल्कुल गलत था : डेविड गॉवर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लीड्स इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड गॉवर ने दूसरे एशेज टेस्ट के पांचवें दिन लॉर्ड्स में मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के कुछ सदस्यों के ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के प्रति व्यवहार को बिल्कुल गलत और बेहद विडंबनापूर्ण बताया है। लॉर्ड्स में पांचवें दिन के खेल में एलेक्स कैरी ने जॉनी बेयरस्टो को स्टंप किया था, जब बल्लेबाज क्रीज से बाहर निकल गए थे, उसके बाद लंच ब्रेक के दौरान, एमसीसी के सदस्यों ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ धक्का-मुक्की की, मजाक उड़ाया और उनकी आलोचना की। एमसीसी के कुछ सदस्यों ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों, विशेषकर ख्वाजा के प्रति मौखिक दुर्व्यवहार किया, जिन्होंने बाद में इस व्यवहार को अपमानजनक कहा। परिणामस्वरूप, एमसीसी ने लॉर्ड्स में दर्शकों के प्रति उनके व्यवहार के लिए तीन सदस्यों को निलंबित कर दिया। एसईएन रेडियो पर गॉवर ने कहा, मुझे यह बहुत ही विडंबनापूर्ण लगा, और यह भयानक भी है, कि एमसीसी सदस्य उस्मान ख्वाजा पर हमला कर रहे थे जो वास्तव में क्रिकेट में सबसे अच्छे व्यक्ति हैं। यह बिलकुल गलत है. मैं पिछली एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया में था और मैंने उसे वहां शतक बनाते देखा और यहां भी उसे शतक बनाते देखा।"गॉवर ने कहा, यह एक तरह की पैक मानसिकता है जो मुझे पसंद नहीं है, मैं इससे बिल्कुल नफरत करता हूं। आपके पास लोग या क्लब नहीं हो सकते - क्योंकि एमसीसी निश्चित रूप से यही है, यह एक निजी क्लब है - जिसका विश्व क्रिकेट में एक ऊंचा स्थान है।"

**चुनौती**

### अजीत अगरकर टीम इंडिया के नये मुख्य चयनकर्ता

# वर्ल्ड कप की टीम चुनने की होगी जिम्मेदारी



**एजेंसी। मुंबई**

भारत के पूर्व गेंदबाज अजीत अगरकर सीनियर पुरुष चयनकर्ता समिति के अध्यक्ष बन गये हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की। बोर्ड ने कहा, सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पुरुष चयन समिति में एक चयनकर्ता के पद के लिये आवेदकों का साक्षात्कार लिया। तीन सदस्यीय सीएसी ने सर्वसम्मति से उक्त पद के लिये अजीत अगरकर की सिफारिश की है। विज्ञप्ति में कहा गया, समिति ने वरिष्ठता (टेस्ट मैचों की कुल संख्या) के आधार पर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष की भूमिका के लिये भी अगरकर की सिफारिश की। उल्लेखनीय है कि एक समाचार चैनल के स्टिंग ऑपरेशन के बाद फरवरी में चेतन शर्मा ने मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। पिछले पांच महीनों से यह पद खाली था। इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाली बीसीसीआई की अधिसूचना के अनुसार, कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 एकदिवसीय और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुका व्यक्ति ही चयनकर्ता के पद के लिये आवेदन कर सकता था।

साथ ही कम से कम पांच साल पहले संन्यास ले चुका व्यक्ति ही आवेदन के लिये पात्र था। अगरकर ने 110 प्रथम श्रेणी, 270 लिस्ट-ए और 62 टी20 मैच खेलने के अलावा 26 टेस्ट, 191 वनडे और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह 2007 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित उद्घाटन टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे। एकदिवसीय क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाये गये सबसे तेज अर्द्धशतक का रिकॉर्ड अब भी अगरकर (21

### महिला टी20 के लिए जहांआरा, फरगाना हक को किया बाहर

**ढाका।** तेज गेंदबाज जहांआरा आलम और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज फरगाना हक को भारत के खिलाफ 9 जुलाई से शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने वाली आगामी महिला टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम से बाहर कर दिया गया है। जहांआरा और फरगाना के अलावा, ऑलराउंडर लता मंडल, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज फरिहा त्रिस्ना और बाएं हाथ की बल्लेबाज रूबिया हैदर को भी मई में श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में रहने के बाद बाहर किया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा जारी बयान में, हालांकि, फरगाना, लता और फरिहा को शर्मिन अख्तर सुप्ता के साथ श्रृंखला के लिए स्टैंड-बाय खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। इन पांच खिलाड़ियों के स्थान पर, अनुभवी ऑलराउंडर सलमा खातून, बल्लेबाज दिलारा अख्तर, शाथी रानी और शोर्ना अख्तर, साथ ही तेज गेंदबाज मारुफा अख्तर हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मेहमान भारतीय टीम के खिलाफ श्रृंखला के लिए मुख्य टीम में आए हैं, जो 6 जुलाई को देश में पहुंचेंगे। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन टी20 मैच 9, 11 और 13 जुलाई को ढाका समय के अनुसार दोपहर 2 बजे से शुरू होंगे। गौरतलब है कि बांग्लादेश 2024 महिला टी20 विश्व कप का मेजबान भी है। टी 20 श्रृंखला के समापन के बाद, भारत और बांग्लादेश 16, 19 और 22 जुलाई को एक ही स्थान पर तीन वनडे मैच खेलेंगे। तीन वनडे मैच 2022-25 आईसीसी महिला वनडे चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा हैं, जो भारत की मेजबानी में होने वाले 2025 महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए योग्यता निर्धारित करने के लिए दस टीमों के बीच खेला जाता है।



NEWS इन ब्रीफ

## मारुति की सबसे महंगी कार 'इनविक्टो' लॉन्च

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी ने बुधवार को अपनी पहली प्रीमियम एमपीवी'इनविक्टो' को भारत में लॉन्च कर दिया है। ये कंपनी की सबसे महंगी कार है। कार की शुरूआती कीमत 24.79 लाख रुपए है जो टॉप वैरिएंट में 28.42 लाख रुपए तक जाती है। इसके अलावा इनविक्टो को हर महीने 61,860 रुपए के सब्सक्रिप्शन पर भी लिया जा सकता है। कंपनी ने कार की बुकिंग 19 जून से शुरू कर चुकी है। बायर्स एमपीवी सेगमेंट की कार को कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट से या नेक्सा डीलरशिप पर 25 हजार रुपए की टोकन मनी देकर बुक कर सकते हैं। इसका सीधा मुकाबला टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस से रहेगा। कार को महिंद्रा एक्सयूवी 700, किया केरेंस और किया कार्निवल से भी कार को कॉम्पिटिशन मिलेगा।

## विदेशी निवेश पाने में भारतीय बाजार तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय शेयर बाजार में अप्रैल-जून तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा (1,220 करोड़ डॉलर) का विदेशी निवेश आया। पहले स्थान पर काबिज जापान के शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने 6,607 करोड़ डॉलर का निवेश किया। चीन 4,818 करोड़ डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है। इस अवधि में ताइवान के बाजारों में विदेशी निवेशकों ने 327 करोड़ डॉलर, इंडोनेशिया के बाजारों में 64 करोड़ डॉलर व दक्षिण कोरिया में 29 करोड़ डॉलर का निवेश किया है।

# जीएसपी लाभ समय की जरूरत : बुधिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की निर्यात-आयात (एक्जिम) पर राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन संजय बुधिया ने कहा कि भारतीय निर्यातकों को अमेरिका द्वारा प्राथमिकताओं की सामान्यीकृत प्रणाली (जीएसपी) लाभ को प्राप्त करने के लिए जल्द समाधान आज के समय की मांग है। उन्होंने कहा कि इससे द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। भारत और अमेरिका घरेलू निर्यातकों के लिए जीएसपी लाभ की बहाली की मांग पर चर्चा करने को सहमत हो गए हैं। इससे घरेलू निर्यातकों को फायदा होगा। अमेरिका में पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 2019 में भारत के लिए जीएसपी को रद्द कर दिया था।



जीएसपी पात्र विकासशील देशों को अमेरिका को शुल्क मुक्त वस्तुओं के निर्यात की अनुमति देता है। बुधिया ने कहा कि जीएसपी के तहत अमेरिकी आयात का लगभग दो-तिहाई हिस्सा कच्चे माल, कलपुर्जे या मशीनरी और उपकरणों के रूप में होता है। इनका उपयोग अमेरिकी कंपनियों द्वारा घरेलू उपभोग या निर्यात के लिए वस्तुओं के विनिर्माण में किया जाता है। बुधिया पैटन ग्रुप के प्रबंध निदेशक भी हैं। उन्होंने कहा, दोनों पक्ष परस्पर चर्चा करने और समाधान खोजने के लिए सहमत हुए हैं। जल्द से जल्द समाधान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि चूंकि दोनों देशों के बीच सहयोग के बड़े अवसर हैं, इसलिए 2030 तक 500 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य को हासिल करने के लिए आर्थिक भागीदारी को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत है।कुछ द्विपक्षीय व्यापार मुद्दों को हल करने और निपटाने के कदम से विकास के लिए एक अनुकूल आर्थिक माहौल तैयार होगा जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। डब्ल्यूटीओ में इन व्यापार असहमतियों को समाप्त करने का निर्णय एक बड़ा कदम है और यह सुनिश्चित करेगा कि दोनों देशों की कंपनियां अब आपसी विश्वास और भरोसे के साथ उन्नत स्तर पर व्यापार कर सकें। उन्होंने कहा कि एक बहुत ही प्रासंगिक और महत्वपूर्ण मुद्दा जिसे जल्द से जल्द निपटाने की जरूरत है, वह है भारतीय निर्यातकों को जीएसपी लाभ की बहाली।

## पेटीएम का जीएमवी जून तिमाही में 37% बढ़कर 4.05 लाख करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड के तहत सेवाएं देने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) में अप्रैल-जून की तिमाही में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 4.05 लाख करोड़ रहा है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीएमवी से आशय पेटीएम के मंच के जरिए दुकानदारों को आदि किए जाने वाले कुल भुगतान से है। इससे पिछले साल की जून तिमाही में पेटीएम का जीएमवी 2.96 लाख करोड़ रुपए था। कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा, ह्यह्यजून तिमाही में जीएमवी 4.05 लाख करोड़ रुपए (49.3 अरब डॉलर) रहा, जो सालाना आधार पर 37 प्रतिशत की वृद्धि है।" तिमाही के दौरान पेटीएम का ऋण वितरण ढाई गुना होकर 14,845 करोड़ रुपए हो गया।

## सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 66 अंक टूटा निफ्टी को भी हुआ नुकसान



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ खुले, पर मुनाफावसूली का सिलसिला चलने से बाद में नुकसान में आ गए। पिछले कुछ सत्रों से शेयर बाजार लगातार नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 44.19 अंक की बढ़त के साथ 65,523.24 अंक पर खुला। बाद में यह 105।28 अंक की बढ़त के साथ 65,584.33 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 20.4 अंक की तेजी के साथ 19,409.40 अंक पर खुला और बाद में 32.6 अंक की बढ़त के साथ 19,421।60 अंक पर पहुंच गया।हालांकि, सेंसेक्स और निफ्टी अपनी शुरूआत बढ़त को कायम नहीं रख पाए। बाद में सेंसेक्स 65.60 अंक के नुकसान के साथ 65,413.45 अंक पर आ गया। निफ्टी भी 16 अंक के नुकसान से 19,373 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, एलएंडटी, मारुति, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले के शेयर नुकसान में थे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बंद रहे थे। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में मजबूती तथा आयातकों की डॉलर मांग से बुधवार को शुरूआती कारोबार में रुपया सात पैसे टूटकर 82.08 प्रति डॉलर पर आ गया।

## वी ने बिहार और झारखण्ड में लॉन्च किया सुपर डे पैक

**रांची।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने बिहार और झारखण्ड में अनूठा सॉकेट डेटा पैक सुपर डे लॉन्च किया है। इसके साथ वी के प्रीपेड यूजर बिना किसी रूकावट के डेटा का इस्तेमाल जारी रख सकते हैं और अपनी जरूरत एवं पसंद की सभी एक्टिविटीज के साथ बेहतर अनुभव पा सकते हैं। किफायती दाम पर उपलब्ध, वी सुपर डे पैक मात्र रु 49 में 24 घण्टे के लिए 6 जीबी डेटा देता है। वी सुपर डे सॉकेट पैक खासतौर पर युवाओं एवं व्यस्कों के लिए डिजाइन किया गया है, जिनकी डेटा की जरूरत बहुत अधिक होती है। इसके साथ वी के प्रीपेड यूजर डेटा की चिंता किए बिना मुवीज देख सकते हैं, वीडियो स्ट्रीमिंग का लुत्फ उठा सकते हैं, म्युजिक सुन सकते हैं, गेम्स खेल सकते हैं और सर्फिंग, चैटिंग, काम या पढ़ाई कर सकते हैं। वी के उपभोक्ता वी सुपर डे का इस्तेमाल वी मुवीज एण्ड टीवी पर नई मुवीज और वीडियो देखने तथा गेम्स खेलने के लिए कर सकते हैं, इसी तरह वे वी ऐप पर वी म्युजिक पर अपने पसंदीदा संगीत का आनंद भी उठा सकते हैं। वी भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुकूल समाधान लाकर, उन्हें सभी संभावनाओं का लाभ उठाने में मदद कर, उनके आज और आने वाले कल को बेहतर बनाने के लिए तत्पर है। वी के यूजर वी ऐप/ वेबसाईट के जरिए या नजदीकी स्टोर पर जाकर वी सुपर डे पैक को रीचार्ज कर सकते हैं।

## एयर इंडिया-विस्तारा मर्जर पर सीसीआई की तलवार

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की विमानन कंपनी एयर इंडिया और विस्तारा के विलय को लेकर अहम सवाल अब प्रतिस्पर्धा को लेकर खड़ा हो गया है। हालांकि दोनों विमान कंपनियों ने सफाई दी है कि इस विलय से कॉम्पटीशन पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा क्योंकि विलय के बाद जिन रास्तों पर इनकी फ्लाइट्स होंगी, उनमें अधिकतर पर कॉम्पटीशन मौजूद है। टाटा सन्स की एयर इंडिया और विस्तारा ने कॉम्पटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (उउक) से ये बातें कही हैं। इसका खुलासा एक मीडिया रिपोर्ट से हुआ है। सीसीआई ने कुछ समय पहले दोनों विमानन कंपनियों को विलय को लेकर नोटिस भेजा था। इसमें पूछा गया था कि विलय का क्या असर होगा, इसे लेकर जांच क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए? प्रतिस्पर्धी कानून के मुताबिक सीसीआई के पास ये अधिकार है।

टॉप-10 लिस्ट में हो सकते हैं शामिल

# मुकेश अंबानी ने एक दिन में कमाए 19000 करोड़ रुपए



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एक बार फिर दुनिया के टॉप-10 अमीरों की लिस्ट में अपनी जगह वापस पा सकते हैं। दरअसल मुकेश अंबानी दुनिया के रईसों के प्रतिष्ठित ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में 13वें स्थान पर आ गए हैं और टॉप 10 में जगह बनाने के लिए उनको केवल 3 और उद्योगपतियों को पीछे छोड़ना होगा। एशिया के सबसे धनवान अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी को बीते 24 घंटे में जबरस्त फायदा हुआ है और उनकी नेटवर्थ में 2.35 अरब डॉलर या करीब 19,000 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला है। इसके दम पर उनकी कुल नेटवर्थ 90 अरब डॉलर से भी ज्यादा हो चुकी है और 90.6 अरब डॉलर पर आ चुकी है। इस पूरे साल की बात करें तो अभी तक मुकेश अंबानी को 3.46 अरब डॉलर का फायदा नेटवर्थ में देखने को मिला है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में मुकेश अंबानी का 13वां स्थान इस समय है और अब टॉप-10 में दोबारा एंट्री के लिए उन्हें केवल 3 और अरबपति कारोबारियों को पीछे छोड़ना होगा। इनके नाम हैं फ्रेंनकॉइस बेटनकोर्ट मेईर्स कार्लोस स्लिम और सर्गी ब्रिन. मुकेश अंबानी और इन तीनों उद्योगपतियों की दौलत के बीच का फासला काफी कम रह गया है जिससे ये उम्मीद बनी है कि जल्दी ही रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन इस टॉप-10 लिस्ट में दाखिल हो जाएंगे। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी जो एक समय दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स का दर्जा हासिल कर चुके थे, वो इस समय इस लिस्ट में 21वें स्थान पर हैं और टॉप-20 रईसों में भी नहीं हैं। गौतम अडानी 60.3 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में 21वें स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने इस साल अब तक 60.2 अरब डॉलर की दौलत गंवाई है जिसका कारण काफी हद तक अमेरिका की शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट रही जिसके चलते अडानी स्टॉक्स में इस साल भारी गिरावट आई।

**मुकेश अंबानी की कुल नेटवर्थ 90 अरब डॉलर से भी ज्यादा हो चुकी है और 90.6 अरब डॉलर पर आ चुकी है**

## विदेश

## गाजा पर दूसरे दिन इजराइली अटैक, 12 फिलिस्तीनियों की मौत

**तेल अवीव।** इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जेनिन शहर में 2 दिन से जारी तनाव के बाद मंगलवार को इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक से पीछे हटना शुरू कर दिया। सेना के 2 दिन के ऑपरेशन में करीब 12 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, वहीं 100 से ज्यादा घायल हुए हैं। इस रेड के दौरान एक इजराइली सैनिक की भी मौत हो गई। अल जजीरा ने बताया कि इजराइल के ऑपरेशन ने जेनिन में रिफ्यूजी कैंप को तबाह कर दिया। इलाके में मौजूद घर, सड़कों और कारों का मलबा हर जगह फैल गया। इसके बाद मंगलवार देर रात गाजा पट्टी से इजराइल पर मिसाइल फायर की गई। हमलों को देखते हुए सदर्न इजराइल में अलर्ट सायरन बजाया गया और आयरन डोम को एक्टीवेट कर दिया गया। इजराइली मिलिट्री ने गाजा से आए 5 रॉकेट को मार गिराने की पुष्टि की। इसके बाद सेना ने गाजा पट्टीऔर हमास के ठिकानों पर दोबारा एयरस्ट्राइक की।

## चीन में मूसलाधार बारिश व बाढ़ ने मचाया कहर

# 15 लोगों की हुई मौत

**एजेंसी। बीजिंग**

दक्षिण-पश्चिमी चीन के पहाड़ी इलाकों में मौसमी मूसलाधार बारिश के कारण मची तबाही से कम से कम 15 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्थानीय सरकार की वेबसाइट के अनुसार, 3.1 करोड़ की आबादी वाले विशाल पहाड़ी क्षेत्र चोंगकिंग में सुबह तक चार लोगों के लापता होने की खबर भी थी। देश के अन्य हिस्सों में भी कुछ ऐसे ही हालात हैं लेकिन चोंगकिंग में बाढ़ घातक प्रतीत हो रही है जहां से अब तक हजारों लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। रिपोर्ट ने बताया कि



दक्षिण-पश्चिमी प्रांत सिचुआन में, बाढ़ के कारण 85,000 से अधिक लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चोंगकिंग में बाढ़ की चेतावनी का स्तर चार से बढ़ाकर तीन कर दिया गया है, जो संकट की बढ़ती गंभीरता को दशार्ता है। सरकारी वेबसाइट पर पोस्ट की गई तस्वीरों में, बचाव दल नाव में सवार होकर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर ले जाते और कार्यकर्ता भूस्खलन से अवरुद्ध सड़कों को साफ करते नजर आ रहे हैं। हर साल चीन के बड़े हिस्से में मौसमी बाढ़ आती है, खासकर अर्ध-उष्णकटिबंधीय दक्षिण क्षेत्र में। इस वर्ष कुछ उत्तरी क्षेत्रों में भी 50 साल में सबसे भीषण बाढ़ की खबरें हैं। 2021 में मध्य प्रांत हेनान में वर्षा और बाढ़ संबंधी कारणों के चलते 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी । उसी वर्ष 20 जुलाई को प्रांतीय राजधानी झेंग्झोऊ में रिकॉर्ड बारिश हुई थी, जिससे सड़कें उफनती हुई नदियों में तब्दील हो गईं थीं और जगह-जगह पानी भर गया था।

## हांगकांग ने ऑस्ट्रेलिया में लोकतंत्र समर्थकों के खिलाफ वारंट जारी किया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले दो लोकतंत्र समर्थक कार्यकताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने को लेकर हांगकांग के अधिकारियों की बुधवार को आलोचना की। हांगकांग के नेता जॉन ली ने मंगलवार को कहा था कि आठ लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता जो अब अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं, उन पर कथित राष्ट्रीय सुरक्षा अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जाएगा। उन्होंने इन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के लिए उठाए गए कदम को खतरनाक बताए जाने वाली खबरों को भी खारिज किया। अल्बनीज ने कहा उनकी सरकार हांगकांग के अधिकारियों द्वारा ऑस्ट्रेलियाई नागरिक केविन याम और ऑस्ट्रेलियाई स्थायी निवासी टेड हुई के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को लेकर चिंतित है।

# पिता ने दो बेटियों की गोली मारकर की हत्या



**पेशावर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के कसूर जिले में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। यहां एक पिता ने अपनी दो बेटियों की गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक सईद नाम के एक शख्स ने हवेली नाथोवाली इलाके में अपनी दो बेटियों पर गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बेटियों की हत्या करने के बाद आरोपी पिता फरार हो गया है। पुलिस के मुताबिक, शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया और शख्स की तलाश जारी है। इसी तरह, इस हफ्ते की शुरूआत में भी ऐसी ही एक घटना घटी थी, जहां एक 12 साल के लड़के ने सम्मान के नाम पर अपनी मां की हत्या कर दी थी। न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना गुजरांवाला के सैटेलाइट शहर के पड़ोस में हुई। पुलिस ने एक बयान में बताया कि मृतका सड़क पर चल रही थी और लड़के ने उस पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसमें एक अन्य महिला घायल हो गई, जिसकी पहचान आरोपी की चाची के रूप में की गई।

सबक | एससीओ समिट में पाक को मोदी की खरी-खरी

# आतंकवाद से निपटने के लिए कार्रवाई जरूरी

**एजेंसी। वाशिंगटन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आतंकवाद को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा बताया और पाकिस्तान को परोक्ष संदर्भ में खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीतियों के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, आतंकवादियों को पनाह देते हैं और शंघाई सहयोग संगठन को ऐसे देशों की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई जरूरी है और ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल माध्यम से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आदि मौजूद थे। मोदी ने यह



भी कहा कि विवादों, तनाव और महामारी से घिरे विश्व में खाद्यान्न, ईंधन और उर्वरक संकट सभी देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है और हमें मिलकर यह विचार करना चाहिए कि क्या रउड एक ऐसा संगठन बन रहा है जो भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार है? आतंकवाद को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद चाहे किसी भी रूप में हो, किसी भी अभिव्यक्ति में हो, हमें इसके विरुद्ध मिलकर लड़ाई लड़नी होगी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बैठक में डिजिटल माध्यम से उपस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा , ह्यह्य कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीतियों के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, आतंकवादियों को पनाह देते हैं और एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए।" मोदी ने कहा, ह्यह्य ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। आतंक के वित्त पोषण से निपटने के लिए भी हमें आपसी सहयोग बढ़ाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि रउड सदस्य देशों के युवाओं के बीच कट्टरता के फैलाव को रोकने के लिए और सक्रिय रूप से कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथ के विषय में आज जारी संयुक्त बयान हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की प्रगति के लिए मजबूत सम्पर्क का होना बहुत ही आवश्यक है।

## कनाडा में 2 फीसदी प्रवासी भारतीय करते हैं खालिस्तान एजेंडे का समर्थन

**कनाडा।** कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियां कर रहे मुट्ठी भर खालिस्तान समर्थकों को लेकर एक सर्वेक्षण में बड़ा खुलासा हुआ है। असोसियेट टाइम्स द्वारा किए गए इस सर्वे में कहा गया है कि कनाडा में पंजाब से संबंध रखने वाले केवल 2 फीसदी भारतीय प्रवासी खालिस्तान एजेंडे का समर्थन करते हैं। जबकि 98 फीसदी लोगों का मानना है कि खालिस्तानी एजेंडे को भारत विरोधी तत्व हवा दे रहे हैं और उनका मकसद पंजाब में आम लोगों को परेशान करना है। सर्वेक्षण में उत्तरदाताओं ने यह भी कहा है कि खालिस्तान के नाम पर कनाडा में एकत्र किए गए धन का निजी स्वार्थों के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण ऐसे समय में आया है जब कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद खालिस्तानी समर्थक बौखलाए हुए हैं और 8 जुलाई को टोरंटो में भारतीय उच्चायोग के सामने प्रदर्शन कर माहौल को खराब करने की कोशिश करने वाले हैं। एसोसिएट्स टाइम्स सर्वेक्षण में कनाडा के ऐसे कई प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया है जहां पर बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय रहते हैं।

## पाकिस्तान की मंदी का असर सेना पर भी दिखी

# वर्ष के अंत तक युद्ध अभ्यास निलंबित

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

कंगाल पाकिस्तान की मंदी का असर अब देश की सेना पर पड़ने लगा है। फंड की कमी के चलते पाकिस्तान में सेना का ईंधन खत्म हो गया और सेना ने इस साल के अंत तक सभी सैन्य अभ्यास और युद्ध अभ्यास रद्द कर दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार पाक ने भारत के साथ युद्धविराम समझौता या सीमा पर अमन-चैन की बात ईंधन की कमी के कारण की है। यह स्पष्ट है कि अब दक्षिण एशियाई देश में राजनीतिक और आर्थिक उथल-पुथल ने पाकिस्तानी सेना को भी परेशान कर दिया है। सीमा पार से यूरेशियन टाइम्स द्वारा प्राप्त इंटेल रिपोर्ट से पता चला है कि पाकिस्तानी सेना के डीजी सैन्य प्रशिक्षण ने हाल ही में सभी फील्ड संरचनाओं और मुख्यालयों को दिसंबर तक सभी युद्ध खेलों को निलंबित करने के लिए एक पत्र जारी किया है। उद्धृत कारण आरक्षित ईंधन और स्नेहक की कमी है। सैन्य शब्दावली में, आरक्षित ईंधन युद्ध भंडार से भिन्न होता है। जबकि युद्ध भंडार कुछ दिनों या अवधि के



लिए युद्ध लड़ने के लिए आवश्यक हथियारों और ईंधन के लिए होते हैं, आरक्षित भंडार आम तौर पर घरेलू सैन्य अभ्यास और युद्ध अभ्यास के लिए होते हैं। बता दें कि पाकिस्तान में महंगाई चरम पर है और लोग अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से जूझ रहे हैं। आटे जैसी खाद्य सामग्री के लिए दंगे और मौतें हुई हैं.लेकिन एफओएल (ईंधन, तेल और स्नेहक) की कीमतों ने पाकिस्तानी सेना को सबसे ज्यादा परेशान किया है। पाकिस्तान में ईंधन की कीमतें पहले से ही 262 रुपए प्रति लीटर (पेट्रोल और डीजल) की अत्यधिक ऊंची हैं, जबकि केरोसिन तेल 164 रुपए है। ऐसे में, पाकिस्तानी सेना बख्तरबंद वाहन, सैन्य ट्रकों, टैंकों और अन्य बेड़े को चलाने के लिए आवश्यक आरक्षित ईंधन और अन्य आवश्यक स्नेहक नहीं खरीद सकती है। पाकिस्तानी सेना से संबंधित मामलों के दिल्ली के जाने-माने विशेषज्ञ, भारतीय सेना के कर्नल दानवीर सिंह (सेवानिवृत्त) कहते हैं, "एक पाकिस्तानी टी-80 टैंक प्रति किलोमीटर दो लीटर की खपत करता है।" यूरेशियन टाइम्स से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा, इसीलिए पाकिस्तान ने सभी बख्तरबंद और मशीनीकृत अभ्यास निलंबित कर दिए हैं।




## NEWS इन ब्रीफ


### सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ की अंतरिम सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2002 के गुजरात दंगों में कथित तौर पर झूठे सबूत गढ़ने से संबंधित एक मामले में कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की अंतरिम सुरक्षा की अवधि बढ़ा दी। जस्टिस बी.आर. गवई, ए.एस. बोपन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने गुजरात राज्य द्वारा स्थगन के अनुरोध के बाद नोटिस जारी करते हुए सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर आगे की सुनवाई 19 जुलाई को दोपहर 2 बजे तय की। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ गुजरात की तरफ से पेश हुए। उन्होंने ने कहा कि अदालत के समक्ष अतिरिक्त दस्तावेज और उनका अनुवाद दाखिल करने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता है।

### दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में वकीलों के बीच झड़प, चलीं गोलियां

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में बुधवार को वकीलों के दो समूह आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों गुटों ने हवा में फायरिंग की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि दोपहर करीब 1.35 बजे सब्जी मंडी पुलिस स्टेशन को सूचना मिली कि तीस हजारी अदालत परिसर में गोलीबारी की घटना हुई है। डीसीपी ने कहा, जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि तीस हजारी कोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित वकीलों के दो समूहों ने कथित तौर पर हवा में फायरिंग की जिसमें कोई घायल नहीं हुआ।

# अजित बने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, शरद पवार को हटाया



**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में गरमाई सियासत के बीच बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दोनों गुटों ने बुधवार को अलग-अलग बैठक कर शक्ति प्रदर्शन किया। इन बैठकों के बाद अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग के सामने बड़ा दावा किया है। इसमें शरद पवार की जगह अजित पवार को एनसीपी का अध्यक्ष बनाने का दावा किया गया है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बांद्रा स्थित एमईटी कालेज में अपने समर्थक विधायकों व पदाधिकारियों की बैठक बुलाई। इस बैठक में राकांपा के 32 विधायक उपस्थित थे। इसी तरह शरद पवार के गुट की ओर से नरीमन पाईंट स्थित यशवंत राव चव्हाण प्रतिष्ठान में बैठक बुलाई गई। इस बैठक में राकांपा के 16 विधायक उपस्थित थे। राकांपा के कुल 53 विधायकों में से एक नवाब मलिक इस समय जेल में हैं और 4 विधायक तटस्थ रहे। इन चारों ने किसी भी बैठक में जाने से परहेज किया। बैठक के बाद अजीत पवार 32 विधायकों को लेकर होटल ताज लैंड में पहुंचे हैं। इन सभी विधायकों को अजीत पवार ने होटल में सुरक्षित रखा है। होटल में अजीत पवार, छगन भुजबल आदि नेता खुद भी मौजूद हैं। इस बैठक में अजीत पवार ने कहा कि राकांपा में उनके साथ हमेशा अन्याय हुआ। चार बार मुख्यमंत्री बनने का मौका आया, लेकिन नेतृत्व ने उन्हें मुख्यमंत्री बनने नहीं दिया। अजीत पवार ने कहा कि शरद पवार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, फिर अचानक अपना इस्तीफा वापस ले लिया। यह किस तरह की पद्धति है। साथ ही अजीत पवार ने कहा कि वे सुप्रिया सुले को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के लिए तैयार थे। शरद पवार ने अपने समर्थकों की बैठक में कहा कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ा तो कांग्रेस पार्टी की संपत्ति पर हक नहीं जताया था। शरद पवार ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस समय गैर भाजपा सरकारों और समर्थकों को तोड़ने का काम किया जा रहा है, लेकिन अब तक का इतिहास है कि जो भाजपा के साथ गया, खत्म हो गया। शरद पवार ने कहा कि छगन भुजबल उनसे कह कर गए कि क्या हो रहा है, देखकर आता हूं और उन्होंने मंत्री पद की शपथ ले ली। दोनों गुटों की बैठक के बाद अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग के सामने बड़ा दावा किया है। इसमें शरद पवार की जगह अजित पवार को एनसीपी का अध्यक्ष बनाने का दावा किया गया है।

### पार्टी पर दावे के लिए निर्वाचन आयोग पहुंचे अजित

**राकांपा** में दो-फाड़ के कुछ दिन बाद अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट ने बुधवार को पार्टी और पार्टी के घड़ी चुनाव चिह्न पर दावा करते हुए भारतीय निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा-एकनाथ शिंदे सरकार में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले अजित पवार ने पोल पैनल से संपर्क किया है। सूत्र ने कहा कि चुनाव आयोग को 30 जून को अजित पवार द्वारा प्रतीक आदेश, 1968 के पैरा 15 के तहत एक याचिका प्राप्त हुई है। इसके बाद 30 जून को ही सांसदों/विधायकों/एमएलसी के 40 से ज्यादा हलफनामे (5 जुलाई को) आयोग में प्राप्त हुए। एक प्रस्ताव भी प्राप्त हुआ है जिस पर कोई तारीख नहीं है। इसमें सर्वसम्मति से अजित पवार को राकांपा का अध्यक्ष चुना गया है।

# 2024 में केंद्र की भाजपा सरकार को उखाड़कर फेकेंगे : लालू यादव

**एजेंसी। पटना।**

राष्ट्रीय जनता दल के 27 वें स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा कि हम लोग फूल माला बेचकर जी लेंगे। मुकदमा, मुकदमा, मुकदमा करो। सिर्फ यही हो रहा है। 2024 में केंद्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेंगे। कार्यक्रम में लालू यादव ने भोजपुरी में भाषण दिया। उन्होंने महंगाई पर चर्चा की और कहा कि देश में आपसी भाईचारे को खराब किया जा रहा है। लालू यादव ने कहा कि 17 पार्टियों के बड़े नेताओं की नीतीश कुमार के आवास पर बैठक हुई है उससे मोदी सरकार घबरा गई है। 2024 में इसे हम सब मिलकर उखाड़ फेंकेंगे। राजद कार्यालय में स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसको लेकर भव्य तैयारी की गई है। 5 जुलाई 1997 को राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना की गई थी। 1997 से लालू प्रसाद यादव लगातार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। पार्टी कार्यालय को सजाया गया है। पार्टी



ने पटना के कई चौक-चौराहों पर तोरण द्वार लगाए हैं। कई जगहों पर पोस्टर लगाए गए हैं। इससे पहले डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भाजपा को जमकर प्रहार किया। उन्होंने राजद कार्यकताओं और समर्थकों को पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने का आह्वान किया है। तेजस्वी ने इसी बहाने भाजपा और मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए देशहित में भाजपा को हराने की अपील की। उन्होंने अपने ट्विटर पर लिखा, आप सभी प्रिय साथियों को राष्ट्रीय जनता दल के 27वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। तेजस्वी ने आगे लिखा, निरंतर 26 वर्षों से मिल रहे आपके अपार सहयोग, अखंड विश्वास और अटूट प्रेम के हम सभी आभारी है। अंबेडकर, गांधी, लोहिया, कपूर्री और लालू जी के समाजवादी विचारों पर चलते हुए कार्यकताओं की मेहनत और जनता के विश्वास ने राजद को प्रदेश में लगातार नंबर वन पार्टी बनाया है। आइए, इस स्थापना दिवस पर हम संकल्प लें कि देश की वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए एकजुट होकर 9 वर्षों से केंद्र में बैठी किसान, युवा, छात्र, महिला, कर्मचारी, व्यापारी और संविधान विरोधी तानाशाही बीजेपी सरकार को बदलेंगे। इस दौरान तेजस्वी ने अपने पिता की तारीफ करते हुए लिखा, आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की रहनुमाई में हम वंचितों, उपेक्षितों, गरीबों, किसानों, कर्मचारियों और युवाओं के हितों के लिए निरंतर संघर्ष कर एक विकसित, खुशहाल एवं शांतिप्रिय समाज का निर्माण करेंगे।

# पीएम 7-8 को 4 राज्यों का करेंगे दौरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री 7 और 8 जुलाई को चार राज्यों का दौरा करेंगे। वह 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश जाएंगे। 8 जुलाई को प्रधानमंत्री तेलंगाना और राजस्थान में रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री रायपुर, गोरखपुर, वाराणसी, वारंगल और बीकानेर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और लगभग 50,000 करोड़ रुपये की 50 परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी पीएमओ ने बुधवार को दी। प्रधानमंत्री 7 जुलाई को सुबह करीब 10:45 बजे छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और कुछ परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर करीब 2:30 बजे उत्तर प्रदेश के गोरखपुर पहुंचेंगे, जहां वह गीता प्रेस गोरखपुर के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद शाम करीब 5 बजे प्रधानमंत्री वाराणसी पहुंचेंगे, जहां वह एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वह कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे और कुछ परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएमओ के अनुसार प्रधानमंत्री 8 जुलाई को सुबह करीब 10:45 बजे तेलंगाना के वारंगल पहुंचेंगे और एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# एलसीए तेजस हथियारों का करेगा परीक्षण शुरू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए इस साल के अंत तक हथियारों का परीक्षण शुरू कर देगा। श्रीनगर स्थित वायु सेना की 51 नंबर स्क्वाड्रन (स्वॉर्ड आर्म्स) को अगले साल से तेजस एमके-1ए विमान मिलने लगेंगे। वायु सेना की पश्चिमी कमान के अधीन इसी स्क्वाड्रन से 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान लड़ाकू विमानों को पाकिस्तानी विमानों की घुसपैठ को रोकने के लिए तैनात किया गया था। विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान यहीं से मिग-21 में उड़ान भरकर पाकिस्तान के 'मेहमान' बने थे। बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान 03 फरवरी, 2021 को रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ स्वदेशी सैन्य उड्डयन सेवा में अब तक का सबसे बड़ा सौदा करके 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट की डील फाइनल की थी। वायु सेना को फरवरी, 2024 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से पहला लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-1ए मिलेगा। श्रीनगर स्थित स्वॉर्ड आर्म्स स्क्वाड्रन तेजस एमके-1ए प्राप्त करने वाली पहली स्क्वाड्रन होगी। अभी तक यह स्क्वाड्रन मिग विमानों का ठिकाना है, जिन्हें तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद सेवा से विदाई दी जानी है। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में डिजिटल रडार चेतावनी रिसीवर, एक बाहरी ईसीएम पॉड, एक आत्मसुरक्षा जैमर, एईएसए रडार, रखरखाव में आसानी और एवियोनिक्स, वायुगतिकी, रडार में सुधार किया गया है। इसमें उन्नत शॉर्ट रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (एएसआरएएम) और एस्ट्रा एमके-1 एयर टू एयर मिसाइल लगाईं जाएंगी। तेजस एमके-1 ए के 20 विमान प्रति वर्ष वायुसेना को मिलेंगे।

# अग्निवीर की ट्रेनिंग के दौरान हाथ या पैर टूटने पर नहीं दिया जा रहा हर्जाना

### अभी तक इस तरह 15 अग्निवीरों को निकाला जा चुका है

**आरएनएम। नई दिल्ली**

सेना में भर्ती होने वाले अफसरों को भी शुरूआती प्रशिक्षण के दौरान अपंग होने पर उनको बिना कोई भुगतान किए निकाल दिया जाता रहा है। जबकि कोई आईएएस अफसर प्रशिक्षण के दौरान अपंग हुआ तो उसको सब कुछ दिया जाता है। इस भेद भाव के विरुद्ध 2004 से 2009 तक सांसद रहते हर्षवर्धन सिंह ने संसद में लगातार उठाया था। सरकार को पत्र लिखा था । प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री से मिलकर पत्र दिए थे। उनके रहते तो इस पर कुछ नहीं हुआ था। अब तो वह हैं नहीं । उसी तर्ज.पर अग्निवीरों के साथ भी भेदभाव किया जा रहा है। हाल ही में एक वाकया सामने आया है । बिहार के रितेश बहुत मेहनत के बाद अग्निवीर में भर्ती हुए। लेकिन ट्रेनिंग के दौरान उनके दोनों पैर टूट जाने के कारण उनको आर्मी से घर वापस भेज दिया गया। इसके बाद से सेना की इस पॉलिसी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि भारतीय सेना में अग्निवीर बनने की ट्रेनिंग के दौरान यदि कोई जख्मी हो जाए और डॉक्टर 30 दिन की मेडिकल लीव पर भेज दें, तो उनका सेना में शामिल होने का सपना ही टूट जाता है। रितेश की आर्टिलरी सेंटर में ट्रेनिंग शुरू हुई। ट्रेनिंग के दौरान उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हुआ तो डॉक्टर ने मेडिकल लीव पर भेज दिया। वापस आकर फिर रितेश ने 7 हफ्ते और ट्रेनिंग ली, लेकिन कुछ दिन पहले उन्हें डिस्चार्ज लेटर पकड़ा दिया गया। यानी उन्हें सेना से बाहर कर घर भेज दिया। हिमाचल प्रदेश के रहने वाले मोहन सिंह को भी कंधे में फ्रैक्चर के बाद मेडिकल लीव पर भेजा गया था। जब उनकी ट्रेनिंग पूरी होने वाली थी और कसम परेड में दो दिन ही बचे थे तो उन्हें भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। सिर्फ आर्टिलरी सेंटर में ही ट्रेनिंग कर रहे अग्निवीरों में से 15 से ज्यादा अग्नि वीरों को इसी वजह से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने सुकन्या मंडल की बेल याचिका पर मांगा जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को करोड़ों रुपये के पशु तस्करी मामले से संबंधित धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार सुकन्या मंडल की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता अनुब्रत मंडल की बेटी की जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया और मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। सुकन्या ने उसकी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के 1 जून के आदेश को चुनौती दी है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने मामले को 9 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है, जब सुकन्या की एक अन्य याचिका भी सूचीबद्ध है जिसमें ईडी की शिकायत और मामले से संबंधित सभी बाद की कार्यवाही को खारिज करने की मांग वाली याचिका को रद्द करने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान, आरोपी की ओर से पेश वकील अमित कुमार ने कहा कि वह 31 साल की एक 'युवा महिला' है और ट्रायल कोर्ट ने तथ्यों और प्रासंगिक कानून को सही परिप्रेक्ष्य में स्वीकार किए बिना उनकी जमानत से इनकार कर दिया। सुकन्या की याचिका में दावा किया गया है कि वह निर्दोष है और उन्हें फंसाया गया है। उसकी हिरासत की अब कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि जांच एजेंसी अपनी जांच पूरी कर चुकी है और पहले ही उसके लिए पूरक शिकायत दर्ज कर चुकी है।




### विद्या ने 'नीयत' में 'नॉट सो क्लासिक जासूस' का किरदार निभाया



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस विद्या बालन अपकमिंग मर्डर-मिस्ट्री फिल्म 'नीयत' के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक्ट्रेस ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बताते हुए कहा कि उनका रोल किसी भी अन्य जासूस से बेहद अलग है। यह क्लासिक जासूस नहीं हैं। इस फिल्म में विद्या ने मीरा राव नामक एक सीबीआई अधिकारी की भूमिका निभाई है, जो अरबपति आशीष कपूर (राम कपूर द्वारा अभिनीत) की आत्महत्या की जांच करती है। जांच के दौरान उसे पता चलता है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या का मामला है। फिल्म में अपने रोल के बारे में बात करते हुए विद्या ने मीडिया से कहा, मीरा राव किसी क्लासिक मर्डर मिस्ट्री में क्लासिक जासूस नहीं हैं।

### राम चरण की बहन निहारिका कोनिडेला ने की चैतन्य से तलाक की घोषणा



**एक्ट्रेस** निहारिका कोनिडेला, जो दिग्गज सितारे चिरंजीवी और पवन कल्याण की भतीजी हैं, ने बुधवार को शादी के दो साल बाद व्यवसायी-पति चैतन्य जोनलगड्डा से तलाक की घोषणा की। सोशल मीडिया पर महीनों तक चली अफवाहों के बाद सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए निहारिका, जो अभिनेता राम चरण की चचेरी बहन हैं, ने इंस्टाग्राम पर चैतन्य से अलग होने की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने बयान में लिखा, चैतन्य और मैंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है। हम आपसे दया और संवेदनशीलता की उम्मीद करते हैं। मेरा साथ देने के लिए मेरे परिवार और दोस्तों का शुक्रिया।

### नेटफ्लिक्स मिस्ट्री थ्रिलर 'दो पत्ती' में काजोल और कृति सेनन आएंगी एक साथ नजर




**बॉलीवुड** स्टार काजोल और कृति सेनन स्ट्रीमिंग जायंट नेटफ्लिक्स इंडिया की मिस्ट्री थ्रिलर ओरिजिनल फिल्म 'दो पत्ती' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। काजोल ने कहा, स्ट्रीमिंग पर आने का अवसर वास्तव में रोमांचक रहा है क्योंकि यह हमें अज्ञात क्षेत्रों में प्रवेश करने और दुनिया भर के दर्शकों के लिए मनोरम कहानियां पेश करने की अनुमति देता है। काजोल ने कहा कि 'दो पत्ती' की स्क्रिप्ट बेहतरीन है जो रोमांच और रहस्य के अनूठे मिश्रण का वादा करती है। उन्होंने आगे कहा, यह एक ऐसी कहानी है जो न केवल भारत में निहित है, बल्कि उस रोमांच का भी वादा करती है जिसका आनंद सीमाओं के पार मनोरंजन के शौकीन लोग ले सकते हैं। वेरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कृति और लेखिका कनिका ढिल्लों का प्रोडक्शन डेब्यू है। कृति का कहना है कि 'दो पत्ती' उनके दिल में बहुत खास जगह रखती है क्योंकि यह उनके प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स के साथ निमार्ता के रूप में उनकी पहली फिल्म है।

**मिशन** चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग तैयारियां अंतिम चरणों में

# लैंडर-रोवर 13 चंद्रमा पर होंगे रवाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**




इसरो के बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग को लेकर तैयारियां अंतिम चरणों में हैं। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर रॉकेट एलवीएम-3 के साथ 13 जुलाई को चंद्रमा पर रवाना होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चंद्रयान-3 लैंडर को आज इसरो श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र में हेवी लॉन्च रॉकेट पर असेंबल किया गया। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को वही नाम देने का फैसला किया है, जो चंद्रयान-2 के लैंडर और रोवर के नाम थे। चंद्रयान-2 के बाद इस मिशन को चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग की क्षमता की जांच के लिए भेजा जा रहा है। चंद्रयान-2 मिशन आखिरी चरण में विफल हो गया था। उसका लैंडर पृथ्वी की सतह से झटके के साथ टकराया था, जिसके बाद पृथ्वी के नियंत्रण कक्ष से उसका संपर्क टूट गया था। चंद्रयान-3 को उसी अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए भेजा जा रहा है। इसमें लैंडर के चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद उसमें से रोवर निकलेगा और सतह पर चक्कर लगाएगा। लैंडर का नाम विक्रम होगा जो भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है और रोवर का नाम प्रज्ञान होगा। चंद्रयान-2 के लैंडर और रोवर के भी यही नाम रखे गए थे। इसरो अधिकारियों के मुताबिक चंद्रयान-2 मिशन फेल होने के बाद का ही अगला प्रोजेक्ट चंद्रयान-3 है, जो चंद्रमा की सतह पर उतरेगा और परीक्षण करेगा। यह चंद्रयान-2 की तरह ही दिखेगा, लेकिन चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। मिशन की सफलता के लिए नए उपकरण बनाए गए हैं, एल्गोरिदम को बेहतर किया गया है। चंद्रयान-2 मिशन जिस वजह से असफल हुआ था, उन पर इस प्रोजेक्ट में फोकस किया गया है। चंद्रयान-3 को लॉन्च करने का ऐलान चंद्रयान-2 के लैंडर-रोवर के दुर्घटनाग्रस्त होने के चार साल बाद हुआ है। चंद्रयान-3 मिशन के जुलाई में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रमा के उस हिस्से तक लॉन्च होने की उम्मीद है, जिसे डार्क साइड ऑफ मून कहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह हिस्सा पृथ्वी के सामने नहीं आता। चंद्रयान -3 का उद्देश्य चंद्र सतह पर एक सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग और रोविंग क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। चंद्रयान-3 को एक लैंडर, एक रोवर और एक प्रणोदन मॉड्यूल को मिलाकर बनाया गया है, जिसका कुल वजन 3,900 किलोग्राम है। अकेले प्रणोदन मॉड्यूल का वजन 2,148 किलोग्राम है जो लैंडर और रोवर को 100 किलोमीटर की चंद्र कक्षा में ले जाएगा।